

प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिलों से प्राप्त खबरें

( 5जुलाई 2025 )



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बालोतरा

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

# पादरू में 100 करोड़ की ग्रामीण परिवर्तन पहल का शुभारंभ आज, 1 लाख बच्चे होंगे लाभांवित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बालोतरा. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। वे जिले के पादरू ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करने के साथ-साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण (बीडीइटी) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सीएम के साथ सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### युवाओं-किसानों के लिए काम करेगा केंद्र

सीएम की ओर से मोतिलाल ओसवाल फाउंडेशन की ओर से 100 करोड़ रुपए की महत्त्वाकांक्षी ग्रामीण परिवर्तन पहल का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अंसीदेवी गोपीलाल ओसवाल कौशल एवं कृषि विकास संस्थान का भूमिपूजन भी होगा। यह संस्थान 87 बीघा भूमि में फैला एक अत्याधुनिक ग्रामीण विकास केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो स्थानीय युवाओं, किसानों एवं विद्यार्थियों के लिए सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

इस पांच वर्षीय परिवर्तनकारी पहल के तहत शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण तथा एग्रीटेक सहयोग के माध्यम से क्षेत्र के 1 लाख से अधिक बच्चों, 5 हजार युवाओं और 25 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इससे 400 से अधिक स्थानीय रोजगार अवसरों का भी सृजन होगा। इस पहल में रॉकेट लर्निंग, एजुकेट गर्ल्स, मुस्कान ड्रीम्स और लाइटहाउस कम्युनिटीज फाउंडेशन जैसी संस्थाए साझेदार के रूप में कार्य करेंगी। ऐसे में मोतिलाल ओसवाल फाउंडेशन की इस पहल से बालोतरा क्षेत्र में शिक्षा और आर्थिक विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

Scanned with CamScanner

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत स्कूलों में स्वच्छ वातावरण बनाने पर जोर

# अंत्योदय शिविरों में योजनाओं के लाभ के साथ ही विद्यालयों में भी चला रहे स्वच्छता अभियान

भास्कर न्यूज | बालोतरा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल जनकल्याणकारी योजनाओं के वितरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव ला रहा है। पखवाड़े के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में स्कूलों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण किया जा रहा है, जिसके तहत जर्जर एवं अनुपयोगी सामान का निस्तारण किया जा रहा है और मूलभूत सुविधाओं को क्रियाशील बनाया जा रहा है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण माहौल मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी रामवतार रावत ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत स्कूलों को साफ एवं सुंदर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल परिसर में अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण करते हुए स्कूलों को विद्यार्थियों के लिए अधिक आकर्षक बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिन स्कूलों में वर्षों से जर्जर व अनुपयोगी सामान जमा था, उनका युद्धस्तर पर निस्तारण किया जा रहा है। इससे न केवल परिसर स्वच्छ हो रहा है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए खेलने और सीखने का अधिक स्थान भी उपलब्ध हो रहा है। स्कूल में उपलब्ध फर्नीचर की मरम्मत की जा रही है और जहां आवश्यक है, नए फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है ताकि बच्चे आराम से बैठकर पढ़ाई कर सकें। खराब पड़े पंखों को सही किया जा रहा है। इसके साथ ही ब्लैक बोर्ड की मरम्मत की जा रही है और उन्हें साफ-सुथरा बनाया जा रहा है ताकि शिक्षक बेहतर ढंग से पढ़ा सकें।



दूदवा . अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण।

**दूदवा |** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को दूदवा में शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान आपसी सहमति से बंटवारा, स्वामित्व पट्टा वितरण, नामांतरण, मृदा परीक्षण संग्रहण, खाद्य सुरक्षा से स्वेच्छा से नाम हटाए जाने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल, शिविर प्रभारी दीपाराम, पटवारी किशनलाल, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, भजनाराम जाणी, सरपंच प्रतिनिधि खेतसिंह दहिया, जोधाराम प्रजापत, अशोक जोशी, कमल प्रजापत, लूणाराम प्रजापत आदि मौजूद रहे।

**हीरा की ढाणी |** ग्राम पंचायत धन्नुजा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की परिवेदनाओं का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार बाबूलाल मीणा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाना और समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने बताया कि राजस्व, पंचायत, कृषि, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, बिजली, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी।

## अंत्योदय शिविर का संभागीय आयुक्त ने किया निरीक्षण



पाटोदी. शिविर में जानकारी लेते संभागीय आयुक्त।

**पाटोदी |** पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाखरसर में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। सिंह ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। संभागीय आयुक्त ने लाभार्थियों से बातचीत की और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं राजस्व अभिलेख शुद्धि प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया। इस दौरान तहसीलदार सुरेश बिश्नोई, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु कुमार लोहिया, प्रशासक मिसरों बानो, ग्राम विकास अधिकारी मगसिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# रैली निकाली, सरकारी स्कूल में प्रवेश का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**समदड़ी.** राजकीय बालिका वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मजल में प्रवेशोत्सव रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य भूरचंद मीणा ने बताया कि रैली विद्यालय के कैचमेंट एरिया, बस स्टैंड, आम चौहटा, आखरिया और देवनगर क्षेत्रों में



निकाली गई, जिसमें आमजन को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश के प्रति जागरूक किया गया। रैली में बालिकाओं ने हम पढ़ेंगे, आगे बढ़ेंगे, जयतु जयतु संस्कृत भाषा, वदतु वदतु संस्कृत भाषा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियां पढ़ेंगी, आगे बढ़ेंगी जैसे प्रेरणादायक नारे लगाकर समाज को शिक्षा के महत्व का संदेश दिया।

Scanned with CamScanner

# जिला प्रभारी मंत्री कुमावत आज रहेंगे जिले के दौरे पर

बालोतरा | जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री कुमावत शनिवार सुबह 10.30 बजे पादरू पहुंचेंगे। जहां वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करने के साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम पश्चात वे दोपहर 1.30 बजे सुमेरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with CamScanner

# मुख्यमंत्री शर्मा और सिक्किम के राज्यपाल माथुर आज पादरू आएंगे

भास्कर न्यूज | बालोतरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के शनिवार को पादरू दौरे पर रहेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह 9.25 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे पादरू पहुंचेंगे। जहां वे ग्राम पंचायत पादरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके साथ एजुकेट गर्ल्स संस्था एवं मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे।

जनसभा कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की ओर से विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। आमजन की सुरक्षा, सुगम आवागमन व यातायात नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए तीन पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है।

एसपी अमित जैन ने बताया कि जनसभा स्थल के पास किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। अलग-अलग मार्गों से आने वाले वाहनों को बैरिकेडिंग कर रोका जाएगा और उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थलों की ओर मार्ग निर्देशित किया जाएगा।

जनसभा स्थल के पास किसी भी वाहन की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। सभी आगंतुकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की गई है। प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि ट्रैफिक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों/ कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करें, ट्रैफिक बाधित न करें।

## आज ऐसे रहेगी बालोतरा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

एसपी ने बताया कि पादरू, बालोतरा, सिणधरी से आने वाले वाहनों के लिए राजकीय प्राथमिक रेलों की सराय स्कूल के पास, ताण्डाबेरा, सिवाना, धारणा, इंद्राणा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए तांडा बेरा रोड (मेघवाल समाज श्मशान के सामने) तथा कुंडल, सिवाना, समदड़ी, जालोर से आने वाले वाहनों के लिए धारणा रोड, सरकारी फल-सब्जी मंडी चारदीवारी के पीछे, नेनाराम सुथार के खेत के अंदर पार्किंग व्यवस्था की गई है।

Scanned with CamScanner

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अभियान शिविर आयोजित

गिड़ा | ग्राम पंचायत जागराम की ढाणी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर में तथा पूर्व में ग्राम पंचायत लापूंदड़ा में आयोजित शिविर में समस्त ग्रामवासी ब्रह्मनगर ने प्रार्थना पत्र पेश कर तहसीलदार गिड़ा के समक्ष समाधि ब्राह्मणों की ढाणी जाने के लिए उपलब्ध रास्ता खुलवाने की मांग की। इस पर तहसीलदार किशनसिंह ने तुरंत अवरुद्ध रास्ता खुलवाने के लिए मौके पर पहुंचे।

उक्त रास्ता परिवादी पेमाराम, नाथूराम व संतोष देवी के साथ उपसरपंच गेमाराम मौजीज व्यक्ति सवाईराम, पूर्व सरपंच दुर्गाराम लेगा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सगुंडसिंह, भू.अ.नि. खेताराम, पटवारी मनोज कुमार के साथ कंवराराम, मोतीराम सहित तमाम मौतबिरान के रूबरू रास्ते के चारों ओर स्थित ब्राह्मण परिवार के खेतों के काश्तकारों को समझाइश कर रास्ता खुलवाया। ग्रामवासियों ने लंबे समय से चले आ रहे विवाद की समाप्ति व रास्ता खुलवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamScanner

# शिविर में चिकित्सकों ने परामर्श के साथ बनाए दिव्यांग प्रमाण पत्र



बालोतरा . नाहटा अस्पताल परिसर में शिविर के दौरान परामर्श देते डॉक्टर।

भास्कर न्यूज | बालोतरा

शहर के राजकीय नाहटा जिला चिकित्सालय के बैठक हॉल में शुक्रवार सुबह 11.30 बजे से दिव्यांगजनों के लंबित विकलांगता प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए शिविर आयोजित हुआ। शिविर में डॉ. रामेश्वरलाल सुथार नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 83, डॉ. विजय कुमार नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ ने 87 एवं डॉ. कमलेश कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ ने 52 दिव्यांगों की दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने के लिए आवश्यक जांच की गई एवं उचित परामर्श दिया गया।

Scanned with CamScanner

# संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने किया अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन



**मरुलहर न्यूज**

बालोतरा। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत भाखरसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन किया।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से उन्होंने विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इस दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने लाभार्थियों से बातचीत की और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं राजस्व अभिलेख शुद्धि प्रमाण पत्र प्रदान किए। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर तहसीलदार सुरेश कुमार विश्नोई, सरपंच मिसरो बानो एवं ग्राम विकास अधिकारी मगसिंह मौजूदगी में सभी अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त को शिविर की प्रगति और स्थानीय आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। संभागीय आयुक्त ने शिविर के सफल आयोजन और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ पर संतोष व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

# सिक्किम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर आज बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे

**मरुलहर न्यूज**

**बालोतरा।** सिक्किम राज्य के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर शनिवार, 05 जुलाई को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री ओम प्रकाश माथुर शनिवार, 05 जुलाई को प्रातः 9.25 जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे पादरू पहुंचेंगे। यहां वे मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे दोपहर 12.45 बजे पादरू से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with CamScanner

# मुख्यमंत्री आज रहेगें बालोतरा जिले के दौरे पर

**मरुलहर न्यूज**

**बालोतरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार, 05 जुलाई को बालोतरा जिले दौरे पर रहेगें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 3 / 4 शर्मा 05 जुलाई, शनिवार को प्रातः 09.25 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रा. 11 बजे पादरू पहुचेगें।

जहां वे ग्राम पंचायत पादरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेगें। इसके साथ एजुकेट गर्ल्स संथा एवं मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेगें। कार्यक्रम पश्चात वे दोपहर 12.30 बजे जोधपुर के लिए प्रस्थान करेगें।

Scanned with CamScanner

# जिला प्रभारी मंत्री कुमावत आज रहेंगे जिले के दौरे पर

**बालोतरा।** जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत शनिवार को प्रातः 10.30 बजे पादरू पहुंचेंगे।

जहां वे मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करने के साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## नाम परिवर्तन

मै पृथ्वीराज जांगिड़ पुत्र श्री आलाराम जांगिड़ जाति जांगिड़ निवासी इन्द्रा कॉलोनी, तहसील/जिला बाड़मेर। कि मै अब अपना नाम PRATHVI RAJ S/O ALA RAM JANGID' से बदल कर PRATHVI RAJ JANGID SIO AALA RAM JANGID' रखना चाहता हूँ। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाय।

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# विद्यालयों में स्वच्छता अभियान से स्वच्छ वातावरण से शिक्षण को प्रोत्साहन



## विद्यालयों से अनुपयोगी सामान का निस्तारण जारी

मरुलहर न्यूज

**बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल जनकल्याणकारी योजनाओं के वितरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव ला रहा है। पखवाड़े के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण किया जा रहा है, जिसके तहत जर्जर एवं अनुपयोगी सामान का निस्तारण किया जा रहा है और मूलभूत सुविधाओं को क्रियाशील बनाया जा रहा है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण माहौल मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी रामवतार रावल ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विद्यालायों को साफ एवं सुन्दर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण करते हुए विद्यालयों को विद्यार्थियों के लिए अधिक आकर्षक बनाने का कार्य किया जा रहा हे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस पहल से विद्यालयों का रूप बदल रहा है, जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति और सीखने की प्रक्रिया पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ और सुविधा संपन्न वातावरण बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करता है और उनकी पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है।

### स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ शिक्षा की मूल भावना के साथ विद्यालयों में चल रहा स्वच्छता अभियान

उन्होने बताया कि अभियान के तहत विद्यालयों में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिन विद्यालयों में वर्षों से जर्जर और अनुपयोगी सामान (जैसे पुराने डेस्क, टूटी कुर्सियां, कबाड़, आदि) जमा था, उनका युद्धस्तर पर निस्तारण किया जा रहा है। इससे न केवल परिसर स्वच्छ हो रहा है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए खेलने और सीखने का अधिक स्थान भी उपलब्ध हो रहा है।

### मूलभूत सुविधाएं बन रहीं क्रियाशील

अभियान के तहत विद्यालयों में जल, बिजली, फर्नीचर, पंखे और बोर्ड जैसी आवश्यक सुविधाओं को क्रियाशील बनाया जा रहा है। विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है साथ ही बिजली कनेक्शन और वायरिंग की जांच कर उसे सुरक्षित और कार्यशील बनाया जा रहा है ताकि बच्चों को पर्याप्त रोशनी मिल सके।

विद्यालय में उपलब्ध फर्नीचर की मरम्मत की जा रही है और जहां आवश्यक है, नए फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है ताकि बच्चे आराम से बैठकर पढ़ाई कर सकें। खराब पड़े पंखों को सही किया जा रहा है। इसके साि ब्लैक बोर्ड की मरम्मत की जा रही है और उन्हें साफ-सुथरा बनाया जा रहा है ताकि शिक्षक बेहतर ढंग से पढ़ा सकें।

Scanned with CamScanner

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे

नवज्योति/बालोतरा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार 05 जुलाई को बालोतरा जिले दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 05 जुलाई शनिवार को प्रातः 09.25 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे पादरू पहुंचेंगे। जहां वे ग्राम पंचायत पादरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके साथ एजुकेट गर्ल्स संथा एवं मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 12.30 बजे जोधपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with CamScanner

# सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर आज जिले के दौरे पर रहेंगे

नवज्योति/बालोतरा।

सिक्किम राज्य के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर शनिवार 05 जुलाई को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर शनिवार 05 जुलाई को प्रातः 9.25 जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे पादरू पहुंचेंगे। यहां वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 12.45 बजे पादरू से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with CamScanner

# जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत आज रहेंगे जिले के दौरे पर

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत शनिवार को प्रातः 10.30 बजे पादरू पहुंचेंगे। जहां वे मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करने के साथ बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तिकरण शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम पश्चात वे दोपहर 1.30 बजे सुमेरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with CamScanner

# संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने किया अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन

**मरुमंच न्यूज**



**बालोतरा।** संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत भाखरसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन किया।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से उन्होंने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इस दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह ने लाभार्थियों से बातचीत की और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं राजस्व अभिलेख शुद्धि प्रमाण पत्र प्रदान किए। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर तहसीलदार सुरेश कुमार बिश्नोई, सरपंच मिसरो बानो एवं ग्राम विकास अधिकारी मगसिंह मौजूदगी में सभी अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त को शिविर की प्रगति और स्थानीय आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। संभागीय आयुक्त ने शिविर के सफल आयोजन और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ पर संतोष व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बारां

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर

बारां 05-07-2025

# शिविर में सुनी समस्याएं, मौके पर ही दिए निस्तारण के निर्देश।



अटरू| क्षेत्र की कुंडी, मुसई गुजरान और दिलोदहाथी ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। ग्राम पंचायत मुसई गुजरान के शिविर का कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर तोमर ने रास्ते, सीमाज्ञान, पत्थरगडी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन सत्यापन, स्वामित्व कार्ड, पट्टा और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके बाद कलेक्टर तोमर ने उच्च माध्यमिक स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। शिविर में तहसीलदार मंजूर अली दीवान और बीडीओ राहुल कुमार बैरवा मौजूद थे। अगला शिविर 7 जुलाई को ग्राम पंचायत गोरधनपुरा, कवाई और अंताना में लगेंगे।

दैनिक भास्कर बारां 05-07-2025

# कलेक्टर ने स्कूल में लगाया पौधा



बारां| राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में जिले में शिविर लग रहे हैं। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में जिले में आयोजित शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कलेक्टर तोमर शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं। मौके पर ही जनसुनवाई कर रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सीमाज्ञान, सहमति बंटवारा, रास्तों का समाधान, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण आदि कार्यों में त्वरित निर्णय लेकर आमजन को राहत दी जा रही है। शुक्रवार को कलेक्टर तोमर ने मुसई गुजरान में शिविर का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान में पौधरोपण किया।

## आज यहां लगेंगे शिविर

शनिवार को फूंसरा, बटावदा, गूगोर, कड़ैयावन, गोरधनपुरा, गगचाना, आगर, नाटई, 7 जुलाई को पाठेड़ा, फतेहपुर, नागदा, भोज्याखेड़ी, उदपुरिया, पाली, घाटाखेड़ी, अमलावदाआली, अजनावर, गोरधनपुरा, कवाई, दड़ा, पीपलखेड़ी, ढीकवानी, बादीपुरा, बंदाखुर्द एवं पचलावड़ा में शिविर लगेंगे।

पत्रिका

# ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत व योजनाओं का लाभ



**बारां @ पत्रिका.** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के दिशा-निर्देशन मे जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित इन शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिला कलक्टर तोमर शिविरों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं और स्वयं ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे मौके पर ही जनसुनवाई कर रहे हैं तथा स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सीमाज्ञान, सहमति बंटवारा, रास्तों का समाधान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण जैसे कार्यों में त्वरित निर्णय लेकर आमजन को राहत प्रदान कर रहे हैं। शुक्रवार को जिला कलक्टर तोमर ने पंचायत समिति अटरू क्षेत्र के ग्राम मुसई गुजरान मे शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने राउमावि में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। चरडाना, तहसील अटरू में छोटू लाल मीणा व लोकराज सिंह को शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टा जारी किया गया।

05/07/2025 | Baran | Page : 3

Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर बारां 05-07-2025

आयोजन • नाहरगढ़ में लगाया दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणजन

# शिविर में मौके पर ही किया समस्याओं का निस्तारण

भास्कर न्यूज | नाहरगढ़

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में शिविर लगाया गया। जिसमें 500 से ज्यादा लोगों ने अपने काम पूरे करवाए।

शिविर का शुभारंभ सुबह नायब तहसीलदार गणेश खंगार और कानूनगो सुरेश मेहरा ने किया। कस्बा निवासी बनवारी नागर की पुत्री वेदिका नागर का जन्म प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाकर सौंपा गया। राजस्व विभाग ने 4 सीमा ज्ञान और 28 नामांतरण आवेदनों पर काम किया। पशु चिकित्सा विभाग ने 100 पशुओं का टीकाकरण किया। चिकित्सा विभाग ने 250 लोगों की जांच की और दवाएं दीं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 342 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया। रसद विभाग ने 28 राशन कार्डधारकों की केवाईसी की। 18 उपभोक्ताओं की आधार सीडिंग की तथा 11 खाद्य सुरक्षा आवेदन लिए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 23 पेंशनधारियों का मौके पर ही वार्षिक सत्यापन किया। नायब तहसीलदार गणेश खंगार ने उपतहसील परिसर में कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया। ग्राम सिमलोद में भी शिविर लगाया गया। जिसमें चिकित्सा विभाग ने आयुष्मान कार्ड की केवाईसी की। संचारी और असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग की। टीबी रोग की जानकारी दी। मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। टीबी से ग्रसित लाभार्थी को पोषण किट दी गई। संतुलित आहार की सलाह दी गई। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मपाल, नर्सिंग ऑफिसर चंद मोहन नागर, कौशल सेन, सुरेंद्र कुशवाह, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर रामेश्वर दयाल नामा, क्षेत्र के सीएचओ, एएनएम और आशा सहयोगिनी आदि मौजूद थे।



नाहरगढ़. कस्बे में आयोजित शिविर में लाभार्थियों को पोषण किट सौंपते अधिकारी।

दैनिक नवज्योति
hadoti - 05 Jul 2025 - Page 2

# अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अन्तर्गत शिविर आयोजित



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, अटरू।**

ग्राम पंचायत कुण्डी मुंसई गुजरान व दिलोदहाथी में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे से 5:30 बजे तक शिविर सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत मुंसई गुजरान शिविर का जिला कलक्टर बारां ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिसमें रास्ते, सीमाज्ञान पत्थरगढ़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन सत्यापन, स्वामित्व कार्ड, पट्टा, विकलांगता प्रमाण पत्र आदि से संबन्धित प्राप्त परिवादों की समीक्षा कर संबन्धित विभाग को निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर बारां द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पौधारोपण का कार्य किया। 7 जुलाई को ग्राम पंचायत गोरधनपुरा, कवाई व अंताना में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश चंदेलिया, तहसीलदार मंजूर अली दिवान, विकास अधिकारी राहुल कुमार बैरवा उपस्थित रहे।

### जिले में अंत्योदय संबल शिविरों से ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत व योजनाओं का लाभ

# जिला कलक्टर रोहिताश्व तोमर द्वारा सतत निरीक्षण, संवाद और जनसुनवाई

**दिशा न्यूज। बारां.**

राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के दिशा–निर्देशन में जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित इन शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

***जिला कलक्टर का सतत निरीक्षण और जनसुनवाई***–जिला कलक्टर तोमर शिविरों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं और स्वयं ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे मौके पर ही जनसुनवाई कर रहे हैं तथा स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सीमाज्ञान, सहमति बंटवारा, रास्तों का समाधान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण जैसे कार्यों में त्वरित निर्णय लेकर आमजन को



राहत प्रदान कर रहे हैं।

***मुसई गुजरान में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश***–शुक्रवार को जिला कलक्टर तोमर ने पंचायत समिति अटरू क्षेत्र के ग्राम मुसई गुजरान में शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। शिविरों में त्वरित समाधान के तहत चरडाना, तहसील अटरू में छोटू लाल मीणा व लोकराज सिंह को शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टा जारी किया गया। सकतपुर ग्राम पंचायत में शांति बाई को भी मौके पर पट्टा प्रदान किया गया, जिसका वितरण क्षेत्रीय विधायक राधेश्याम बैरवा द्वारा किया गया। वहीं ग्राम पंचायत तिसाया में शिविर प्रभारी व नायब तहसीलदार संदीप कुमार शर्मा ने अश्वटिज्म से पीड़ित छात्र रितिक की पेंशन का समाधान मौके पर शिविर में ही किया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा छात्र रितिक को गोद में लेकर शिविर लाया गया, और फेस सत्यापन एप्लीकेशन के माध्यम से पेंशन सत्यापन करवा कर त्वरित स्वी ति दिलवाई गई। ***प्रशासनिक टीम की सक्रिय भूमिका***–इन शिविरों में नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रशासक, विकास अधिकारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सरपंच व अन्य विभागीय अधिकारी पूर्ण समर्पण से कार्य कर रहे हैं और आमजन को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं व समाधान उपलब्ध करवा रहे हैं।

***यहां होंगे शिविर आयोजित***–5 जुलाई को फूंसरा, बटावदा, गूगोर, कडैयावन, गोरधनपुरा, गगचाना, आगर, नाटई 7 जुलाई को पाठेड़ा, फतेहपुर, नागदा, भोज्याखेड़ी, उदपुरिया, पाली, घाटाखेड़ी, अमलावदाआली, अजनावर, गोरधनपुरा, कवाई, दड़ा, पीपलखेड़ी, ढीकवानी, बादीपुरा, बंदाखुर्द एवं पचलावड़ा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

वर्ष 25 अंक 165 बारां राजस्थान बारां शनिवार 05 जुलाई 2025

# जिले में अंत्योदय संबल शिविरों से ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत व योजनाओं का लाभ

## जिला कलक्टर तोमर द्वारा सतत निरीक्षण, संवाद और जनसुनवाई



पैंतरा न्यूज।

**बारां, 4 जुलाई।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के दिशा–निर्देशन में जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित इन शिविरों से आमजन को त्वरित राहत और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

**जिला कलक्टर का सतत निरीक्षण और जनसुनवाई**

जिला कलक्टर तोमर शिविरों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं और स्वयं ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे मौके पर ही जनसुनवाई कर रहे हैं तथा स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सीमाज्ञान, सहमति बंटवारा, रास्तों का समाधान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण जैसे कार्यों में त्वरित निर्णय लेकर आमजन को राहत प्रदान कर रहे हैं।

**मुसई गुजरान में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

शुक्रवार को जिला कलक्टर तोमर ने पंचायत समिति अटरू क्षेत्र के ग्राम मुसई गुजरान में शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

शिविरों में त्वरित समाधान के तहत – चरडाना, तहसील अटरू में छोटू लाल मीणा व लोकराज सिंह को शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टा जारी किया गया। सकतपुर ग्राम पंचायत में शांति बाई को भी मौके पर पट्टा प्रदान किया गया, जिसका वितरण क्षेत्रीय विधायक राधेश्याम बैरवा द्वारा किया गया। वहीं ग्राम पंचायत तिसाया में शिविर प्रभारी व नायब तहसीलदार संदीप कुमार शर्मा ने ऑटिज्म से पीड़ित छात्र रितिक की पेंशन का समाधान मौके पर शिविर में ही किया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा छात्र रितिक को गोद में लेकर शिविर लाया गया, और फेस सत्यापन एप्लीकेशन के माध्यम से पेंशन सत्यापन करवा कर त्वरित स्वीकृति दिलवाई गई।



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## (24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – कोटपुतली बहरोड़

## –:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर

बहरोड़/कोटपूतली भास्कर 05-07-2025

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बानसूर के गिरुडी में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन करने पहुंचे, जनसभा को संबोधित किया

# कांग्रेस ने जो काम 5 साल में नहीं किए, डबल इंजन सरकार ने डेढ़ वर्ष में किए, पूर्व सीएम घर बैठकर भ्रम फैला रहे: सीएम

## अफसरों से कहा-शिविर शासन और जनता के बीच की दूरी को खत्म करने का माध्यम, कोई पात्र न छूटे

बानसूर/बहरोड़| मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब को गणेश मानकर काम कर रही है। कांग्रेस ने जो काम 5 साल में पूरे नहीं किए, उन्हें डबल इंजन की सरकार ने डेढ़ साल में कर दिया। भाजपा सरकार सर्दी, गर्मी, बरसात में भी जनता के बीच है। कांग्रेस सरकार के पूर्व सीएम घर बैठकर ट्वीट से भ्रम फैला रहे हैं। हम साल 2027 तक किसानों को दिन में बिजली भी जरूर देंगे।

चुनाव घोषणा के संकल्प पत्र के अनुसार वादे किए जाएंगे। सीएम भजनलाल बानसूर के गांव गिरुडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर के अवलोकन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने महिलाओं तथा बीपीएल परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने, 50 लाख लोगों को खाद्यान्न योजना तथा शिविर में हो रहे कार्य गिनाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री घर में बैठे-बैठे ही भ्रम फैलाते हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि भाजपा सरकार गर्मी, सर्दी व बारिश में भी जनता के बीच है। सीएम ने कहा बानसूर में डेढ़ साल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए के कार्य हुए। ईआरसीपी, चंबल, यमुना, इंदिरा गांधी नहर, बीसलपुर से पानी लाने का काम हो रहा है। गांव व उद्योगों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। कांग्रेस शासन ने युवाओं को निराश किया। हमारे डेढ़ साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हर साल एक लाख युवाओं को रोजगार दिया है। आने वाले समय में युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

देश में डबल इंजन की सरकार है। जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। पंडित दीनदयाल का सपना पूरा किया जाएगा। जनसभा के दौरान सीएम ने गिरधारी दास महाराज, शीतला माता, गिर्राज महाराज के जयकारे के साथ संबोधन शुरू किया। इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री का साफा पहनाकर व भर्तृहरि महाराज की प्रतिमा भेंट की। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र लाटा ने उन्हें भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की। सर्व समाज, जनप्रतिनिधि व विधायकों की ओर से मुख्यमंत्री का 40-40 किलो फूलों की माला पहनाई गई।

## गरीबी हटाओ पर कांग्रेस को घेरा, बोले- इनका खानदानी नारा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस का खानदानी नारा रहा- गरीबी हटाओ, लेकिन उस पर काम नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना लागू कर गरीबों को आवास, शौचालय, रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।



बानसूर. गिरुडी की जनसभा में हल उठाकर अभिवादन करते सीएम भजनलाल शर्मा।

**लाभार्थियों से पूछा- कोई परेशानी तो नहीं हो रही :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेलिकॉप्टर से 2 घंटे देरी से 4 बजे हेलिपैड पर पहुंचे। सीएम ने शिविर स्थल पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया। स्कूटी योजना की लाभार्थी बालिका को चाबी प्रदान की। अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में लाभार्थियों से बातचीत की। पूछा कि किसी को कब कोई परेशानी तो नहीं हो रही है। प्रशासनिक अफसरों से कहा कि कोई पात्र छूटना नहीं चाहिए। शिविर शासन और जनता के बीच की दूरी को खत्म करने का माध्यम है। सीएम ने ग्राम पंचायत अजबपुरा सरपंच प्रियंका नरूका और ग्राम पंचायत हमीरपुर सरपंच सीता सैनी को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पशुधन बीमा योजना के चेक दिए गए। अन्य योजनाओं में लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया।

## सीएम 2 घंटे लेट हुए, उमस में भी महिलाएं डटी रहीं

जनसभा में महिलाओं की भीड़ रही। जहां गर्मी व उमस होने के बाद भी सरकार की योजना की उपलब्धियों की पुस्तक से हवा करती नजर आई। इस दौरान कोटपूतली बहरोड़ के जिला प्रभारी विजय चौधरी, विधायक देवी सिंह शेखावत, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ शशिकांत बोहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव व उम्मेद सिंह भाया, बहरोड़ पंचायत प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट बस्तीराम यादव, उत्तर संगठन प्रभारी सत्यवीर यादव, संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, सुरेश सैनी, अंकुर दायमा, सज्जन मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एसपी राजन दुष्यंत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कोटपूतली- बहरोड़ जिले को विकास के लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपए की दी सौगात

# हमने डेढ़ साल में जितने विकास कार्य किए, कांग्रेस पांच साल में भी नहीं कर पाई : सीएम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बानसूर.** कस्बे के नारायणपुर रोड पर गांव गिरुडी में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश भाजपा की सरकार ने डेढ़ साल में जितने विकास कार्य किए उतने गहलोत की सरकार ने 5 साल में नहीं किए। उन्होंने कहा कि कोटपूतली- बहरोड जिले को डेढ़ साल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए विकास के लिए दिए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए कृत संकल्प हैं। प्रदेश के सभी वर्गों सहित किसानों का दर्द समझा है। 2027 में किसानों को दिन में बिजली मिलेगी एवं 24 घंटे घरेलू बिजली मिलेगी। पिछले डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सरकार ने वादा किया था कि युवाओं को प्रत्येक साल 1 लाख नौकरी देंगे, उसके लिए सरकार काम कर रही। भाजपा की सरकार गरीबों को गणेश मानकर काम कर रही है, जबकि कांग्रेस का नारा गरीबी हटाओ सिर्फ नारा था। लेकिन भाजपा की सरकार गरीबों के दर्द को समझ कर बीपीएल परिवारों को ऊपर उठाने पर काम में लगी हुई है। कार्यक्रम को विधायक देवी सिंह शेखावत, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने भी संबोधित किया। मंच पर बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, सैनिक कल्याण बोर्ड के विजय सिंह चौधरी, जिला प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, सत्यवीर यादव शाहपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत बोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटा देरी से पहुंचे।



**बानसूर.** गिरुड़ी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम भजन लाल शर्मा व अन्य।

**कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया:** हेलीपैड पर जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंघल, उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, जयप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश मोगर, रमेश रावत, नरेंद्र चौधरी, नीलम त्रिपाठी, एडवोकेट जितेंद्र सिंह शेखावत, भवानी सैनी, बुधराम जाट, संदीप यादव, हेमलता सिसोदिया, निरंजन सैनी ठेकेदार, महेश कटारिया आदि मौजूद रहे।

**विधायक ने रखी मांग :** विधायक देवी सिंह शेखावत ने सीएम से क्षेत्र के गांव रामपुर को नगरपालिका का दर्जा देने, हरसौरा को तहसील का दर्जा सहित नारायणपुर में एमजेएम कोर्ट एवं बानसूर कस्बे में सीवरेज की मांग रखी। विधायक ने सीएम को साफा पहनाते हुए, तुलसी का पौधा, लकड़ी से बना हुआ हल एवं भर्तृहरि बाबा का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम में सरपंच संघ, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, सैनी समाज की ओर से भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज की ओर से मुख्यमंत्री को परशुराम का फरसा भेंट किया गया है।



**बानसूर.** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### लाभार्थियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सम्मानित किया। वहीं टीबी मुक्त होने पर ग्राम पंचायत अजबपुरा की सरपंच प्रियंका नरूका एवं हमीरपुर गांव की सरपंच सीता देवी को सम्मानित किया। वहीं गांव सोलर प्लांट से बिजली उत्पादन करने पर विद्युत ठेकेदार बलवीर सिंह यादव को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल के पास ही पीपल का पेड़ लगाया। वहीं अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का निरीक्षण किया।

### असलीमपुर गांव में की सभा

सीएम भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को खैरथल-तिजारा जिले के असलीमपुर गांव में दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार की उपब्धियों के बारे में लोगों को बताया।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित षिविर का किया अवलोकन**

# कोटपूतली-बहरोड़ प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला : शर्मा

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहुंचे जिले के बानसूर उपखण्ड के ग्राम गिरूड़ी

**नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ देश व राज्य की राजधानी को जोड़ने वाला, 1.5 वर्षो में विकास कार्यो के लिये रिकॉर्ड 4500 करोड़ रूपयों की राज्य सरकार ने दी राषि**

सीमा सन्देश संवाददाता

**कोटपूतली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रहें। मुख्यमंत्री शर्मा सायं करीब 04.15 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा जिले के बानसूर उपखण्ड के ग्राम गिरूड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित षिविर का अवलोकन करते हुये लाभार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री करीब एक घण्टे तक कार्यक्रम में रहे। वे खैरथल-तिजारा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर यहां पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने विशाल जनसभा को भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने षिविर का अवलोकन करते हुये विभिन्न योजनाओं व उनके लाभार्थियों के बारे में जानकारी ली। जनसभा को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ प्रदेष का सर्वश्रेष्ठ जिला है। उन्होंने नवगठित जिले के विभिन्न उद्योगों नीमराणा के जापानी जोन समेत विभिन्न इण्डस्ट्रीज का उल्लेख करते हुये कहा कि इस जिले में उद्योगों के साथ-साथ कृषि का भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला देष की राजधानी नई दिल्ली व राज्य की राजधानी जयपुर को जोड़ता है। इसलिये प्रदेष का सर्वश्रेष्ठ एवं महत्वपूर्ण जिला है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 08 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने और प्रदेश के विकास रूपी पहिये को गति देने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब को गणेश मानते हुए सेवा भाव से उसे समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है तथा हम पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पण भाव से जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रदेश की राजधानी जयपुर तथा देश की राजधानी दिल्ली के निकट होने के साथ ही आर्थिक राजधानी मुम्बई से भी जुड़ा हुआ है। यह क्षेत्र कृषि समृद्ध होने के साथ ही औद्योगिक



### कोटपूतली-बहरोड़ जिले को मिला 4 हजार करोड़ से अधिक का बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कोटपूतली-बहरोड़ जिले के चहुंमुखी विकास के लिये 04 हजार 102 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। बानसूर विधानसभा के लिये भी अनेक काम किये हैं। नारायणपुर को नगर पालिका बनाने के साथ ही नारायणपुर सीएचसी में बैड संख्या बढ़ाकर 50 की गई है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ रुपये की लागत से एमडीआर 50 से नयाबास वाया खेड़ा, श्यामपुरा, रसनाली, बासदयाल, बास शेखावत तक सड़क तथा 09 करोड़ से अधिक लागत से हाजीपुर से हरसौरा वाया गुवाड़ा, चूला, बावली का बास सड़क तथा 8.5 करोड़ रुपये की लागत से कराणा से बिलाली स्टैंड वाया बड़ागांव बिलाली तक सड़क बनवाई जा रही है। शर्मा ने कहा कि 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एसएच-52 से नीमूचाणा-कुंडली-कराणा-चैनपुरा सड़क निर्माण, 14 करोड़ रुपये की लागत से हरसौरा-छिपारी-भूरियावास सड़क तथा 12 करोड़ रुपये से अजबपुरा-चांदपुरी सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य करवाया जायेगा।

### शिविरों में वर्षों से लंबित कार्य हो रहे पूरे

शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन की कई समस्याओं का समाधान हो रहा है। ग्राम पंचायत कोलाहेडा में बाबूलाल के 20 वर्षो से लंबित भूमि बंटवारे से जुड़े मामले का समाधान होने के साथ ही ग्राम पंचायत महतावास में लालचंद हुकमचंद पिसरान और उर्मिला की खातेदारी भूमि का विभाजन आपसी सहमति से मौके पर ही किया गया। उन्होंने कहा कि चिमनपुरा में भी भागीरथ एवं हंसराज गुर्जर का 50 वर्षो से लंबित नामांतरण संबंधी मामला शिविर में ही सुलझ गया।

### डेढ़ वर्ष में हुये पिछली सरकार से अधिक कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जो काम पिछले डेढ़ साल में किये हैं, उतने काम गत सरकार पूरे पांच साल में भी नही कर पाई। हमने पिछले डेढ़ साल में 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाये तथा किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया। जबकि गत सरकार ने अपने पूरे पांच साल में 30 हजार से भी कम फार्म पौंड बनवाए तथा केवल 113 लाख मीटर तारबंदी के लिए अनुदान दिया था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में बिजली उत्पादन क्षमता में केवल 03 हजार 948 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई, जबकि हमने डेढ़ साल में ही विद्युत उत्पादन क्षमता में 04 हजार 270 मेगावाट की बढ़ोतरी की है। शर्मा ने कहा कि हमने राजकीय महाविद्यालयों के 142 भवनों का निर्माण किया तथा 01 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ चुके हैं। जबकि गत सरकार ने 05 साल में केवल 57 महाविद्यालयों के भवन बनवाये एवं महज 01 हजार 104 गांवों को ही सड़कों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि हमने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में करीब 49 हजार श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा करवाई, जबकि गत सरकार ने 05 साल में लगभग 54 हजार श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा करवाई। शर्मा ने कार्यक्रम में बलवीर भूपसेड़ा (पीएम कुसुम योजना), ग्राम पंचायत अजबपुरा की सरपंच प्रियंका नरूका (टीबी मुक्त ग्राम), ग्राम पंचायत हमीरपुर की सरपंच सीता देवी (टीबी मुक्त ग्राम), अनीता देवी (पीएम स्वनिधि योजना) एवं पूजा (मंगला पशु बीमा योजना) को चैक एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही ग्राम मोरोड़ी के रामकरण, राजेन्द्र व गोपीराम को भूमि बंटवारे के कागजात सौंपे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया और पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

समर सहारा



# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का किया अवलोकन

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहुंचे जिले के बानसूर उपखण्ड के ग्राम गिरूड़ी

### कोटपूतली- बहरोड़ जिला प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला :- शर्मा

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित, विशाल जनसभा को किया सम्बोधित

कहा :- नवगठित जिला कोटपूतली - बहरोड़ देश व राज्य की राजधानी को जोड़ने वाला, 15 वर्षों में विकास कार्यों के लिये रिकॉर्ड 4500 करोड़ रूपयों की राज्य सरकार ने दी राशि

समर सहारा। कोटपूतली





प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को कोटपूतली- बहरोड़ जिले के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री शर्मा सायं करीब 04.15 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा जिले के बानसूर उपखण्ड के ग्राम गिरूड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करते हुये लाभार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री करीब एक घण्टे तक कार्यक्रम में रहे। वे खैरथल- तिजारा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर यहां पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने विशाल जनसभा को भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शिविर का अवलोकन करते हुये विभिन्न योजनाओं व उनके लाभार्थियों के बारे में जानकारी ली। जनसभा को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला है। उन्होंने नवगठित जिले के विभिन्न उद्योगों नीमराणा के जापानी जोन समेत विभिन्न इण्डस्ट्रीज का उल्लेख करते हुये कहा कि इस जिले में उद्योगों के साथ- साथ कृषि का भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कोटपूतली- बहरोड़ जिला देश की राजधानी नई दिल्ली व राज्य की राजधानी जयपुर को जोड़ता है। इसलिये प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ एवं महत्वपूर्ण जिला है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 08 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने और प्रदेश के विकास रूपी पहिये को गति देने के लिए दिन- रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब को गणेश मानते हुए सेवा भाव से उसे समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है तथा हम पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पण भाव से जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि कोटपूतली- बहरोड़ जिला प्रदेश की राजधानी जयपुर तथा देश की राजधानी दिल्ली के निकट होने के साथ ही अधिक राजधानी मुम्बई से भी जुड़ा हुआ है। यह क्षेत्र कृषि समृद्ध होने के साथ ही औद्योगिक दृष्टि से भी अग्रणी है। शर्मा ने कहा कि जिले का नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र वैश्विक निवेशकों की पसंदीदा जगह है। कोटपूतली- बहरोड़ और नीमराणा में संचालित हजारों उद्योग स्थानीय आबादी को रोजगार प्रदान करने के साथ ही प्रदेश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। कोटपूतली -बहरोड़ जिले को मिला 04 हजार करोड़ से अधिक का बजट :- मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कोटपूतली- बहरोड़ जिले के चहुंमुखी विकास के लिये 04 हजार 102 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। बानसूर विधानसभा के लिये भी अनेक काम किये हैं। नारायणपुर को नगर पालिका बनाने के साथ ही नारायणपुर सीएचसी में बैड संख्या बढ़ाकर 50 की गई है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ रुपये की लागत से एमडीआर 50 से नयाबास वाया खेड़ा, श्यामपुरा, रसनाली, बासदयाल, बास शेखावत तक सड़क तथा 09 करोड़ से अधिक लागत से हाजीपुर से हरसौरा वाया गुवाड़ा, चूला, बावली का बास सड़क तथा 8.5 करोड़ रुपये की लागत से करणा से बिलाली स्टैंड वाया बाड़गांव बिलाली तक सड़क बनवाई जा रही है। शर्मा ने कहा कि 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एसएच-52 से नीमूचाणा- कुंडली- करणा- चैनपुरा सड़क निर्माण, 14 करोड़ रुपये की लागत से हरसौरा- डिघारी -भूरियावास सड़क तथा 12 करोड़ रुपये से अजबपुरा- चांदपुरी सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य करवाया जायेगा। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान हमारी प्राथमिकता :- मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा के अनुसार हमारी सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को विशेष प्राथमिकता दे रही है। इसी मंशा के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में आयोजित शिविरों के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का समाधान कर ग्रामीणों को उनकी जमीन पर स्वामित्व के स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण से पशुपालकों को बड़ी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे व उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के साथ ही गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें और एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर जरूरतमंदों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री का सर्वसमाज व पंचायती राज जनप्रतिनिधियों की ओर से 51 किलो की माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। वहीं सभी विधायकों द्वारा हल भी भेंट किया गया। बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने स्वागत भाषण देते हुये बानसूर उपखण्ड को भी ईआरसीपी से जोड़ने, रामपुर को नगर पालिका, नारायणपुर में मजिस्ट्रेट कार्यालय, हरसौरा में तहसील कार्यालय खोले जाने की मांग की। इस मौके पर राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान यादव व उम्मेद भाया, कार्यक्रम संयोजक शशिकांत बोहरा, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला प्रभारी सत्यवीर यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन

# सरकार शिविरों के माध्यम से हर घर को देगी योजनाओं का लाभः भजनलाल

## कहाः जो कार्य हमने डेढ़ साल में किए, पूर्ववर्ती सरकार 5 साल में नहीं कर पाई



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बानसूर/बहरोड़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार दोपहर बानसूर के निकट ग्राम पंचायत गिरुड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन कर योजनाओं से लाभान्वितों से बातचीत की। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते उन्होंने कहा पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर हमारा संकल्प हैं। गरीब, किसान, महिला, वृद्ध, दिव्यांग, छात्र, श्रमिक, हर वर्ग हमारी योजनाओं का लाभार्थी है। सरकार शिविर के माध्यम से हर घर तक योजनाओं को लेकर जा रही है। चाहे वह उज्ज्वला गैस योजना हो, वृद्धावस्था पेंशन, किसानों के लिए मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, छात्रवृत्तियां, जन आवास योजनाएं या रोजगार बढ़ाने के प्रयास। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को लेकर कहा कि हर साल युवाओं को एक लाख नौकरी दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अजबपुरा सरपंच प्रियंका नरूका और हमीरपुर सरपंच सीता सैनी को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने पर प्रशस्ति पत्र देकर देकर अन्य योजनाओं में लाभर्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलेगी

उन्होंने कहा कि कोटपूतली बहरोड जिले को डेढ़ साल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए विकास के लिए दिए हैं। बीजेपी संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलने लगेगी एवं 24 घंटे घरेलू बिजली मिलेगी।

### पूर्व सरकार पर निशाना साधा

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व गहलोत सरकार पर निशाना साधते कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने इन डेढ़ साल में जितना विकास कार्य किया है उतना पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने पूरे 5 साल में भी नहीं किया। पिछले डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सरकार ने वादा किया था कि युवाओं को 5 साल में चार लाख नौकरी देंगे, उनके लिए सरकार काम कर रही है।

## हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

# गिरुड़ी गांव में अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया







मरुधर विशेष

कोटपूतली बहरोड़ (सीताराम गुप्ता) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को अपने दौरे के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर उपखंड के गिरुड़ी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन किया और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि "हमारी सरकार सेवा को सत्ता नहीं, संस्कार मानकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।" मुख्यमंत्री हेलीपैड पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, बहरोड़ विधायक जसवंत यादव, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, और भाजपा के स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

मुख्यमंत्री की अगवानी कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने की। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुआ, जहां उन्होंने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों से योजनाओं की जमीनी प्रगति की जानकारी ली।

### भव्य मंचीय स्वागत और योजनाओं का वितरण

कार्यक्रम के दौरान मंच पर बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक साफा व विशाल माला पहनाकर, हल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। ब्राह्मण समाज और स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी मुख्यमंत्री का भव्य अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए, जिनमें पेंशन, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, भूमि आवंटन, उज्ज्वला योजना, पालनहार योजना और राजस्व विभाग द्वारा भूमि पट्टों के प्रमाण पत्र शामिल थे। उन्होंने कहा कि "राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित न रहे। हमारी सरकार 'संघर्ष नहीं, संवाद' की नीति पर काम कर रही है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि "अब गांवों में न्यायालय की आवश्यकता नहीं, सरकार शिविरों के माध्यम से लोगों के द्वार पर न्याय पहुंचा रही है। वर्षों से लंबित भूमि विवादों का निस्तारण इसी शिविर में किया जाए, जिससे जनता को राहत मिली है।"

### मंच पर उपस्थित रहे कई दिग्गज नेता

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ मंच पर राज्य के राजस्व मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, विधायक देवी सिंह शेखावत, विधायक हंसराज पटेल, विधायक कुलदीप धनकड़, विधायक जसवंत यादव, भाजपा जिला देहात उत्तर के अध्यक्ष और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनसभा में भारी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष, लाभार्थी, स्थानीय कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भावनात्मक रूप से एक पौधा रोपित किया और कहा कि "पेड़ लगाना केवल पर्यावरण बचाने का कार्य नहीं, बल्कि मां के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक भी है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण को अपनी नीति में प्रमुख स्थान दे रही है।"

### प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था रही अनुकरणीय

इस संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाएं जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के नेतृत्व में अत्यंत प्रभावशाली और अनुशासित रहीं। एडिशनल एसपी वैभव शर्मा, एडिशनल एसपी शालिनी राज, सभी पुलिस उपाधीक्षक, विभिन्न थाना अधिकारी, पुलिस बल और प्रशासनिक अमले ने कार्यक्रम स्थल से लेकर हेलीपैड तक सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी। स्वयं कलेक्टर और एसपी मौके पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ, राज्य सरकार आमजन से किए हर वादे को कर रही पूरा - भजनलाल शर्मा

बनास वरदान

**अलवर (राजेश गुप्ता)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर वंचित वर्ग, किसान, युवा और महिला के साथ ही हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुंचाने के संकल्प के साथ हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में शिविरों का आयोजन कर रही है।

शर्मा शुक्रवार को खैरथल-तिजारा के ग्राम असलीमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही किसानों को वर्षों से लंबित राजस्व के विभिन्न प्रकरणों में तुरंत राहत मिल रही है। गांवों में इन शिविरों के माध्यम से पानी, बिजली, स्वच्छता से जुड़े विभिन्न



कार्य प्रमुखता से किए जा रहे हैं। वहीं, हर पात्र परिवार तक आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं पशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अलवर, भरतपुर के लिए 5 हजार 432 करोड़ रुपये की चम्बल पेयजल योजना को स्वीकृति प्रदान कर तिजारा के 172 गांवों में पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि अलवर की रूपारेल नदी के लिए मुख्यमंत्री ने स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड के माध्यम से जो प्रस्ताव भेजा उसे नेशनल वाइल्ड लाईफ बोर्ड से स्वीकृति मिल चुकी है। इससे रूपारेल नदी में पानी की आवक होगी।

केन्द्रीय मंत्री यादव ने कहा कि बीडा के माध्यम से भिवाड़ी, नीमराणा और अब बहरोड़ तक सतत विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां के औद्योगिक क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए बजट में पॉलिटेक्निक कॉलेज दिया, तिजारा के लिए कन्या महाविद्यालय, खैरथल-तिजारा में सावित्री बाई छात्रावास और एक महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास की भी सौगात दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उपलब्ध करवाई गई वित्तीय सहायता से भिवाड़ी में खेलों के विकास के लिए इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक महंत बाबा बालक नाथ, सुखवन्त सिंह, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने गरीबों का जीवन स्तर बनाया बेहतर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण की परिभाषा बदलकर उसका जीवन स्तर बेहतर बनाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में हमारी सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार ने राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसी विभिन्न योजनाओं तथा इंदिरा गांधी नहर एवं गंगनहर के माध्यम से किसान और उद्योगों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

## तिजारा विधानसभा क्षेत्र का हो रहा चहुंमुखी विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खैरथल-तिजारा जिले में विभिन्न विकास कार्य करवा रही है। इन कार्यों से तिजारा विधानसभा क्षेत्र का भी चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तिजारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया है। खुशखेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया है। भिवाड़ी में नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने हेतु स्वीकृति जारी की जा चुकी है। वहीं, तिजारा में कन्या महाविद्यालय खोला जाएगा तथा भिवाड़ी को क्लीन एंड ग्रीन-इको सिटी बनाएंगे।

# सरकार की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही:- सीएम भजनलाल शर्मा







सुनील दत्त/कंट्री विजन/बानसूर।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद किया, विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे को लेकर बानसूर पहुंचे जहां बानसूर के गांव गिरूडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद किया ओर लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंच पर पहुंचे जहां विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।इस दौरान बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह, विधायक कुलदीप धनकड़, विधायक हंसराज पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत



बोहरा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हमारा संकल्प है जिसमें गरीब,किसान, छात्र,महिला, वृद्ध,दिव्यांग सरकार की योजनाओं का लाभार्थी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार हर घर तक योजनाओं को लेकर जा रही है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएगी।इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से क्षेत्र को ईआरसीपी से जोड़ने की मांग की।इस दौरान पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि पिछली सरकार में योजनाएं केवल कागजों ओर फाइलों में ही चलती थी। जिससे जनता को दिखावे के अलावा कुछ नहीं मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार अपनी योजनाओं को गांव गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचा रही है। ओर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। धनकड़ ने कहा कि जो पिछली कांग्रेस सरकार खुद अपनी नीतियों ओर कार्यशैली को लेकर जनता के सवालों के घेरे में है वह आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ओर प्रयासों पर टिप्पणी कर रहा है।इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, एसडीएम अनुराग हरित, डीएसपी दशरथ सिंह, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़, बिजली विभाग अधिक्षण अभियंता मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी,मंडल अध्यक्ष राकेश सिंघल,जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेंद्र चौधरी, हरिसिंह सैनी, ठेकेदार बुद्ध राम चौधरी, जयप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत हुए कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## किए गए वादों को पूरा करने के लिए भाजपा है कृत संकल्प – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**भारत कुमार शर्मा - दिव्यांग जगत**

नारायणपुर! गिरुडी में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की भाजपा की सरकार ने डेढ़ साल में तेज गति से विकास कार्य किए हैं जो कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में नही किए म उन्होंने कहा कि कोटपूतली बहरोड जिले को डेढ़ साल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए विकास के लिए दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए कृत संकल्प हैं। भाजपा की सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के सहित किसानों का दर्द समझा है। 2027 तक किसान को दिन रात 24 घंटे घरेलू बिजली देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ सरकार ने वादा किया था कि युवाओं को 5 साल में 4 लाख नौकरी देंगे उसके लिए सरकार काम कर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों को गणेश मानकर काम कर रही हैं।लेकिन भाजपा की सरकार गरीबों के दर्द को समझ कर बीपीएल परिवारों को उपर उठाने पर काम में लगी हुई है। कार्यक्रम को विधायक देवी सिंह शेखावत,विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने भी संबोधित किया। मंच पर बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराट नगर की कुलदीप धनकड़ शशिकांत बोहरा, सत्यवीर यादव भी रहे।



विधायक ने मुख्यमंत्री को राजस्थानी साफा पहनाते हुए स्वागत किया।कार्यक्रम में सरपंच संघ, सहित विभिन्न समाजों की ओर से स्वागत किया।लाभार्थियों को किया सम्मानित कारण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सम्मानित किया मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल के पास ही पीपल का पेड़ लगाया वहीं अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का निरीक्षण किया।

## जज यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ी, पद से हटाने

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा: राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर कर रही सेवा

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित है

संपर्क दूत ■ सीताराम मुदगल

कोटपूतली-बहरोड़। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गिरुड़ी गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने और प्रदेश के विकास को गति देने के लिए दिन-रात काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि उनकी सरकार गरीब को गणेश मानकर सेवा भाव से उसे समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित है।

**कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विकास पर विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रदेश और देश की राजधानी के निकट होने के साथ ही आर्थिक राजधानी मुंबई से भी जुड़ा हुआ है। यह क्षेत्र कृषि और औद्योगिक दोनों दृष्टियों से अग्रणी है। उन्होंने कहा कि नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र वैश्विक निवेशकों की पसंदीदा जगह बन गया है, और यहां के उद्योग स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले के चौतरफा विकास के लिए 4,102 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। बानसूर विधानसभा क्षेत्र में भी कई विकास कार्य किए गए हैं, जिनमें नारायणपुर को नगर पालिका बनाना और नारायणपुर सीएचसी में बेड की संख्या बढ़ाकर 50 करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, कई महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, जिनकी कुल लागत करोड़ों रुपये है।

**अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान प्राथमिकता**

शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को विशेष प्राथमिकता दे रही है। इसी उद्देश्य के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में आयोजित शिविरों के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का समाधान कर ग्रामीणों को उनकी जमीन पर स्वामित्व के स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण जैसी योजनाओं से पशुपालकों को मिल रही मदद का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन उपलब्ध कराने, गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं और एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर जरूरतमंदों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। शिविरों में वर्षों से लंबित कार्यों का हो रहा समाधान शर्मा ने इन शिविरों की सफलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनके माध्यम से आमजन की कई समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत कोलाहेड़ा में बाबूलाल के 20 वर्षों से लंबित भूमि बंटवारे का मामला सुलझाया गया, ग्राम पंचायत महतावास में लालचंद हुकमचंद पिसरान और उर्मिला जी की खातेदारी भूमि का विभाजन आपसी सहमति से मौके पर ही किया गया, और चिमनपुरा में भगीरथ एवं हंसराज गुर्जर का 50 वर्षों से लंबित नामांतरण संबंधी मामला भी शिविर में ही सुलझ गया।

**डेढ़ वर्ष में पिछली सरकार से अधिक कार्य**

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल की तुलना पिछली सरकार से करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने इस अवधि में पिछली सरकार के पूरे पांच साल से अधिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने 32 हजार से अधिक फार्म पॉन्ड बनवाए और किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया, जबकि पिछली सरकार ने अपने पूरे पांच साल में 30 हजार से भी कम फार्म पॉन्ड बनवाए और केवल 113 लाख मीटर तारबंदी के लिए अनुदान दिया था।

बिजली उत्पादन क्षमता के संदर्भ में, शर्मा ने बताया कि पिछली सरकार में केवल 3,948 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई, जबकि उनकी सरकार ने डेढ़ साल में ही विद्युत उत्पादन क्षमता में 4,270 मेगावाट की बढ़ोतरी की है। शिक्षा और सड़क कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी उनकी सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि 142 राजकीय महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण किया गया और 1,381 गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है, जबकि पिछली सरकार ने 5 साल में केवल 57 महाविद्यालयों के भवन बनवाए और महज 1,104 गांवों को ही सड़कों से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में उनकी सरकार ने लगभग 49 हजार श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा करवाई, जबकि पिछली सरकार ने 5 साल में लगभग 54 हजार श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा करवाई थी।

**कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रमाणपत्र वितरित**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रमाणपत्र वितरित किए। इनमें बलवीर भूरासेढ़ा (पीएम कुसुम योजना), ग्राम पंचायत अजबपुरा की सरपंच प्रियंका नरूका (टीबी मुक्त ग्राम), ग्राम पंचायत हमीरपुर की सरपंच सीता देवी (टीबी मुक्त ग्राम), अनीता देवी (पीएम स्वनिधि योजना) और पूजा (मंगला पशु बीमा योजना) शामिल थे। उन्होंने ग्राम मोरोड़ी के रामकरण, राजेंद्र और गोपीराम को भूमि बंटवारे के कागजात भी सौंपे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया और पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।





# 'डेढ़ साल में कोटपूतली-बहरोड़ को 4500 करोड़ रू. विकास के लिए दिये'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने गिरुड़ी ग्राम पंचायत में अंत्योदय शिविर में लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिये

कोटपूतली, 4 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को शाम को बानसूर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत गिरुड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवड़ा शिविर का अवलोकन किया तथा योजनाओं के लाभान्वितों से बातचीत की।

इस दौरान, जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर हमारा संकल्प है। राजस्थान सरकार शिविर के माध्यम से हर घर तक योजनाओं को लेकर जा रही है। चाहे वह उज्ज्वला गैस योजना हो, वृद्धावस्था पेंशन, किसानों के लिए मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, छात्रवृत्तियां, जन आवास योजनाएं या रोजगार बढ़ाने के प्रयास। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलने लगेगी तथा घरेलू बिजली 24 घंटे मिलेगी।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बानसूर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कई योजनाओं के लाभर्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्कूटी वितरित की।*

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सरकार ने वादा किया था कि युवाओं को 5 साल में चार लाख नौकरियाँ देगी।

उनके लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोटपूतली बहरोड़ जिले को डेढ़ साल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये विकास के लिए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलने लगेगी एवं 24 घंटे घरेलू बिजली मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजबपुरा सरपंच प्रियंका नरूका और हमीरपुर सरपंच सीता सैनी को टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत बनाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और अन्य योजनाओं में लाभर्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री का साफा पहनाकर स्वागत किया और बानसूर कस्बे में सीवर लाइन डालने, रामपुर ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाने व हरसौरा को तहसील बनाने की मांग की।

इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी सभा को सम्बोधित किया। कोटपुतली, बहरोड़ जिला प्रभारी मंत्री विजय चौधरी, कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़,बहरोड़ विधायक जसवंत यादव पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, शशिकांत बोहरा, जिला अध्यक्ष सहित, बड़ी संख्या में भाजपाई इस अवसर पर मौजूद थे।

## 'भगवान को न्याय में देखें ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रूप से कहा था कि जजों को देवताओं से जोड़ने की प्रवृत्ति गलत है। उन्होंने कहा था कि जज का कर्तव्य जनहित की सेवा करना है और उन्होंने चेतावनी दी थी कि कोर्ट न्याय का मंदिर है यह कहना एक गंभीर खतरा है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कोलकाता में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था। "जब हमें मान्यवर या लॉर्डशिप या लेडीशिप के रूप में संबोधित किया जाता है, तो यह एक बहुत ही गंभीर खतरा है और लोग कहते हैं कि कोर्ट न्याय का मंदिर है।

यह एक गंभीर खतरा है कि हम खुद को उन मंदिरों में देवता के रूप में देख सकते हैं।"

उन्होंने यह भी कहा था, "इसलिए मैं अपने बारे में बात करते हुए कहूं तो, हालांकि मेरे अपने व्यक्तिगत मूल्य हैं जो मेरे काफी करीब हैं, मुझे थोड़ा संकोच होता है जब मुझे कहा जाता है कि यह न्याय का मंदिर है, क्योंकि मंदिर यह मानता है कि न्यायाधीश देवता की स्थिति में होते हैं।"



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - राजसमन्द

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# दर-दर भटके पर अधूरी रही आस, शिविर में मिला पट्टा तो छलक उठे आंखू

**खबर सम्राट संवाददाता**

**राजसमंद।** राज्य सरकार 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान अब उनके द्वार पर ही कर रही है। इस जनकल्याणकारी अभियान ने अब तक हजारों जरूरतमंद परिवारों तक राहत पहुंचाकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है।

शिविरों में आमजन की समस्याएं न केवल तुरंत सुनी जा रही हैं, बल्कि अधिकांश मामलों में मौके पर ही समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। यह प्रयास राज्य सरकार की संवेदनशीलता, त्वरित प्रतिक्रिया और जनसेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सरकार की यह अनूठी पहल ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त कदम बन गई है।

जिले के आमेट पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत साकरड़ा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में एक ऐसा पल देखने को मिला जिसने एक साधारण ग्रामीण की वर्षों पुरानी पीड़ा को खुशी में बदल दिया। विकास



अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रभुलाल गुर्जर, निवासी सबलों का खेड़ा, वर्षों से अपने आवासीय मकान के पट्टे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कई बार आवेदन किया, दर-दर भटके, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

जब उन्हें ग्राम पंचायत से शिविर में बुलाया गया तो उनके मन में एक हल्की सी उम्मीद थी, परंतु जैसे ही उन्हें स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके खुद के आवासीय मकान का पट्टा सौंपा गया, उनकी आंखें खुशी से भर आईं। वर्षों का संघर्ष, कई अधूरे सपने और अनगिनत कोशिशें आज इस एक कागज के रूप में साकार हो गईं। प्रभुलाल भावुक होकर बोले कि आज मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा हो गया है। जब पट्टा मेरे हाथों में आया, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह सिर्फ एक कागज नहीं, मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विकास अधिकारी ने बताया कि प्रभुलाल ने हृदय से राज्य सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जो संवेदनशीलता दिखाई है, उससे हम जैसे गरीब और वंचित परिवारों को भी मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिला है। अब यह जमीन मेरी है, मेरा घर मेरा अपना है, यह कह पाने की खुशी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती।



**झौर में रात्रि चौपाल बनी ग्रामीणों का सहारा, सालों पुरानी समस्या का हाथों-हाथ हुआ समाधान: जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में आमेट उपखंड के ग्राम पंचायत झौर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और वर्षों से लंबित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह, विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, समाजसेवी माधव जाट, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के पश्चात कलक्टर श्री हसीजा ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अधिकांश समस्याओं का त्वरित समाधान करवा दिया। कई ऐसी समस्याएं जो वर्षों से लंबित थीं, उनका भी निस्तारण एक ही दिन में हो सका।

चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि चौपाल के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला और समाधान भी तत्काल मिला।

**मौके पर ही हल हुई समस्याएं**

विकास अधिकारी ने बताया कि रात्रि चौपाल में हीरालाल पिता मांगीलाल जाट आवासीय पट्टे की दरख्वास्त लेकर पहुंचा जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही समस्या का समाधान करते हुए रात्रि चौपाल समाप्त होने से पहले ही उसे पट्टा सौंप दिया जिसके पश्चात उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। ऐसे ही प्रेमी कन्हैयालाल सालवी निवासी गांव उलपुरा को भी रात्रि चौपाल में ही पट्टा देकर राहत प्रदान की गई। उदयलाल सालवी रोजगार की आस में पहुंचा तो मौके पर ही जॉब कार्ड प्रदान कर दिया गया। इसी तरह अनेक लोगों को मौके पर ही राहत मिल गई। रात्रि चौपाल में जनसुनवाई से पहले एक-एक कर अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की ताकि वे समुचित ढंग से लाभ ले सकें।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025

# दस साल पुरानी समस्या हुई एक दिन में दूर, रिकॉर्ड में नाम सही हुआ तो किशनलाल के छलके आँसू

● पदमावत मीडिया



**राजसमंद।** कुंवारिया तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिनोल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशनलाल सेन पिता मोहनलाल सेन भी अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। उन्होंने तहसीलदार साहब के समक्ष राजस्व रिकॉर्ड में हुई अशुद्धि को विस्तार से प्रस्तुत किया। किशनलाल सेन ने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व उन्होंने सिंडिकेट बैंक, शाखा राजसमंद से लोन लिया था, लेकिन सेग्रीगेशन के दौरान उनके खातों में बैंक शाखा का नाम आईडीबीआई बैंक दर्ज हो गया। इस त्रुटि के कारण उन्हें लंबे समय से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। तहसीलदार सीताराम खटीक के निर्देशानुसार भू-अभिलेख निरीक्षक हरलाल पुरबिया, पटवारी कुलदीप बोलीवाल एवं अनिल चौधरी द्वारा प्रकरण की तुरंत जांच की गई। जांच में अशुद्धि की पुष्टि होते ही तहसीलदार साहब ने प्रकरण अपने क्षेत्राधिकार में लेते हुए आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाए तथा खाते में सुधार के आदेश मौके पर ही जारी कर दिए। जैसे ही किशनलाल सेन को नाम शुद्धि की सूचना दी गई, वे भावुक हो उठे। वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होते देख उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति rajsamand - 05 Jul 2025 - Page 6

# पट्टा मिला, तो छलके आंसू, समस्याओं का मौके पर निस्तारण

## कुंभलगढ़ की समीचा पंचायत में पंडित दीनदयाल संबल अंत्योदय पखवाड़े का आयोजन



**कुंभलगढ़।** ग्राम पंचायत समीचा की ओर से विकसित की गई पौधशाला परिसर में वृक्षारोपण करती उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे।




**राजसमंद।** झौर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में लाभार्थी ग्रामीण को पत्रावली सौंपते जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा।



**राजसमंद।** मोही पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान पोषण सामग्री प्रदान करते जनप्रतिनिधी।

**नवज्योति, कुंभलगढ़।** पंचायत समिति कुंभलगढ़ की ग्राम पंचायत समीचा में पंडित दीनदयाल संबल अंत्योदय पखवाड़े का आयोजन भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में मुख्य प्रभारी के तौर पर उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे, तहसीलदार बाबूलाल, सहायक विकास अधिकारी ख्यालीलाल लोहार, विडिओ जितेंद्र राव, रमेशचंद्र गर्ग, प्रशासक चंद्रकांत आमेटा, रूपाराम गमेती, उपसरपंच शांतिलाल लोहार, समाजसेवी गोपालसिंह, फतेहसिंह, लालसिंह, किशन सिंह सहित ग्रामवासी सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसडीएम आकांक्षा दुबे ने ग्राम पंचायत की पौधशाला का निरीक्षण किया और स्वयं 7 फीट का पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राजसमंद जिले की साकरड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में एक ऐसा पल देखने को मिला, जिसने एक साधारण ग्रामीण की वर्षों पुरानी पीड़ा को खुशी में बदल दिया। विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रभुलाल गुर्जर निवासी सबलो का खेड़ा वर्षों से अपने आवासीय मकान के पट्टे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कई बार आवेदन किया, दर-दर भटके, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। जब उन्हें ग्राम पंचायत से शिविर में बुलावा गया तो उनके मन में एक हल्की सी उम्मीद थी, परंतु जैसे ही उन्हें स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके खुद के आवासीय मकान का पट्टा सौंपा गया, उनकी आंखें खुशी से भर आई। प्रभुलाल भावुक होकर बोले कि आज मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा हो गया है। यह सिर्फ एक कागज नहीं, मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

### मोही शिविर में समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मोही में आयोजित शिविर में 17 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर ही सुनी गई और समाधान किया गया। शिविर में तहसीलदार विजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी जगदीश चंद्र कुमावत, प्रशासक रतनलाल भील, उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, पूर्व उप सरपंच यादवेंद्र सिंह भाटी, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, भू अभिलेख निरीक्षक विनोद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी निधि आचार्य, पटवारी कुलदीप बेरवा, दशरथ जाट, कृषि पर्यवेक्षक भूपेंद्र कुमार नायक, विद्युत विभाग के जेईएन विक्रम सिंह मीणा, भगवानसिंह चूंडावत और किशनलाल धोबी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, खेती जमीन से जुड़े दस्तावेज और अन्य समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकतर मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। ग्रामीणों ने शिविर की व्यवस्था की सराहना की।

### लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद।** कुंवारिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के माध्यम से प्रशासनिक तंत्र को और अधिक सक्रिय किया जा रहा है, जिससे लंबित कार्यों का त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की वास्तविक समस्याओं का निराकरण हो सके। इस दौरान तहसीलदार सीताराम खटीक, प्रशासक ललित श्रीमाली, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार मौजूद थे।

**चारभुजा।** ग्राम पंचायत खरनोटा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में स्वामित्व योजना का तहत प्रोपर्टी पार्सल का वितरण किया गया। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय बृजमोहन बैरवा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा राजस्व गांव गिटोरिया में गत वर्ष लगाए गए पौधों तथा नर्सरी का अवलोकन किया। शिविर में नायब तहसीलदार सेवाराम, सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल गुर्जर, विकास अधिकारी मांगीलाल गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी कमलदीप शर्मा तथा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हीरालाल को पट्टा मिला तो उदयलाल को जॉब कार्ड

## कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**राजसमंद। झौर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में लाभार्थी ग्रामीण को पत्रावली सौंपते जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा। - मुबारिक शुक्रिया**

**राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)।** जिले में आमेट पंचायत समिति की झौर ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और वर्षों से लंबित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह, विकास अधिकारी गुलाबसिंह गुर्जर, समाजसेवी माधव जाट सहित विभागीय अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अधिकांश समस्याओं का त्वरित समाधान करवा दिया। कई ऐसी समस्याएं जो वर्षों से लंबित थीं, उनका भी निस्तारण एक ही दिन में हो सका। चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि चौपाल के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला और समाधान भी तत्काल मिला।

### मौके पर ही हल हुई ग्रामीणों की समस्याएं

विकास अधिकारी ने बताया कि रात्रि चौपाल में हीरालाल पुत्र मांगीलाल जाट आवासीय पट्टे की दरख्वास्त लेकर पहुंचा, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही समस्या का समाधान करते हुए रात्रि चौपाल समाप्त होने से पहले ही उसे पट्टा सौंप दिया। जिसके पश्चात उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। ऐसे ही प्रेमी कन्हैयालाल सालवी निवासी गांव उलपुरा को भी रात्रि चौपाल में ही पट्टा देकर राहत प्रदान की गई। उदयलाल सालवी रोजगार की आस में पहुंचा तो मौके पर ही जॉब कार्ड प्रदान कर दिया गया। इसी तरह अनेक लोगों को मौके पर ही राहत मिल गई। रात्रि चौपाल में जनसुनवाई से पहले अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की, ताकि वे समुचित ढंग से लाभ ले सकें।

# दर-दर भटके पर अधूरी रही आस, शिविर में मिला पट्टा, तो छलक उठे आँसू

**राजसमंद (पुकार)।** जिले की साकरड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में एक ऐसा पल देखने को मिला, जिसने एक साधारण ग्रामीण की वर्षों पुरानी पीड़ा को खुशी में बदल दिया। विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रभुलाल गुर्जर निवासी सबलो का खेडा वर्षों से अपने आवासीय मकान के पट्टे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कई बार आवेदन किया, दर-दर भटके, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। जब उन्हें ग्राम पंचायत से शिविर में बुलाया गया तो उनके मन में एक हल्की सी उम्मीद थी, परंतु जैसे ही उन्हें स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके खुद के आवासीय मकान का पट्टा सौंपा गया, उनकी आंखें खुशी से भर आईं। वर्षों का संघर्ष, कई अधूरे सपने और अनगिनत कोशिशें आज इस एक कागज के रूप में साकार हो गई। प्रभुलाल भावुक होकर बोले कि आज मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा हो गया है। जब पट्टा मेरे हाथों में आया, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह सिर्फ एक कागज नहीं, मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।



**मोही शिविर में समस्यओं का मौके पर ही निस्तारण :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मोही में आयोजित शिविर में 17 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर ही सुनी गईं और समाधान किया गया। शिविर में तहसीलदार विजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी जगदीश चंद्र कुमावत, प्रशासक रतनलाल भील, उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, पूर्व उप सरपंच यादवेंद्र सिंह भाटी, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, भू अभिलेख निरीक्षक विनोद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी निधि आचार्य, पटवारी कुलदीप बेरवा, दशरथ जाट, कृषि पर्यवेक्षक भूपेंद्र कुमार नायक, विद्युत विभाग के जेईएन विक्रम सिंह मीणा, भगवानसिंह चुंडावत और किशनलाल धोबी मौजूद रहे।

शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, खेती जमीन से जुड़े दस्तावेज और अन्य समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकतर मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। ग्रामीणों ने शिविर की व्यवस्था की सराहना की।

पत्रिका

# दर-दर भटके, मिला अपना आशियाना

**राजसमंद.** जिले की ग्राम पंचायत साकरड़ा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में वर्षों से आवासीय पट्टे के लिए भटकते प्रभुलाल गुर्जर को आखिरकार अपना घर मिला। जब उन्हें स्वामित्व योजना के तहत पट्टा सौंपा गया, तो उनकी आंखें छलक पड़ीं। वर्षों की पीड़ा, संघर्ष और अधूरी उम्मीदें इस एक कागज के साथ साकार हो गईं। उन्होंने राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासन की तत्परता के लिए आभार जताया। यह शिविर न केवल हजारों जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की नई किरण बना है- अपने घर की पहचान के साथ।

05/07/2025 | Rajsamand | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

राजसमन्द भास्कर 05-07-2025

# खरनौटा संबल शिविर में 43 साल बाद हाथोहाथ खुला नामांतरण

चारभुजा | तहसील की ग्राम पंचायत खरनौटा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संभल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी चारभुजा के नायब तहसीलदार ने बताया कि गिटोरिया निवासी गुलाब पुत्र वर्दा गुर्जर के गांव में सोलह बीघा बारह विश्वा भूमि रजिस्टर्ड बख्शीश नामा 1983 को लिखा था। जिसका नामांतरण आज दिन तक नहीं खुलने से परेशान गुर्जर ने शुक्रवार को शिविर में पुनः दस्तावेज पेश किए। शिविर प्रभारी के समक्ष पेश किए। शिविर प्रभारी ने पटवारी को बुला कर हाथोहाथ जांच करवाई। सही पाए जाने पर 43 वर्ष से परेशान गुर्जर के रजिस्ट्री का हाथोहाथ नामान्तरण खुलवा दिया। शिविर में जोज निवासी होरम सिंह पुत्र विजय राजपूत के 30 वर्ष के बाद भी नाबालिग से बालिग के नाम नहीं हुई। प्रार्थना पत्र पेश किया तो हाथोहाथ नाबालिग से बालिग का नामांतरण खोलकर नकल प्रदान की। राजस्व शिविर में विभाग ने 2 सहमति विभाजन, नामांतरण-3, सीमा जानकारी 2, जन्म प्रमाणपत्र 6, शुद्धि के 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - चुरू

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

जिला चूरू दिनांक 05.07.2025

दैनिक भास्कर 05.07.2025

## विधायक न्यांगली ने किया शिविर का निरीक्षण



**सादुलपुर** | विधायक मनोज न्यांगली ने शुक्रवार को चैनपुरा बड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर लगे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत की तथा शिविर की व्यवस्थाओं व कार्य को लेकर जानकारी ली। बाद में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को राज्य सरकार की योजनाओं को प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाकर लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। न्यांगली ने कहा कि शिविर का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को मिले, इसी मंशा से प्रत्येक कर्मचारी कार्य करे। न्यांगली ने शिविर स्थल में पौधरोपण भी किया तथा ग्रामीणों को भी घरों व खाली भूमि पर अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान चैनपुरा सरपंच सुशीला देवी, सेनि तहसीलदार विक्रम सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## मानपुरा व भुवाड़ी में संबल पखवाड़े के तहत लगा शिविर



**सादुलपुर** | ग्राम पंचायत मानपुरा व भुवाड़ी में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। भाजपा नेता महावीर पूनिया ने शिविरों का अवलोकन कर ग्रामीणों से अधिकाधिक समस्याओं का समाधान करवाने का आह्वान किया। मानपुरा के पंचायत भवन व सार्वजनिक मोक्ष भूमि में पौधरोपण भी किया गया। मानपुरा में लगे शिविर में सीमा ज्ञान, नामांतरण, रास्तों के विवाद, तादादी भूमि पट्टा, मैन लाइन में लीकेज ठीक करने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, 500 पौधे वितरण, खाद्य सुरक्षा के लंबित आवेदनों का निराकरण आदि कार्य किए गए। शिविर में तहसीलदार धीरज झाझड़िया, नायब तहसीलदार सुभाष छींपा, भुवाड़ी से पंस सदस्य लीलाधर सहारण, सरपंच शीशाराम पूनिया, मानपुरा के ओमप्रकाश मेघवाल आदि मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ग्रामीण

**सांखू फोर्ट @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत नेशल में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम मीनू वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए कहा। आमजन की समस्या सुनकर मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में सामाजिक सुरक्षा योजना, उज्ज्वला योजना, पालनहार योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 10 पट्टे वितरण, 40 पेंशन सत्यापन, किसानों की फार्मर आईडी सहित अन्य विभागों के कार्य मौके पर ही किए गए।

वर्मा ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया। सरपंच सुभीत देवी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। शिविर में ग्राम सेवक अशोक कुमार, पिंकी, रवीना, आशीष कुमारी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

# 50 वर्षों से रह रहे, अब शिविर में भंवरलाल को पट्टा मिलने से मिला जमीन का मालिकाना हक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चूरू.** मंख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की दिशा में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से आमजन को भरपूर लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोमासी में आयोजित शिविर में तहसीलदार अशोक गोरा ने बताया कि गांव के ही भंवर लाल पुत्र मगाराम नायक को पट्टा मिलने से उनको जमीन का मालिकाना हक मिला है। लाभार्थी भंवरलाल बताते हैं कि उनका परिवार करीब 50 साल से इनका परिवार सोमासी मे निवास कर रहा है। लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी घर का पट्टा नहीं मिला, जिससे उनको विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शुक्रवार को जब शिविर की जानकारी मिली तो शिविर में उपस्थित होकर अपनी परिवेदना बताई, जिला पर भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें पुश्तैनी मकान का मालिकाना हक मिला।

वह बताते हैं कि पहले उनके पास जमीन का कोई अधिकारीक दस्तावेज नहीं था, जिससे उन्हें बैंक से ऋण आदि विभिन्न योजनाओं में लाभ मिलने में परेशानी होती थी, लेकिन अब यह परेशानियां दूर हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शिविरो के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## एबीवीपी ने आर्ट्स कॉलेज में विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सीकर.** राजकीय कला महाविद्यालय कटराथल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पानी की समस्या व खेल मैदान की समस्या को लेकर शुर वार को विरोध जताया। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष अभिजीत सिंह ने कहा महाविद्यालय में चल रही पेयजल समस्या को लेकर छात्रों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज परिसर में खराब पड़ी पानी की टंकी और वाटर कूलर को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की। उनका कहना है कि स्वच्छ और ठंडे पानी की अनुपलब्धता से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इकाई उपाध्यक्ष राजवीर ने मांग रखी कि कला महाविद्यालय के खेल मैदान की साफ- सफाई रनिंग ट्रेक, बास्केटबॉल कबड्डी वॉलीवुड ओपन जिम जैसे खेल के कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, सादुलपुर।** तहसील के ग्राम पंचायत मानपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में जिला उपाध्यक्ष भाजपा चूरू महावीर पूनिया ने अवलोकन किया और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गण एवं प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार सुभाष चन्द्र पटवारी, सोमवीर पूनिया कृषि प्रवेक्षक विनोद बेनीवाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणजनों को दी गई। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया गया। वही भुवाडी में भी तहसीलदार धीरज झाझडिया की अगुवाई में शिविर आयोजित किया गया। तहसीलदार झाझडिया ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर आमजन को सभी सेवाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।



राष्ट्रदूत 05.07.2025

# ग्रामीण जन शिविरों में योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें : संभागीय आयुक्त



राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया।

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से शिविर संबंधित जानकारी ली साथ ही ग्रामीणों को कहा कि इन शिविरों में आकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना जो चलाई जा रही है उन्हें योजना का आम जन को अधिक से अधिक लाभ कैसे मिले इसके लिए शिविरों में आकर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से जानकारी लेकर अपनी समस्या उनके सामने रखें। साथ ही उन्होंने कहा सरकार की योजना अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभ कैसे मिले इस उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहे हैं इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से एवं ग्रामीणों से कहा कि बारिश के समय अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं उनका लालन पोषण बच्चों की तरह करें।

इस अवसर पर उन्होंने बरसाती पानी का अधिक से अधिक संग्रहण करने के लिए खेतों में अधिक से अधिक कुण्ड का निर्माण करें।

इस अवसर पर सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, तहसीलदार जितेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार पूजा पारीक सरपंच भागीरथ के द्वारा ग्रामीणजन को पट्टे वितरित किए गए व वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर अन्य विभागों के कर्मचारी व अधिकारी गण उपस्थित रहे तथा आमजन की समस्या सुनी। इस मौके पर विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, ग्राम विकास अधिकारी हरलाल ढाका भी उपस्थित रहे।

# अंत्योदय पखवाड़ा के तहत लाभान्वित

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत कांगड में राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत गांववासियों की परिवेदना सुनकर अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया। सरपंच लक्ष्मण राम सारण की अध्यक्षता में लगे शिविर में तहसीलदार सज्जन लाटा, एडीओ लक्ष्मीनारायण सैनी ने बताया कि शिविर में 10 पटट्टो का वितरण किया 8 विरासत नामांतरण सहित अन्य कार्य किए गए ग्राम विकास अधिकारी विमल बिश्नोई ने बताया कि शमशान भूमि में पौधारोपण किया गया एवं ग्रामवासियों को पौधे वितरित भी किए गए, ग्रामीणों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखने का आव्हान किया। शिविर में मौजूद पटवारी राकेश कृषि पर्यवेक्षक कांता, पीईईओ अविनाश कुमार पशु चिकित्सक डॉ सुनील कुमार, कनिष्ठ सहायक दशरथ सिंह मौजूद थे।

# समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया

**रतनगढ़** (निसं)। ग्राम पंचायत बिनादेसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा तहत शिविर आयोजित। सरपंच कमला देवी की अध्यक्षता में लगे शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा 10 परिवारों के पक्के मकान का पट्टा वितरण किया एवं ग्राम पंचायत के सत्यापित पेंशनर्स का पेंशन सत्यापित संबंधित कार्य किया। अन्य सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने ग्रामवासियों की परिवेदना सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया। ग्राम विकास अधिकारी शर्मा ने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण किया गया व गांववासियों को अधिकाधिक पेड़ पौधे लगाने और उनकी नियमित देखरेख करने का आ ान किया गया। शिविर में राजलदेसर तहसीलदार जितेंद्रसिंह, नायब तहसीलदार पूजा पारीक, शिविर प्रभारी दिलीप सोनी,ग्राम विकास अधिकारी रोहित शर्मा व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड

**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है।

# रूघाराम को मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अब बढ़ेगा कृषि उत्पादन

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषक हितों के लिए संकल्पित होकर कृषक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। चूरू जिले की ग्राम पंचायत जसरासर में 26 जून, 2025 को आयोजित शिविर में गांव के ही कृषक रूघाराम पुत्र कानाराम के खेत की मिट्टी की जांच कर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। अब रूघाराम का कृषि उत्पादन बढ़ सकेगा। रूघाराम बताते हैं कि शिविर की सूचना मिलने पर उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर खेत की मृदा का जांच करवाने के लिए प्रार्थना –पत्र दिया। कृषि विभाग द्वारा उनके खेत की मृदा के नमूने का परीक्षण प्रयोगशाला में करवाते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया तथा मिट्टी की किस्म के अनुसार फसल बुवाई, उर्वरक व खाद आदि के उपयोग की जानकारी दी। वह बताते हैं कि पूर्व में जानकारी के अभाव में वह अपने खेत में अनावश्यक उर्वरक का प्रयोग कर रहे थे, कृषि लागत अधिक आ रही थी। अब मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उनको उनके खेत की मिट्टी की किस्म के अनुसार उर्वरक व अनुकूल फसलों की सही जानकारी मिलने से संतुलित मात्रा में उर्वरक, खाद, बीज आदि का उपयोग कर पाएंगे। इससे उनकी लागत भी कम होगी और उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा पाइपलाइन, फव्वारा संयंत्र अनुदान से भी लाभान्वित किया जा चुका है।



# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

**चूरू ( दैनिक आस-पास )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं। चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड्डी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणा ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया। इससे ग्रामीणों ने शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सरकार के कारण हम सुरक्षित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शिविर आयोजित होने से ही काफी समय से ढीले तारों की वजह से होने वाली दुर्घटना की आशंका से निजात मिल पाई है।

# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड, उठा सकेंगे विभिन्न योजनाओं का लाभ



**जयपुर टाइम्स**

**चूरू(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है त?था, वह विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में ही उन्हें आजीविका सहायता के लिए मनरेगा जॉब कार्ड भी तुरंत प्रदान किया गया। इससे अब वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें उनके घर का मालिकाना हक दिया है।

# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड, उठा सकेंगे विभिन्न योजनाओं का लाभ



## साथ ही शिविर में मिला पट्टा तो कहा-प्रदेश सरकार ने दिया मालिकाना हक

**जनमानस शेखावाटी न्यूज़**

**चूरू/ मोहम्मद अली पठान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है तथा वह विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में ही उन्हें आजीविका सहायता हेतु मनरेगा जॉब कार्ड भी तुरंत प्रदान किया गया। इससे अब वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें उनके घर का मालिकाना हक दिया है।

# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

**जनमानस शेखावाटी न्यूज़**



**चूरू/ मोहम्मद अली पठान।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं।

चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड्डी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणा ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया। इससे ग्रामीणों ने शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सरकार के कारण हम सुरक्षित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शिविर आयोजित होने से ही काफी समय से ढीले तारों की वजह से होने वाली दुर्घटना की आशंका से निजात मिल पाई है।

जलते दीप 05.07.2025

# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

■ जलतेदीप, चूरू

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के %आपणो अग्रणी राजस्थान% के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं।

चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड्डी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए



विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया।

इससे ग्रामीणों ने शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सरकार के कारण हम सुरक्षित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शिविर आयोजित होने से ही काफी समय से ढीले तारों की वजह से होने वाली दुर्घटना की आशंका से निजात मिल पाई है।

# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड, उठा सकेंगे विभिन्न योजनाओं का लाभ



**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है तथा वह विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में ही उन्हें आजीविका सहायता हेतु मनरेगा जॉब कार्ड भी तुरंत प्रदान किया गया। इससे अब वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें उनके घर का मालिकाना हक दिया है।

# रूघाराम को मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अब बढ़ेगा कृषि उत्पादन

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषक हितों के लिए संकल्पित होकर कृषक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

चूरू जिले की ग्राम पंचायत जसरासर में 26 जून, 2025 को आयोजित शिविर में गांव के ही कृषक रूघाराम पुत्र कानाराम के खेत की मिट्टी की जांच कर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। अब रूघाराम का कृषि उत्पादन बढ़ सकेगा। रूघाराम



बताते हैं कि शिविर की सूचना मिलने पर उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर खेत की मृदा का जांच करवाने के लिए प्रार्थना — पत्र दिया। कृषि विभाग द्वारा उनके खेत की मृदा के नमूने का परीक्षण प्रयोगशाला में करवाते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया तथा मिट्टी की किस्म के अनुसार फसल बुवाई, उर्वरक व खाद आदि के उपयोग की जानकारी दी। वह बताते हैं कि पूर्व में जानकारी के अभाव में वह अपने खेत में अनावश्यक उर्वरक का प्रयोग कर रहे थे, कृषि लागत अधिक आ रही थी। अब मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उनको उनके खेत की मिट्टी की किस्म के अनुसार उर्वरक व अनुकूल फसलों की सही जानकारी मिलने से संतुलित मात्रा में उर्वरक, खाद, बीज आदि का उपयोग कर पाएंगे। इससे उनकी लागत भी कम होगी और उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा पाइपलाइन, फव्वारा संयंत्र अनुदान से भी लाभान्वित किया जा चुका है।

# उपखंड अधिकारी ने किया शिविर का निरीक्षण

सुजानगढ़। ग्राम पंचायत भानीसरिया तेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल शिविर का आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने किया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, एडीओ रामानंद फलवाड़िया, द्वारा पौधारोपण किया गया। शिविर में में चिकित्सा विभाग द्वारा 226 लोगों की जांच की गई। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा 6 सीमांकन किए गए, नामांकन 42 किए गए। इसी प्रकार अन्य काम भी लोगों के शिविर में किए गए। इस अवसर पर भू अभिलेख निरीक्षक सुखदेव, विनोद कुमार सैनी, पटवारी शिवसिंह, रोजगार सहायक मदनलाल आदि मौजूद रहे।

# 50 वर्षों से रह रहे, अब शिविर में भंवरलाल को पट्टा मिलने से मिला जमीन का मालिकाना हक

**( राजस्थान स्टेटमेन्ट )**

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की दिशा में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से आमजन को भरपूर लाभ मिल रहा है।

शुक्रवार को चूरू जिले के चूरू उपखंड की ग्राम पंचायत सोमासी में आयोजित शिविर में गांव के ही भंवर लाल पुत्र मगाराम नायक को पट्टा मिलने से उनको जमीन का मालिकाना हक मिला है।

लाभार्थी भंवरलाल बताते हैं कि उनका परिवार करीब 50 साल से इनका परिवार सोमासी में निवास कर रहा है। लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी घर का पट्टा नहीं मिला, जिससे उनको विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शुक्रवार को जब शिविर की जानकारी मिली तो शिविर में उपस्थित होकर अपनी परिवेदना बताई, जिला पर भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें पुश्तैनी मकान का मालिकाना हक मिला।

# सोलाना में लगे शिविर से मिला कइयों को फायदा

**( राजस्थान स्टेटमेन्ट )**

**सुलताना।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत सोलाना में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा 500 पेड़ लगाए गए तथा एक पट्टा वितरित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान के नौ प्रकरण व नामान्तरण के 35 प्रकरण तथा खाता दुरूस्ती के एक प्रकरण निस्तारित किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में विद्युत विभाग द्वारा सात प्रकरण, रसद विभाग द्वारा 52 प्रकरण निस्तारित किए गए तथा आधार सिडिंग के 14 प्रकरण तथा एनएफएसए परिवारों की ई-केवाईसी के 24 प्रकरण निस्तारित किए गए। पीएचईडी के तीन प्रकरण निस्तारित किए गए। कृषि विभाग द्वारा 30 मृदा नमूने लिए गए एवं वन विभाग द्वारा 27 पौध वितरण की गई।

# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड, उठा सकेंगे विभिन्न योजनाओं का लाभ



हमारा गगन

**चूरू,** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है तथा वह विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि शिविर में ही उन्हें आजीविका सहायता हेतु मनरेगा जॉब कार्ड भी तुरंत प्रदान किया गया।

इससे अब वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें उनके घर का मालिकाना हक दिया है।

# रूघाराम को मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अब बढ़ेगा कृषि उत्पादन

हमारा गगन

चूरू,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषक हितों के लिए संकल्पित होकर कृषक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। चूरू जिले की ग्राम पंचायत जसरासर में 26 जून, 2025 को आयोजित शिविर में गांव के ही कृषक रूघाराम पुत्र कानाराम के खेत की मिट्टी की जांच



कर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। अब रूघाराम का कृषि उत्पादन बढ़ सकेगा। रूघाराम बताते हैं कि शिविर की सूचना मिलने पर उन्होंने शिविर में उपस्थित होकर खेत की मृदा का जांच करवाने के लिए प्रार्थना -पत्र दिया। कृषि विभाग द्वारा उनके खेत की मृदा के नमूने का परीक्षण प्रयोगशाला में करवाते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया तथा मिट्टी की किस्म के अनुसार फसल बुवाई, उर्वरक व खाद आदि के उपयोग की जानकारी दी।

वह बताते हैं कि पूर्व में जानकारी के अभाव में वह अपने खेत में अनावश्यक उर्वरक का प्रयोग कर रहे थे, कृषि लागत अधिक आ रही थी। अब मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उनको उनके खेत की मिट्टी की किस्म के अनुसार उर्वरक व अनुकूल फसलों की सही जानकारी मिलने से संतुलित मात्रा में उर्वरक, खाद, बीज आदि का उपयोग कर पाएंगे। इससे उनकी लागत भी कम होगी और उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा पाइपलाइन, फव्वारा संयंत्र अनुदान से भी लाभान्वित किया जा चुका है।

# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

हमारा गगन

चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं। चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड़?डी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया।

इससे ग्रामीणों ने शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सरकार के कारण हम सुरक्षित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा शिविर आयोजित होने से ही काफी समय से ढीले तारों की वजह से होने वाली दुर्घटना की आशंका से निजात मिल पाई है।

# 50 वर्षों से रह रहे, अब शिविर में भंवरलाल को पट्टा मिलने से मिला जमीन का मालिकाना हक

**हमारा गगन**

चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की दिशा में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से आमजन को भरपूर लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को चूरू जिले के चूरू उपखंड की ग्राम पंचायत सोमासी में आयोजित शिविर में गांव के ही भंवर लाल पुत्र मगाराम नायक को पट्टा मिलने से उनको जमीन का मालिकाना हक मिला है। लाभार्थी भंवरलाल बताते हैं कि उनका परिवार करीब 50 साल से इनका परिवार सोमासी में निवास कर रहा है।

लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी घर का पट्टा नहीं मिला, जिससे उनको विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शुक्रवार को जब शिविर की जानकारी मिली तो शिविर में उपस्थित होकर अपनी परिवेदना बताई, जिला पर भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें पुश्तैनी मकान का मालिकाना हक मिला। वह बताते हैं कि पहले उनके पास जमीन का कोई अधिकारीक दस्तावेज नहीं था, जिससे उन्हें बैंक से ऋण आदि विभिन्न योजनाओं में लाभ मिलने में परेशानी होती थी, लेकिन अब यह परेशानियां दूर हुई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शिविरों के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

विराट वैभव 05.07.2025

# 50 वर्षों से रह रहे, अब शिविर में भंवरलाल को पट्‌टा मिलने से मिला जमीन का मालिकाना हक

**चूरू (विराट वैभव)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की दिशा में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से आमजन को भरपूर लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को चूरू जिले के चूरू उपखंड की ग्राम पंचायत सोमासी में आयोजित शिविर में गांव के ही भंवर लाल पुत्र मगाराम नायक को पट्टा मिलने से उनको जमीन का मालिकाना हक मिला है। लाभार्थी भंवरलाल बताते हैं कि उनका परिवार करीब 50 साल से इनका परिवार सोमासी में निवास कर रहा है। लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी घर का पट्टा नहीं मिला, जिससे उनको विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के %आपणो अग्रणी राजस्थान% के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं।

चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड्?डी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया। इससे ग्रामीणों ने शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सरकार के कारण हम सुरक्षित हैं



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बूंदी

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—



# अवतार व राजविन्द्र के लिए वरदान साबित हुआ बाजड़ शिविर

बूंदी, 4 जुलाई। राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बाजड़ गाँव में लगे शिविर ने कई लोगों के लिए उम्मीद की किरण जगाई। इसी कड़ी में, बाजड़ निवासी अवतार सिंह और राजविंद्र कौर के लिए यह शिविर एक वरदान साबित हुआ। लंबे समय से लंबित उनकी ज़मीन के खातों का बंटवारा इस शिविर में सहमति के आधार पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बंटवारे के बाद सभी संबंधित खातेदार बेहद प्रसन्न नज़र आए, क्योंकि उन्हें अपनी पुश्तैनी ज़मीन से जुड़े एक जटिल मुद्दे से मुक्ति मिल गई। उन्होंने इस त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए राज्य सरकार का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। शिविर में हुआ यह भूमि बंटवारा केवल दो परिवारों के लिए राहत नहीं लाया, बल्कि यह प्रशासनिक सरलता, पारदर्शिता और जन-सेवा के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बन गया हैं। लाभार्थियों के अनुसार यह शिविर इस बात का जीवंत प्रमाण है कि सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं और प्रशासनिक दक्षता सीधे तौर पर आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

संग्रहण ... रखें, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं हों।

# जाति सुधार से मिली राहत: बृजमोहन गुर्जर को मिलेगा कृषि ऋण का लाभ

बूंदी, 4 जुलाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालय रायथल में आयोजित शिविर बृजमोहन गुर्जर (पुत्र मांगीलाल गुर्जर, निवासी जखाना) के लिए वरदान साबित हुआ। बृजमोहन ने शिविर प्रभारी को अपनी पुरानी समस्या से अवगत कराया कि उनकी जमाबंदी खाता संख्या 114 में उनकी जाति %ब्राह्मण% दर्ज थी, जबकि वे असल में गुर्जर समुदाय से हैं। इस त्रुटि के कारण बृजमोहन को लंबे समय से कृषि ऋण का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल उनकी जाति को %गुर्जर% के रूप में सही कर दिया। इस त्वरित और प्रभावी कार्यवाही से बृजमोहन अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने शिविर को अत्यधिक उपयोगी बताया और राजस्थान सरकार तथा प्रशासन के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। बृजमोहन अब आसानी से कृषि ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी खेती-बाड़ी में काफी मदद मिलेगी।

कर सकेंगे ... मदद मिलेगी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# 5 जुलाई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

बून्दी, 4 जुलाई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे।

**5 जुलाई को यहां लगेंगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर**-5 जुलाई को तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत गोकुलपुरा, ठीकरदा एवं मांगली कलां में शिविर आयोजित किये जाएंगे।

दैनिक भास्कर बूंदी 05-07-2025

# 70 साल के दो भाइयों ने जमीन का किया आपसी बंटवारा, शिविर में पत्रावली सौंपी

## बराना व चोतरा का खेड़ा में लगाया अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

भास्कर न्यूज | झालीजी का बराना



ग्राम पंचायत भवन में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। विभागीय कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। शिविर प्रभारी केपाटन तहसीलदार सज्जनसिंह चौधरी ने दोपहर बाद आकर अधिकारियों से जानकारी ली। ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में राजस्व से जुड़ी समस्याओं को लेकर सबसे ज्यादा भीड़ रही। हल्का पटवारी से जमीन के निस्तारण को लेकर किसान दिनभर जुटे रहे। 70 वर्षीय किसान चौथमल और जगन्नाथ गुर्जर ने आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा किया। दोनों भाइयों ने आधा-आधा हिस्सा तय कर पत्रावली सौंपी। चिकित्सा विभाग से ब्लॉक सीएमएचओ जितेंद्र सियहरा और पीएचसी प्रभारी डॉ. पूजा प्रजापति ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की। जल्द ही पीएचसी पर नई भर्ती के तहत दूसरा डॉक्टर लगेगा।

शिविर में नामांतरण के 18, सहमति बंटवारे के 3, सीमाज्ञान के 3, रास्ता दुरुस्तीकरण के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आवासीय पट्टे दिए गए। मोहल्लों में फैली गंदगी की शिकायतों का समाधान किया गया।

शिविर में सरपंच राजीबाई मीणा, ग्राम विकास अधिकारी धनराज मीणा, पटवारी चेतराम मीणा, कृषि विभाग पर्यवेक्षक संजीदा खान, कानूनगो गिरिराज, मनीषकुमार, सत्यनारायण मीणा, जलदाय विभाग से जेईएन पवन कुमार लोधा, डिस्कॉम से ओमप्रकाश मीणा, खाद्य सुरक्षा राशन डीलर रूपेश मेघवाल, पंचायत सहायक भीमराज चौहान, मुकेश गोस्वामी मौजूद रहे।

# बड़ौदिया शिविर में आवासीय पट्टे बांटे



बसोली. बड़ौदिया ग्राम पंचायत में पं. दीनदयाल उपाध्याय संबल अंत्योदय पखवाड़े के तहत लगाए शिविर में ग्रामीणों को वर्षों पुरानी मांग के अनुसार आवासीय पट्टे बांटे गए। 136 किसानों की जमाबंदी और नामांतरण की फाइलें खोली गईं। इससे लंबित समस्याओं से राहत मिली। शिविर में पेंशन सत्यापन किया गया। मेडिकल टीम ने 40 मरीजों की जांच की। पांच लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। पांच ग्रामीणों को आभा योजना का लाभ मिला। बिजली से जुड़ी समस्याओं का निबटारा हुआ। पंचायत मुख्यालय पर 12 से अधिक नए रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में आंकलन किया गया।

शिविर में हिंडोली तहसीलदार कमलेश मीणा, सरपंच राधेश्याम गुप्ता, शिविर प्रभारी धन्नालाल मीणा, नाकाप्रभारी रमेश मीणा, बीडीओ पीयूष गोयल, पंचायत विकास अधिकारी नितिन शर्मा, मदन कोतवाल, हनुमान महेश्वरी व सरकारी अधिकारी मौजूद रहे।

# आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बून्दी।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे। शनिवार को तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत गोकुलपुरा, ठीकरदा एवं मांगली कलां में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# अवतार व राजविन्द्र के लिए वरदान साबित हुआ बाजड़ शिविर

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, बूंदी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बाजड़ गांव में लगे शिविर ने कई लोगों के लिए उम्मीद की किरण जगाई है। इसी कड़ी में बाजड़ निवासी अवतार सिंह और राजविंद्र कौर के लिए यह शिविर एक वरदान साबित हु आ। लंबे समय से लंबित उनकी जमीन के खातों का बंटवारा इस शिविर में सहमति के आधार पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बंटवारे के बाद सभी संबंधित खातेदार बेहद प्रसन्न नजर आए, क्योंकि उन्हें अपनी पुश्तैनी जमीन से जुड़े एक जटिल मुद्दे से मुक्ति मिल गई। उन्होंने इस त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए राज्य सरकार का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। शिविर में हुआ यह भूमि बंटवारा केवल दो परिवारों के लिए राहत नहीं लाया, बल्कि यह प्रशासनिक सरलता, पारदर्शिता और जन-सेवा के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बन गया हैं। लाभार्थियों के अनुसार यह शिविर इस बात का जीवंत प्रमाण है कि सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं और प्रशासनिक दक्षता सीधे तौर पर आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – टोंक

–:: समाचार कतरन –05 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर टोंक 05-07-2025

# हमीरपुर में नामांतरण के 41 प्रकरण आए, 256 लोगों की स्वास्थ्य जांच की

टोडारायसिंह| ग्राम पंचायत हमीरपुर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। पंचायत समिति टोडारायसिंह की ओर से आयोजित इस शिविर में 16 विभागों ने आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। राजस्व विभाग ने नामांतरण के 41, सीमांकन के 18, पत्थर गड़ी के 10, रास्ते के 8 और सहमति बंटवारे के 6 प्रकरण निपटाए। कृषि विभाग ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के 28 प्रकरणों का निस्तारण किया। वन विभाग ने 284 पौधे वितरित किए। चिकित्सा विभाग ने 256 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। नायब तहसीलदार पूजा अटल शिविर प्रभारी रहीं। प्रशासक गीता देवी जाट, सहायक शिविर प्रभारी भरत लाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सुमंत जांगिड, अतिरिक्त विकास अधिकारी बन्नालाल सैनी, समाजसेवी गोवर्धन लाल जाट, वार्ड पंच गोवर्धन खारोल, मोरपाल बैरवा, नाथू लाल सैनी, धन्नालाल जाट, गोपाल धाकड़ और पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल पूनिया मौजूद रहे।



टोडारायसिंह | हमीरपुर में ग्रामीणों को लाभान्वित करती नायब तहसीलदार।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर प्रशासन एवं जनता के बीच बन रहे सेतु

# खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़ने से साजिदा के चेहरे पर आई सुकून की मुस्कान

## राजस्व रिकार्ड में जाति की अशुद्धि सही होने, सह खातेदारों में बंटवारा, आवासीय पट्टे मिलने लाभार्थी हुए खुश

खबरों की दुनिया





टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर प्रशासन एवं जनता के बीच सेतु बन रहे है। इन कैंपों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का पंजीकरण कर उन्हें इन समस्याओं से मौके पर ही राहत दी जा रही है। इसके साथ ही, इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं के फायदे पहुंचाए जा रहे है। शिविर में वर्षों से लंबित कार्य मौके पर ही होने एवं समस्याओं से निजात मिलने पर लाभार्थी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारियों का आभार व्यक्त कर रहे है। नायब तहसीलदार पूजा अटल ने साजिदा बानो की अनाज की चिंता को हमेशा-हमेशा के लिए किया दूर पखवाड़े के तहत टोंक तहसील की ग्राम पंचायत हमीरपुर में आयोजित शिविर में गरीब महिला साजिदा बानों पहुंची। साजिदा को दो वक्त की रोटी के लिए अनाज की चिंता रहती थी। निर्धन महिला ने पूर्व में खाद्य सुरक्षा योजना में अपना नाम जुड़वाने के लिए काफी प्रयास किए लेकिन वह विफल रही। अपनी अनाज की चिंता से हताश, निराश एवं परेशान साजिदा को शिविर प्रभारी पूजा अटल ने भरोसा दिलाया कि आप अनाज की चिंता नहीं करें और बेफ्रिक रहे। प्रभारी पूजा ने शिविर में उपस्थित संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रार्थी के खाद्य सुरक्षा फार्म की जांच कर उसका नाम योजना में जोड़ा जाएं। शिविर प्रभारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने निर्धन महिला साजिदा का खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ा। शिविर में मौके पर ही खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़ने पर लाभार्थी के चेहरे पर वर्षों बाद एक सुकून की मुस्कान थी। साजिदा ने नायब तहसीलदार पूजा अटल को दुआओं से नवाजते हुए भावुक स्वर में कहा कि भूख के खिलाफ लड़ाई में मेरी बेटी समान पूजा अटल ने मुझे एक मजबूत सहारा देकर मेरी अनाज की चिंता को हमेशा-हमेशा के लिए दूर किया है।

उपखंड देवली की ग्राम पंचायत बीसलपुर (रतनपुरा) में आयोजित शिविर में तहसील मालपुरा की ग्राम पंचायत डिग्गी निवासी राधेश्याम शर्मा पुत्र सियाराम एवं गंगोत्री देवी पत्नी सियाराम शर्मा ने शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि राजस्व रिकार्ड में उनके जाति की अशुद्धि को सही कर उन्हें राहत प्रदान की जाएं। शिविर प्रभारी ने हल्का पटवारी एवं गिरदावर को निर्देश दिए कि प्रार्थी की जमाबंदी में गलत दर्ज हुई जाति को शुद्ध करें। शिविर प्रभारी के निर्देश पर गिरदावर एवं पटवारी ने परिवादियों की अशुद्धि को जमाबंदी में सही कर उसे शुद्ध किया। इसी तरह तहसील निवाई की ग्राम पंचायत मूंडिया में आयोजित शिविर में मूंडिया निवासी गोपाल, प्रहलाद एवं सीताराम पुत्र कल्याण राणा के नाम को राजस्व रिकार्ड में शुद्ध किया। शिविर में मौके पर ही राजस्व रिकार्ड में नाम सही होने पर लाभार्थियों के बीच बेहद खुशी है।

**शिविर प्रभारी की समझाइश से सह खातेदारों में सहमति से हुआ बंटवारा**

टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत अलियारी में सह खातेदारों के बीच समझाइश करने से भूमि का सहमति से बंटवारा मौके पर ही हो गया। परिवादी शंकर लाल पुत्र नाथू लाल जाट निवासी मोतीपुरा ने बताया कि हमने राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने के काफी प्रयास किए। सह खातेदारों के मध्य सहमति नहीं होने के कारण इस काम में कठिनाई आ रही थी। शिविर प्रभारी रतन लाल मीणा द्वारा समझाइश करने पर हम सभी इस बात के लिए राजी हो गए। बंटवारा होने पर सभी बेहद खुश है।

**रेणु बैरवा को मिला मकान का आवासीय पट्टा**

पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत निम्हेड़ा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में रेणु पत्नी विष्णु बैरवा को कई वर्षों के बाद मकान का आवासीय पट्टा शिविर प्रभारी ने दिया। लाभार्थी के आवेदन का अवलोकन करने के बाद आवासीय मकान का मौका मुआयना कर पट्टा बनाया गया। पट्टा बनने से रेणु बैरवा ने बताया कि इस पट्टे से लोन लेकर वह पारिवारिक सदस्यों को भेड़-बकरी दिलाकर अपनी आर्थिक स्थिति कर सकेगी।

दैनिक भास्कर
टोंक 05-07-2025

# ग्राम पंचायत झिराना व निमेड़ा में 70 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 47 को आवासीय पट्टे वितरित

भास्कर न्यूज़ | पीपलू

ग्राम पंचायत झिराना और निमेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। झिराना में शिविर प्रभारी छीतरमल चौधरी, उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौती, प्रशासक अशोक राव, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गुर्जर और कृषि पर्यवेक्षक रामरतन सैनी मौजूद रहे। कृषि विभाग ने 70 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए। शिविर प्रभारी ने बताया कि सीमा ज्ञान के 23, पत्थरगढ़ी के 3, नामांतरण के 15, रास्ते से जुड़े 3, आपसी सहमति से बंटवारे के 14 आवेदन मिले। केवाईसी के 70, टीबी किट के 12, एनसीडी पंजीकरण के 342 और आरसीएच टीकाकरण के 50 लाभार्थी रहे। बिजली निगम की टीमों ने पांच जगह झूलते तार और पांच विद्युत पोल ठीक किए। 138 लाभार्थियों को किट बांटी गई।



पीपलू। ग्राम पंचायत झिराना में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र सौंपते हुए।

ग्राम पंचायत निमेड़ा में लगे शिविर में नायब तहसीलदार प्रभुलाल मीणा, प्रशासक तुलसीराम गुर्जर और ग्राम विकास अधिकारी हरिराम गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता मुकेश गुर्जर मौजूद रहे। यहां 47 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। राजस्व विभाग ने 28 नामांतरण खोले। ग्रामीणों ने सीमा ज्ञान के 19, पत्थरगढ़ी का एक और रास्ते से जुड़े चार आवेदन दिए। चिकित्सा विभाग ने स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किए। 160 लोगों को परामर्श और दवाएं दी गईं।

दैनिक भास्कर टोंक 05-07-2025

# शिविर में जाति शुद्धि की 5 साल पुरानी समस्या हल

नासिरदा | दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कैम्प एक किसान की 5 साल से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ। ग्राम डिग्गी तहसील मालपुरा निवासी राधेश्याम शर्मा, उनके पिता सियाराम शर्मा और माता गंगोत्री देवी कैम्प में पहुंचे। इनके नाम ग्राम नासिरदा की जमाबंदी के रिकॉर्ड में जाति ब्राह्मण की जगह बरामन दर्ज थी। इस गलती के कारण इन्हें सरकारी योजनाओं और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लेने में परेशानी हो रही थी। कैम्प में मौजूद नायब तहसीलदार नासिरदा ने इनकी बात सुनी। मौके पर ही पटवारी हल्का कमल शर्मा नासिरदा और भू-अभिलेख निरीक्षक से जांच करवाई गई। जांच रिपोर्ट और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर नायब तहसीलदार ने जाति शुद्ध करने का आदेश दिया। आदेश की पालना में पटवारी ने मौके पर ही नामांतरण दर्ज किया। इसके बाद नायब तहसीलदार ने नामांतरण स्वीकृत कर जमाबंदी की प्रतिलिपि जारी की।

# अंत्योदय शिविर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, मालपुरा।** पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को लावा में आयोजित शिविर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। मैरिगटन सोनी सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग टोंक के निर्देशानुसार विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी हरिनारायण बैरवा, शिविर सह प्रभारी गिरदावर प्रहलाद नारायण बैरवा द्वारा किया गया। एक से तीन वर्षीय 4 बच्चियों का फूल माला से स्वागत कर रोली अभिषेक से सम्मानित कर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बच्चियों के अस्तित्व के अधिकार को रेखांकित करना है। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग से मालपुरा ब्लॉक सुपरवाइजर रामेश्वर डूडी, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से काउंसलर अरुणा शर्मा, आशा शास्त्री, सविता गुर्जर, मंजू चौधरी के साथ एह जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना, ग्राम साथिन आरती महावर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे, ब्लॉक स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच कमल जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल जी, यूथ क्लब लावा अध्यक्ष लालाराम ताखर आदि उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम में आई सभी बेटियों की माताओं को धन्यवाद देते हुए।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े में 70 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण

**पीपलू.** ग्राम पंचायत झिराना और निमेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। झिराना में शिविर प्रभारी छीतरमल चौधरी, उपखंड अधिकारी गणराज बड़गोती, प्रशासक अशोक राव, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गुर्जर और कृषि पर्यवेक्षक रामरतन सैनी मौजूद रहे। कृषि विभाग ने 70 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए।

शिविर प्रभारी ने बताया कि सीमा ज्ञान के 23, पत्थरगढ़ी के 3, नामांतरण के 15, रास्ते से जुड़े 3, आपसी सहमति से बंटवारे के 14 आवेदन मिले। केवाईसी के 70, टीबी किट के 12, एनसीडी पंजीकरण के 342 और आरसीएच टीकाकरण के 50 लाभार्थी रहे। विद्युत विभाग की टीमों ने पांच जगह झूलते तार और पांच विद्युत पोल ठीक किए। 138 लाभार्थियों को किट बांटी गई। ग्राम पंचायत निमेड़ा में लगे शिविर में नायब तहसीलदार प्रभुलाल मीणा, प्रशासक तुलसीराम गुर्जर और ग्राम विकास अधिकारी हरिराम गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता मुकेश गुर्जर मौजूद रहे। यहां 47 आवासीय पट्टे वितरित किए गए।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला -प्रतापगढ़

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर प्रतापगढ़ 05-07-2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आज से लगेंगे शिविर

प्रतापगढ़। जिले भर में ग्राम पंचायत में कार्य योजना के अनुसार कलेक्टर डॉ अंजली राजोरिया के मार्गदर्शन में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न सुविधाओं व योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार उपलब्ध करवाया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को पखवाड़े के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। 5 जुलाई को धमोत्तर की माण्डकला, पाल, सुहागपुरा की छरी, लाम्बाडाबरा, प्रतापगढ़ की सिद्धपुरा, सेमलपुर, सामली पठार, रोहनिया, पीपलखूंट की रोहनिया व पृथ्वीपुरा में शिविर होंगे। इसी तरह से 6 जुलाई को धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टीला, बावड़ीखेड़ा, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा व बानघाटी में शिविर होंगे। 7 जुलाई को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भरकुण्डी, लोहागढ़, झड़ोली, देवला, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कचोटिया, पाडलिया, प्रतापगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वरमण्डल, लुहारिया, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ठंठेल, बांसलाई, छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसुन्दा, कारूण्डा, जलोदिया केलुखेड़ा, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नागदी, वीरावली, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नालपाड़ा व डूंगलावाणी में शिविर होंगे।

पत्रिका

# आज व कल यहां लगेंगे शिविर

प्रतापगढ़ @ पत्रिका. ग्राम पंचायत में कार्य योजना के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न सुविधाओं व योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को पखवाड़े के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में शनिवार को धमोत्तर की माण्डकला, पाल, सुहागपुरा की छरी, लाम्बाडाबरा, प्रतापगढ़ की सिद्धपुरा, सेमलोपुर, सामली पठार, रोहनिया, पीपलखूंट की रोहनिया व पृथ्वीपुरा में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह से रविवार को धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टीला, बावड़ीखेड़ा, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केसरपुरा व बानघाटी में शिविर आयोजित होंगे।

05/07/2025 | Partapgarh | Page : 4 Source : https://epaper.patrika.com/



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - भीलवाड़ा

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर में ग्रामीण बता रहे है अपनी समस्याएं

# राजस्व रेकॉर्ड में जाति परिवर्तन हुआ तो प्रार्थी हुए खुश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बरसनी.** ग्राम पंचायत फलामादा में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर हुआ । शिविर में प्रार्थी ईश्वर,उदा , लादू , मादू कुम्हार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर फलामादा में स्थित उनकी खातेदारी भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में जाति कुम्हार के बजाय जाट दर्ज हो गई है । जिससे सभी खातेदारों को राजस्व संबंधी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा था। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी रोहित सिंह चौहान ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पटवार हल्का फलामादा व आई एल आर दाटडा को शुद्धिकरण दर्ज कर उदा , मादु , हेमा , ईश्वर , संतोक , श्रीराम , कमला , नारायण , शिव सभी खातेदारी की जाति जाट के बजाय कुम्हार दर्ज की गई। शिविर मे ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । उपखंड अधिकारी चौहान ने लाइब्रेरी का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए । लाइब्रेरी में समाचार पत्र के महत्व को विस्तार से जानकारी देते हुए लाइब्रेरी में निरंतर समाचार पत्र मंगवाने के लिए कहा ।शिविर मे 31 ग्रामीणों को पट्टे जारी किए , 9 जॉब कार्ड हाथों हाथ दिए गए तथा एक टीबी रोगी को खाद्य सामग्री कीट प्रदान किया गया । ग्रामीणों द्वारा आए हुए आवेदनों का शिविर में हाथों हाथ निस्तारण किया गया। विधायक जब्बरसिंह सांखला , उपखंड अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने पंचायत भवन परिसर में तथा अन्य स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया । इस अवसर पर , नायब तहसीलदार मुकेश गुर्जर, ग्राम सरपंच महिपाल सिंह चुंडावत , सहायक विकास अधिकारी रामदेव बैरवा, पटवारी भुपेंद्र जाट उपस्थित रहे ।



## शिविर में एलोपैथिक डॉक्टर के नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश



**सवाईपुर@पत्रिका.** ग्राम पंचायत मुख्यालय परिसर मे अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन अधिकारी सत्यनारायण गुजराती ने बताया कि शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा के सानिध्य में हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोपुरा में खेल मैदान के लिए ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य लादीदेवी जाट के सानिध्य में शिविर में मांग की। शिविर में एलोपैथिक डॉक्टर के अभाव में ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। शिविर मे प्रशासक महावीर सुवालका,, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार बैरवा, नंदकिशोर मौजूद थे।

## खाते में शुद्धिकरण और अतिक्रमण हटाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बिजौलियां .** सलावटिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को हुए अंत्योदय शिविर में दो महत्वपूर्ण मामले निपटाए गए। जाडोली के निवासी दुर्गा शंकर अहीर जिसे पिछले 10 वर्ष से खाते में नाम अशुद्ध था उसने आवेदन पत्र दिया । इस पर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने तहसीलदार ललित डिडवानिया को जांच के आदेश दि। इस पर भू अभिलेख निरीक्षक और पटवारी के रिपोर्ट के आधार पर नाम शुद्धिकरण किया । दूसरा प्रकरण झाडोली के आराजी नंबर 711 में एक व्यक्ति की ओर से 2 वर्ष से पत्थर डालकर मार्ग अवरुद्ध कर रखा था। एसडीएम के निर्देश अतिक्रमण हटाया गया।



## शिविर में खराब हैंडपम्प हाथोंहाथ किए ठीक

**सहाड़ा@पत्रिका.** ग्राम पंचायत सालेरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार प्रेमचंद भील, गिरदावर अरविंद गुप्ता, पटवारी दिनेश कुमावत, सरपंच चांदमल सुवालका, ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु सोलंकी, कृषि पर्यवेक्षक प्रिया पालीवाल, शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे । शिविर में ग्रामीणों को चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता व पशुपालन विभाग द्वारा पशु बीमा योजना की जानकारी प्रदान की गई । पीएचईडी विभाग की ओर से ग्रामीणों की शिकायत पर बंद पड़े हुए हैंडपंपों का हाथों हाथ समाधान किया गया । कृषि विभाग की ओर से कृषकों को मिनी किट वितरित किए। राजस्व विभाग की ओर से जन्म, मृत्यु, जाति, मूल निवास के प्रमाण पत्र हाथों हाथ जारी किए गए ।

शिविर में किसानों ने जंगली सुअरों की समस्या के लिए शिविर प्रभारी का घेराव किया ।



05/07/2025 | Bhilwara | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

# शिविर में पहुंच ग्रामीण उठाये जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**शाहपुरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को शाहपुरा तहसील के सांगरिया ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी व फुलिया कला तहसीलदार अनिल चौधरी ने समस्याएं सुनी व दिशा निर्देश दिए।कैंप के माध्यम से जन कल्याणकारी योजना के बारे में अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया।साथ ही शिविर में कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। नए जॉब कार्ड जारी किए, पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा फार्म स्वीकृत किए, पट्टे जारी किए, स्वामित्व योजना संपूर्ण सत्यापन, रास्ता निवारण, नाम शुद्धिकरण, सीमा ज्ञान, पत्थर गड्डी, बंटवारा आदि कार्य हुए। टीवी के मरीज है उनकों निक्षय पोषण किट दिए गए। शिविर प्रभारी चौधरी सहित अधिकारीयों की सहभागिता में एक वृक्ष मां के नाम लगाया गया। इस दौरान शिविर में शिविर प्रभारी व फुलिया कलां तहसीलदार अनिल चौधरी, ग्राम पंचायत प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी, सहायक सचिव, समाजसेवी घनश्याम सिंह राणावत, गिरदावर हरिराम माली, पटवारी, सहायक अभियंता सत्येंद्र सिंह, पीएचडी अधिकारी शिवराज, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी बीसीएमओ एसएन शर्मा, डॉ देवेंद्र शर्मा, सीएचएमओ राजेंद्र शर्मा, एएनएम आशा तेली, पूजा गुर्जर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ शिवेन्द्र बालोटिया, बिजेश व्यास, वन पाल महावीर माली, कृषि पर्यवेक्षक बृजेश कुमार मेघवंशी, ग्राम सेवक कैलाश माली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खण्ड भीलवाड़ा**

पुर रोड, भीलवाड़ा, फोन नं. 01482-240330, फैक्स नं. 01482-240300

क्रमांक अअ/नगर खण्ड/भीस/निविदा/2025-26/1793-1800 दिनांक : 23-6-25

**निविदा सूचना सं0 27-32/2025-2026**

NIB NO. PHE2526A1947

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के ई-टेण्डरिंग माध्यम से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका समस्त विवरण वेबसाईट website httpSPPP.rajasthan.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

UBN NO-PHE2526WSRC04025, 04027, 04028, 04029, 04030, 04031

(किशन खोईवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग, नगर खण्ड भीलवाड़ा

DIPR/C/8866/2025

# जन-जन की सेवा का संकल्प बन रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा






**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप आमजन और पात्रता धारी लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक मिलने के साथ ही समस्याओं का समाधान हाथोंहाथ मिले साथ ही उन्हें विभागों और दफ्तरों की चक्कर ना काटने पड़े इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत 3 जुलाई को उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां की अगुवाई में ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं बताई एवं आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर ही समाधान किया गया। इसी क्रम में श्रीमती भूवनेश शर्मा ने राजस्व अभिलेख में नाम सुधार हेतु आवेदन सौंपा और बताया की मुझ प्रार्थीया की भूमि ग्राम माल का खेड़ा खाता संख्या 23 पर नाम ममता पुत्र सोहन एवं खाता संख्या 24 पर नाम ममता पुत्री सोहन हो गया है जो अशुद्ध है जो विगत 10-15 वर्षों पूर्व विरासत से नामान्तरण दर्ज होने से गलत दर्ज हुआ था। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने तत्क्षण तहसीलदार बिजौलियां से जांच रिपोर्ट प्राप्त करवाई। रिपोर्ट की पुष्टि के पश्चात प्रार्थी के नाम में आवश्यक शुद्धि कर दी गई। समस्या के शीघ्र एवं सकारात्मक समाधान से संतुष्ट होकर प्रार्थी भूवनेश शर्मा ने राज्य सरकार एवं उपखण्ड प्रशासन का हार्दिक आभार प्रकट किया। इसी तरह ग्राम धनवाड़ा के खाता संख्या 463, कुल रकबा 2.5900 है0 भूमि के बंटवारे हेतु श्री कालू पुत्र खाना, जाति बैरागी निवासी माल का खेड़ा व अन्य ने शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार बिजौलियां द्वारा दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर मौके पर ही दस्तावेज तैयार कर नियमानुसार आदेश जारी किया गया तथा प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया। इस त्वरित समाधान ने शिविर की कार्यकुशलता एवं प्रभावशीलता को दर्शाया। संबंधित परिवारजनों में हर्ष की लहर देखी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन की पारदर्शी, संवेदनशील और समाधानमुखी कार्यशैली की सराहना करते हुए राज्य सरकार और उपखण्ड प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

पत्रिका

सुराग नहीं लगा पाई हैं। केलू सारता ग्रामीण हस्तीमल प्रजापत। -पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा: राजस्व रेकॉर्ड में अशुद्धियां सुधरी तो मिली सही पहचान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटड़ी.** पंचायत समिति कोटडी के किशनगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में उपजिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, किशनगढ़ प्रसाशक कमला रामस्वरूप गुर्जर, कोटड़ी तहसीलदार रामकिशोर मीणा सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों के सालों से लंबित समस्याओं का निदान हुआ तो चेहरे पर खुशी छलक उठी। शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, खाता दुरुस्ती, रास्ते पर अतिक्रमण आदि प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में बद्री पिता हरि बलाई ने आवेदन दिया है कि कई वर्षो से राजस्व रेकार्ड में जाति में बलाई की जगह नाई दर्ज है, जिससे उसकी गलत पहचान हो रही है।समस्या के निराकरण के लिए तत्काल जांच कर पटवारी हल्का किशनगढ़ व भू अभिलेख निरीक्षक सवाईपुर द्वारा शुद्धि पत्र की कार्यवाही की जाकर खाता में सही जाति दर्ज की गई। राजस्व रिकार्ड शुद्धिकरण के लिए कई महीने से परेशान किसान को जब शिविर में राहत मिली तो चेहरे पर खुशी छलक आई। इसी प्रकार किसान देऊ पुत्री रामचन्द गुर्जर ने खाता दुरुस्तीकरण का आवेदन दिया। राजस्व रिकार्ड का अवलोकन कर खाता को दुरुस्त किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथोंहाथ निस्तारण किया गया।


@कोटड़ी


@रायला

**रायला.** बनेड़ा उपखंड क्षेत्र के बेरा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसुनवाई शिविर प्रभारी बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास की अध्यक्षता में शुरू हुआ। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई ग्राम पंचायत सचिव गिरधर सिंह ने बताया कि जनसुनवाई में पांच शौचालय आवेदन आए, दो पेंशन बंद, पांच पेंशन चालू के प्रकरण तथा पांच पट्टे जारी किए गए। राजस्व विभाग पटवारी अक्षय कुमार जीनगर ने बताया कि 15 नामांकन, दो शुद्धिकरण, दो विभाजन, तीन रास्ता प्रकरण, एक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला आया जिसका निस्तारण किया गया। बिजली विभाग से संबंधित शिकायत का भी विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया ने हाथोंहाथ निस्तारण कराया। सरपंच प्रतिनिधि सुवालाल गुर्जर सहित शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग चिकित्सा विभाग पशु चिकित्सालय विभाग कृषि विभाग आंगनवाड़ी जलदाय विभाग एवं सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अधूरा काम कर ठेकेदार नदारद



**बदनोर.** ग्राम पंचायत व ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। मानतलाई रास्ता अवरुद्ध होने से बड़े-बड़े गड्ढों में भरे पानी के बीच ग्रामीणों को निकलना पड़ रहा है। रास्ता बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका हैं। ठेकेदार ने आधी अधूरी नहर बनाकर पत्थर और रेत रास्ते में छोड कर नदारद हो चुका है। ग्राम पंचायत प्रशासन अधूरे कार्य को पूरा करना भूल गए। ग्रामीणों का कहना हैं कि कस्बे का मानतलाई मार्ग चारभुजा फैक्ट्री से आंजन विद्यापीठ स्कूल तक पूरा रास्ता करीब एक साल से बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है। ग्राम पंचायत प्रशासन ने 2 से 3 माह पूर्व नहर बनाने का कार्य शुरू किया रास्ते में पत्थर रेत डाल दी 100 से 150 सौ फीट आधी अधूरी नहर बनाकर छोड़ दी। वाहन चालक व राहगीर आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। पंचायत प्रशासन को कई बार समस्या के बारे में अवगत कराया फिर भी समस्या जैसी की तैसी बनी हुई। करीब 15 महीने उपखंड अधिकारी एवंदिह महीने से विकास अधिकारी नहीं होने से ट्रांसफर होने बाद से दोनों पद रिक्त हैं। अतिरिक्त के भरोसे चल रहे हैं जो कभी कभार आते हैं। ग्रामीण शिकायत करें तो किससे करें। पहले ही दोनों विभाग में ग्रामीणों ने दर्जनों शिकायत कर रखी है। आमजन की समस्या का सामाधन करने वाला कोई नहीं है।

05/07/2025 | Bhilwara | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा :

# अंतिम पंक्ति तक पहुंच रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, लोगों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

## जन-जन तक पहुंच रहा राज्य सरकार से लाभ, जिला कलक्टर कर रहे हैं सतत निरीक्षण

आत्मा की ज्वाला

भीलवाड़ा - गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा 24 जून से शुरू किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा जिले में जनसेवा का व्यापक अभियान बन गया है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और वंचितों को प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान करना है।

इस पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिदिन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें 24 विभागों की 60 से अधिक सेवाएं आमजन को एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जा रही है।

**जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु स्वयं कर रहे सतत निरीक्षण, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट**

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु स्वयं फील्ड में जाकर शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं। वे शिविरों में लाभार्थियों से संवाद कर रहे है और अधिकारियों को निर्देश दे रहे है कि कोई पात्र व्यक्ति राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे।

**उपलब्धियां बनीं प्रेरणा, लोगों को मिल रही राहत**

अब तक अनेक ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे वितरित किए जा चुके है, सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हुआ है, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व गुणवत्तायुक्त बीज वितरित किए गए है तथा महिलाओं को स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ा गया है।

इसके साथ ही लंबित राजस्व प्रकरणों का समाधान, जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने, पेयजल योजनाओं का फिजिकल सत्यापन, नल कनेक्शन वितरण, पशु चिकित्सा शिविर, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव और पौधा वितरण जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं।

**गरीबी मुक्त राजस्थान की दिशा में सार्थक पहल**

जिला कलक्टर ने बताया कि इस पखवाड़े के माध्यम से राज्य सरकार के "गरीबी मुक्त राजस्थान" के संकल्प को साकार करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत चयनित परिवारों को योजनाओं से जोड़कर गरीबी रेखा से ऊपर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

**सभी विभागों का समन्वय और गहन मॉनिटरिंग**

नोडल सेल द्वारा शिविरों की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है और पोर्टल पर प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी फील्ड में रहकर शिविरों को सफल बना रहे है।

भीलवाड़ा जिला 05-07-2025

# सरदारनगर में लगा समाधान शिविर

बनेड़ा |सरदारनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। अध्यक्षता उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास ने की। शिविर में सरदारनगर निवासी प्रेम पत्नी शिवलाल जाट ने सहमति बंटवारे के लिए आवेदन दिया। शिविर प्रभारी श्रीकांत व्यास ने मौके पर ही संबंधित पटवारी से बंटवारा प्रस्ताव तैयार करवाया। फिर स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया। बाद में सह खातेदार अनंत पुत्र राजकुमार बुलिया निवासी भीलवाड़ा ने सहमति दी। दोनों की उपस्थिति में बंटवारा कराया। प्रस्ताव पूर्ण होने पर नामांतरण खोला गया।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 05-07-2025

# सलावटिया में राजस्व और ग्रामीण समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

**बिजौलिया** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सलावटिया में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में 2 भूमि बंटवारे, 6 अवरुद्ध रास्तों का खुलासा, 8 नामांतरण प्रकरण, 3 पत्थरगढ़ी की कार्रवाई, 5 सीमा ज्ञान, 20 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए एवं वितरित किए। ग्राम झाड़ोली निवासी दुर्गाशंकर पुत्र चांदमल अहीर ने अपने राजस्व अभिलेखों में नाम त्रुटि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। तहसीलदार ललित डीडवानिया ने मौके पर जांच की और संशोधन कर नाम दुरुस्त किया। वहीं दूसरे मामले में झाड़ोली ग्राम में एक रास्ते पर वर्षों से पत्थर डालकर अवरोध किया था। शिविर में मुद्दा उठाया तो प्रशासन ने अवरुद्ध रास्ता खुलवाया।

दैनिक भास्कर

# भीलवाड़ा जिला 05-07-2025



## 40 साल से लंबित जमीन बंटवारा का मामला शिविर में निपटा

**कोटड़ी** | जावल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार श्रीलाल मीणा और सरपंच अंबेश भवानी चौधरी की उपस्थिति में समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में बंटवारे, इंतकाल, रास्तों के विवाद, बिजली लाइन सुधार, वन विभाग द्वारा 800 पौधारोपण, टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण, ग्राम पंचायत द्वारा एक दर्जन आवासीय पट्टे और जॉब कार्ड वितरित किए। शिविर में 40 साल से लंबित एक जमीन बंटवारे का मामला भी सुलझाया। अखेपुर के काश्तकार रामप्यारी देवी, शायर देवी, रामस्वरूप जाट, जगदीश जाट और गणेश जाट की सहखातेदारी जमीन का बंटवारा नहीं हो पा रहा था। सभी काश्तकार शिविर में पहुंचे और प्रशासन को जानकारी दी। नायब तहसीलदार मीणा, गिरदावर मोहन सिंह और पटवारी कविता साहू ने मामले को गंभीरता से लिया। मौके पर ही बंटवारा करवा दिया। इससे काश्तकारों को बड़ी राहत मिली। शिविर में चिकित्सा, बिजली, पशु चिकित्सा, ग्रामीण पंचायती राज, सहकारिता और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - अजमेर

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक नवज्योति anchal - 05 Jul 2025 - Page 5

# कुचील में मौके पर बनाए दिव्यांग प्रमाण-पत्र


रूपनगढ़


पुष्कर

न्यूज सर्विस/नवज्योति,
मदनगंज किशनगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ग्राम कुचील के अटल सेवा केंद्र में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 2 हजार 876 ग्रामीण लाभान्वित हुए। इस दौरान केक काटकर बेटी के नाम से पौधरोपण, नारी चौपाल आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एसडीएम निशा सहारणन ने पौधरोपण किया और शिविर में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन के हित के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विनोद देवी, जीविका, लक्ष्मण आदि ने एसडीएम सहारण को प्रार्थना पत्र देते हुए शारीरिक अक्षमता के चलते सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए आग्रह किया। इस पर विभाग के अधिकारियों ने उनका पंजीयन कर हाथों हाथ प्रमाण पत्र जारी कर दिए। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी शक्ति सिंह आदि मौजूद थे।


किशनगढ़। शिविर में योजनाओं से लाभान्वित करते अधिकारी।

**पुष्कर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत देवनगर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन समाधान किया। साथ ही शिविर में आंगनबाड़ी के बच्चों सहित देवनगर के विद्यालय के नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी गौरव कुमार मित्तल, जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह मझेवला, तहसीलदार दिनेश यादव, सरपंच लाली देवी, ग्राम सेवक करण सिंह, कनिष्ठ सहायक विक्रम सिंह रावत, समाजसेवी मदन गुर्जर, पूर्व उप सरपंच महेंद्र सिंह राजावत, बूढ़ा पुष्कर भाजपा मंडल पालक संपत सुंवाल, तेजपाल चौधरी, रामलाल, नानू नाथ योगी, रामदास घारु आदि मौजूद थे।

**रूपनगढ़**। ग्राम त्योद में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी और उपखंड अधिकारी रूपनगढ़ दीपशिखा ने बताया कि शिविर में दस सहमति से बंटवारा प्रकरण तथा चार रास्ता प्रकरण निस्तारित किए गए। तीस स्वामित्व कार्ड बनाए गए जबकि सत्रह मृदा स्वास्थ्य कार्ड संबंधी कार्य संपन्न किया गया। वन विभाग की ओर से 2050 पौधों का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित होकर बंध की ढाणी निवासी व्यक्ति ने लंबे समय से पेयजल वितरण बाधित होने की समस्या रखी जिस पर शिविर प्रभारी ने तुरंत जलदाय विभाग के अधिकारियों को बुलाया और पाइपलाइन दुरुस्त करवाने के बाद जलापूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम छोटा नरेना के लोगों ने आंगनबाड़ी भवन के जर्जर होने की समस्या उठाई तो शिविर प्रभारी दीप शिखा ने स्थानीय स्कूल में निर्मित कमरों में से एक कमरे में आंगनबाड़ी को संचालित करने के निर्देश दिए और ग्रामीणों की आंगनवाड़ी संबंधी समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज समेत अनेअ विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दीं।

दैनिक नवज्योति
anchal - 05 Jul 2025 - Page 2

# नया गांव मीना में रास्ते से हटाया अतिक्रमण

**चौसला-मेवदाकला।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय समर्पण पखवाड़े के तहत नया गांव मीना में राजस्व विभाग ने सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई अतिरिक्त जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर भंडारी के निर्देश पर की गई। ग्रामीणों ने एडीएम कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने किसानों के खेतों में आने-जाने वाले रास्ते पर तारबंदी कर अवैध कब्जा कर लिया। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत मिलने पर एडीएम भंडारी ने एसडीएम और तहसीलदार बंटी राजपूत केकड़ी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद तहसीलदार बंटी राजपूत ने राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर रास्ते का सीमांकन कराया। ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध कराई गई जेसीबी से रास्ते पर किया गया अतिक्रमण हटा दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत नया गांव मीना के सरपंच, भू-अभिलेख निरीक्षक नाथूलाल रेगर, महेन्द्र सिंह राठौड़, हल्का पटवारी धीरज कुमार वर्मा, भूपेश मीणा एवं केकड़ी शहर व सदर पुलिस थाने की टीम मौजूद थी।



चौसला। नयागांव में ग्रामीणों की शिकायत के बाद रास्ते को खुलवाते राजस्वकर्मी।

# शिविर में मौके पर निपटाए प्रकरण

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, श्रीनगर में संभागीय आयुक्त राठौड़ ने किया निरीक्षण















दैनिक नवज्योति ajmer city - 05 Jul 2025 - Page 13

# संभागीय आयुक्त ने किया बीर, कानाखेड़ी और पालरा शिविर का निरीक्षण

## केक काटकर बालिका जन्मदिन मनाया

कासं/अजमेर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को बीर, कानाखेड़ी और पालरा में आयोजित शिविरों का संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने निरीक्षण कर शिविरों में उपस्थित आमजन से संवाद किया एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक लिया। शिविरों में हुए कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। राठौड़ द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इसके अतिरिक्त पखवाड़े में जन्मी बालिका का जन्मदिन केक काटकर



मनाया गया। इससे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को शिविर में नामांतरण तथा रास्तों से संबंधित प्रकरणों एवं सहमति से बंटवारे के मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को स्वामित्व योजना के पट्टे पात्र लाभार्थियों को वितरित करने, बीपीएल सर्वे में वंचितों को जोड़ने और टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का रूप देने, सामाजिक अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को पालनहार, पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने, चिकित्सा विभाग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध सत्यापन कर निस्तारण सुनिश्चित करने, आयुष्मान कार्ड वितरण तथा क्षय रोगियों का सर्वे कर निक्षय पहचान पत्र बनाने, उपचार एवं योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

दैनिक भास्कर किशनगढ़ 05-07-2025

।। यह कार्य बादनवाड़ा नरोजा माणा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# शिविर में किसानों को मिला योजनाओं का लाभ

भास्कर न्यूज़ | अराई

ग्राम पंचायत छोटालाम्बा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी आस्था शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों और किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। ग्राम पंचायत सिरोंज में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, नामान्तरण, आपसी सहमति से बंटवारा जैसे कार्य किए गए। पशुपालन विभाग ने टीकाकरण किया। पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व कार्ड और पट्टे जारी किए। खाद्य विभाग ने आधार सीडिंग और ई-केवासी से जुड़े कार्य पूरे किए।

शिविर में ग्राम लाम्बा की कृषक लाडा देवी को कृषि विभाग की योजनाओं से लाभ मिला। उनके खेत की मिट्टी क्षारीय थी, जिससे उपज नहीं हो रही थी। अधिकारियों ने उन्हें जैविक खेती के फायदे बताए। ढेंचा फसल की जानकारी दी, जो दलहनी होने के कारण मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिर करती है। कृषक को देवां-DH-01 किस्म का मिनीकिट निशुल्क दिया गया। शिविर में एसडीएम आस्था शर्मा, तहसीलदार हरिराम, नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह, गिरदावर, प्रशासक श्रीकानाराम, पटवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# हरराजपुरा-मोयना में लगे शिविर, 67 मामलों का निस्तारण हुआ




मसूदा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शुक्रवार को उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोयना, हरराजपुरा और देवपुरा में शिविर लगाए गए। ग्राम हरराजपुरा में हुए शिविर में पंचायत प्रसार अधिकारी मनोज यादव, प्रशासक इकबाल, ग्राम विकास अधिकारी रफीक मोहम्मद, भू अभिलेख निरीक्षक घनश्याम सेन, पटवारी अभिषेक चौधरी, उर्मिला दायमा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और मौके पर समाधान किया गया। हरराजपुरा शिविर में राजस्व विभाग ने 18 नामांतरण, 1 बंटवारा, 5 रास्ते और 5 शुद्धि के प्रकरणों का निस्तारण किया। ग्राम पंचायत मोयना में लगे शिविर में राजस्व विभाग ने 9 रास्ते, 1 बंटवारा, 4 शुद्धि, 4 सीमाज्ञान और 15 नामांतरण के प्रकरण निपटाए। पंचायत राज विभाग ने 14 पट्टे स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए। मोयना शिविर में प्रशासक निशा मेघवंशी, प्रतिनिधि राजकुमार मेघवंशी, भू अभिलेख निरीक्षक महिपाल मीना, पटवारी खेमराज चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित अन्नप्राशन कार्यक्रम में प्रशासक निशा मेघवंशी ने बच्चों को अन्नप्राशन करवाया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, सदारी में शिविर आयोजित

# शिविर में कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं ग्रामीण: रायचंद बागड़ी

भास्कर न्यूज़ | सावर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम पंचायत सदारी में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कैंप में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 140 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए भाजपा जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी ने कैंप में उपस्थित ग्रामीणों को भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे उक्त कैंपों में अधिक से अधिक योजनाओं में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। शिविर में एसडीएम सुभाष हेमानी, जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी, एसडीएम श्रद्धा सिंह ,नायब तहसीलदार अर्पिता चौधरी, सावर पंचायत समिति विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, सरपंच सदारी रेखा मीणा मौजूद थे।



सावर के सदारी ग्राम पंचायत में शिविर में लाभार्थी को पट्टे वितरित करते हुए

**प्रत्येक पंचायत में लगेंगे 500 पौधे, रखरखाव भी होगा।**

हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बाढ़ का झोपड़ा में किया गया। ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी श्रद्धा सिंह, विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा, सरपंच संतरा देवी मीणा ने वृक्षारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 450 से 500 पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर वृक्षारोपण करवाया जा रहा है, साथ ही पौधों की सार संभाल हेतु समस्त आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, कनिष्ठ सहायक रमेश मीणा,विनोद सैन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिविर में कई सालों से लंबित प्रकरण निपटा राहत प्रदान की

भास्कर न्यूज़ | नसीराबाद

उपखंड क्षेत्र की पंचायतों में आयोजित किए जा रहे दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान ग्रामीणों के वर्षों से लंबित प्रकरणों का निपटारा कर राहत प्रदान की जा रही है।

कानाखेड़ी में शुक्रवार को एसडीएम देवीलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में दुर्गा पत्नी प्रहलाद, नाथी पत्नी रामकिशन, पप्पू पत्नी गोपाल, सुगन पत्नी रामस्वरूप और सीता पत्नी मेवराज खेत के बंटवारे का मामला काफी समय से लंबित था। सभी पक्ष आपस में सहमत नहीं थे। जिस पर संज्ञान लेते हुए शिविर प्रभारी एसडीएम यादव ने सभी पक्षों को समझाइश करते हुए खेत का बंटवारा करवाकर लंबित प्रकरण का निस्तारण किया। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे।

ग्राम पंचायत बीर में भी शिविर का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। शिविर का शुभारंभ संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ ने किया। तहसीलदार ओम लखावत ने बताया कि शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों के परिवादों का निस्तारण कर राहत प्रदान की। प्राचार्य मुकेश कुमार के अनुसार शिविर में शाला के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी उद्घाटन किया गया। शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। शिविर में जिला परिषद सदस्य श्रवणसिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, सरपंच सायरा बानो, हाजी मुराद बेग, अर्जुनसिंह रावत आदि उपस्थित थे। संचालन शारीरिक शिक्षक पूरनचंद ने किया।

## 8 मामलों का मौके पर निपटारा, वन भूमि पर पौधे लगाए

**लोहरवाड़ा।** ग्राम पंचायत भटियाणी के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया। शिविर में 13 विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सेवाएं दीं। राजस्व विभाग ने नामांतरण, रास्तों के प्रस्ताव, बंटवारा, सीमाज्ञान और पत्थरगढ़ी जैसे मामलों में 8 प्रकरणों का मौके पर निपटारा किया। वन विभाग ने पौधारोपण कार्यक्रम के तहत खसरा नंबर 1762 से 1066 तक की वन भूमि पर पौधे लगाए। शिविर में एसडीएम देवीलाल यादव, प्रशासक कौशल्या तेला, तहसीलदार ममता यादव, विकास अधिकारी महेश चौधरी, गिरदावर माया चौधरी, पटवारी रेखा कुमावत और प्रियंका डिस्कॉम एईएन मनीष दत्ता, भाजपा नेता हंसराज चौधरी, समाजसेवी प्रहलाद तेला, उप सरपंच मिठूलाल, वार्ड पंच धर्मेंद्र जाट, दयाल गुर्जर और मुकेश वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

दैनिक भास्कर किशनगढ़ 05-07-2025

।। यह कार्य बादनवाड़ा ... नरोजा माणा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# शिविर में किसानों को मिला योजनाओं का लाभ

भास्कर न्यूज़ | अराई

ग्राम पंचायत छोटालाम्बा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी आस्था शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों और किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। ग्राम पंचायत सिरोंज में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, नामान्तरण, आपसी सहमति से बंटवारा जैसे कार्य किए गए। पशुपालन विभाग ने टीकाकरण किया। पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व कार्ड और पट्टे जारी किए। खाद्य विभाग ने आधार सीडिंग और ई-केवासी से जुड़े कार्य पूरे किए।

शिविर में ग्राम लाम्बा की कृषक लाडा देवी को कृषि विभाग की योजनाओं से लाभ मिला। उनके खेत की मिट्टी क्षारीय थी, जिससे उपज नहीं हो रही थी। अधिकारियों ने उन्हें जैविक खेती के फायदे बताए। ढेंचा फसल की जानकारी दी, जो दलहनी होने के कारण मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिर करती है। कृषक को देवां-DH-01 किस्म का मिनीकिट निशुल्क दिया गया। शिविर में एसडीएम आस्था शर्मा, तहसीलदार हरिराम, नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह, गिरदावर, प्रशासक श्रीकानाराम, पटवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - sirhoi

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

# जिला प्रमुख पुरोहित ने किया शिविरों का अवलोकन, योजनाओं की दी जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत वेलांगरी, मनोरा और मंडवारिया में आयोजित शिविरों का अवलोकन किया। पुरोहित ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से सभी पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा कार्डो का वितरण सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की अवधारणा को साकार करते हुए 24 जून से 9 जुलाई तक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों



के लाभार्थियों को संबंधित दस्तावेजों यथा पट्टे, स्वीकृतियों आदि का वितरण भी किया गया। जिला प्रमुख ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के टेबल पर स्वास्थ्य जांच भी करवाई और अन्य को भी इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। आमजन से संवाद करते हुए उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निस्तारण



के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रधान हंसमुख मेघवाल,जिला परिषद सदस्य दलीपसिंह माडानी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

वेलांगरी। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में शिविर प्रभारी तहसीलदार जगदीश कुमार विश्नोई,जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल,जिला परिषद सदस्य मधु मेघवाल, लाबुसिंह देवड़ा, साबुसिंह देवड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक सदस्य के सानिध्य में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान की तर्ज पर बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया, पशुपालको को मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 बीमा सर्टिफिकेट जारी किए गए। जिला प्रमुख ने वेलांगरी आमली बालदा कस्बे में वाशिंदों के पीने के पानी आपूर्ति को लेकर अनियमितता की शिकायतें दर्ज कराने पर जलदाय विभाग को लताड़ लगाते हुए निराकरण करने का निर्देश दिए। लोगों ने तहसीलदार को कस्बे में दिन प्रतिदिन हो रहे अवैध अतिक्रमण के बारे अवगत कराते हुए गोवंश के लिए चारागाह भूमि को अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। ग्राम विकास अधिकारी श्रवण कुमार विश्नोई, गणेशराम, वनाराम देवासी एवं भीमसिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



Scanned with CamS

# मनोरा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं से किया लाभान्वित



नवज्योति/सिरोही। ग्राम पंचायत मनोरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला परिषद सदस्य दिलीप सिंह मांडानी, प्रधान हसमुख कुमार, पंचायत समिति सदस्य राजाराम प्रजापत व विकास अधिकारी मंछाराम तथा अन्य 16 विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। शिविर में सरकार द्वारा क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं के तहत विभिन्न लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान नवीन पटटा वितरण, पाठ्य-पुस्तक वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्य आदि का वितरण कर लोगों को राहत/सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान ग्रामवासियों ने जिला प्रमुख को ग्राम मनोरा व सतापुरा में पानी को नलों की समस्या से अवगत कराया गया और निवेदन किया कि ग्रामीणों को जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। इस पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को इसके लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों ने बारिश में गड्ढों को सही करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। ग्रामवासियों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली कटौती की जा रही है, जिससे समस्या का सामना करना पड़ता है। शाम में विभिन्न स्थानों पर तार झूल रहे हैं। उन्हें सही करवाने के लिए प्रार्थना पत्र संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी हरसुख आढा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को लाभ उठाने का आग्रह किया।

Scanned with CamS

जिसके बाद इस परिवार में भय का माहौल है। के लोग मौजूद थे।

# भेव में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में 51 प्रोपर्टी पार्सल व 13 पट्टे जारी

नवज्योति/पोसालिया।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत भेव परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को शिविर आयोजित किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी रणजीत कुमार मीणा ने बताया कि शिविर में शिवगंज उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्र ने केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनका परिलाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग देने का आग्रह किया। शिविर में विभिन्न 14 विभागों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत द्वारा 51 प्रॉपर्टी पार्सल एवं नये 13 पट्टे जारी किए तथा 16 पेंशन सत्यापन की गई । राजस्व विभाग द्वारा 11 नामांतरण, 5 नाम शुद्धिकरण, 1 बंटवारा और 5 रास्ता खुलवाने के कार्य किए गए। ग्राम पंचायत द्वारा पांच जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा 350 पशुओं का टीकाकरण किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा 227 ओपीडी 25 टीबी हेतु टेस्ट किए गए। वन विभाग द्वारा 1350 पौधों का रोपण कर आम जन को राहत प्रदान की गई। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के 16 परिवेदनां प्राप्त हुए जिनको नियत समय में नियमानुसार निस्तारण करने की विभागों को निर्देश दिए गए । उक्त शिविर में शिविर प्रभारी कार्यवाहक विकास अधिकारी मोहनलाल, सह प्रभारी कैलाशनगर नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश चारण, सरपंच वाली बाई, जिला प्ररिषद सदस्य पदमा देवी मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक उमेशकुमार गोयल, पटवारी रामानंद सोनी, गायत्री मेघवाल ग्राम विकास अधिकारी रंमत केजीत मीण, कनिष्क सहायक लाभूराम चौधरी, प्रकाश कुमार परिहार, पीएचडी सहायक अभियंता नितिन डाबी, विद्युत विभाग सहायक अभियंता राजेंद्रकुमार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, सेताराम जोगसन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वार्ड पंच मंसाराम, गोविंदकुमार, नरपतलाल मारू एवं ग्राम वासी प्रभुराम मीणा, घटाराम मीणा, गोविंद सिंह, नारायण सिंह, बाबूलाल हीरागर, वसनाराम मेघवाल, गमानाराम मेघवाल, गणपतसिंह, रुपाराम, टेकराम, विशाराम, प्रेमाराम आदि उपस्थित रहे।




Scanned with CamS

## पोसालिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

# चारण ने दी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



नवज्योति/पोसालिया।

कस्बे की ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को शिविर लगाया गया। ग्राम विकास अधिकारी मंगलेशकुमार मीणा ने बताया कि शिविर में तहसीलदार श्यामसिंह चारण ने राज्य व केंन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं का परिलाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग देने का आह्वान किया। ग्रामीणों से आवेदन लिए गए और संबधित विभाग को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

जलदाय विभाग और ग्रामीणों की ओर से डिस्कॉम जीएसएस पोसालिया से जलदाय विभाग की आपूर्ति जोयला की लम्बी लाइन से जुडी होने के कारण फोल्ट आने पर जलदाय विभाग की आपूर्ति घंटों बाधित होने से कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो जाती है। जीएसएस से जलदाय विभाग की विद्युत आपूर्ति अलग से सीधी जोड़कर समस्या समाधान की मांग की गई है। कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग ने बताया कि सीधी लाइन जोड़ने का डिमांड पहले जमा करवायत जा चुका है। पंचायत द्वारा 101 स्वामित्व कार्ड, 11 आवासीय भवनों के पट्टे जारी किए। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वित पशुपालकों के पशुओं की बीमा पॉलिसियां वितरित की गई। शिविर में भाजपा पोसालिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हडवंतसिंह देवड़ा, भू अभिलेख निरीक्षक छैलसिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी भबुताराम मीणा, प्रशासक रेखाकंवर, मानसिंह राव, ग्राम विकास अधिकारी मंगलेशकुमार मीणा, पटवारी मदनसिंह मीणा, कनिष्ठ सहायक रूपसिंह, वार्ड पंच, सरपंच प्रतिनिधि मानसिंह राव, सहायक कृषि अधिकारी फूलाराम, डॉ. हितेश नोगिया, आयुष चिकित्सक डॉ. मनिषा चौहान, पशु चिकित्सक अनिलकुमार, पशुधन सहायक शंकरलाल मीणा सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि राव ने आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamS

# आज इन गांवों में आयोजित होंगे शिविर

सिरोही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत 5 जुलाई को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत डोडूआ व खाम्बल, पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत कैलाशनगर व पालडी एम, पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत भिमाना, माण्डवाडा खालसा, भारजा व वाटेरा तथा पंचायत समिति आबूरोड की ग्राम पंचायत आवल व चनार में शिविर आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

Scanned with CamS

# मंडवारिया में लगा शिविर, 90 प्रतिशत समस्याओं का मौके पर ही किया निस्तारण



**नवज्योति/सिरोही।** ग्राम पंचायत मंडवारिया के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को प्रशासक सविता देवी मेघवाल की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुआ। जिसमें शिविर प्रभारी युगल किशोर धाभाई अतिरिक्त विकास अधिकारी सिरोही, जिला प्रमुख अर्जन राम राजपुरोहित, सिरोही प्रधान हसमुख मेघवाल, उप प्रधान नारायण सिंह, जिला परिषद सदस्य दिलीप सिंह मांडाणी, वार्ड प्रशासक जसवंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी भरत कुंडला, भरत गेहलोत, कनिष्ठ सहायक हेमलता बैरवा, वार्ड पंच प्रतापराम मेघवाल, विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग कृषि विभाग से शंकर देवासी समेत सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में सभी विभागों के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 90 प्रतिशत समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। लोगों को आवासीय पट्टे दिए गए। विद्यालय में नव प्रवेशितों का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पहले अतिथियों का माला, साफा शॉल द्वारा स्वागत किया गया।

Scanned with CamS

# वेलांगरी में अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित




नवज्योति/सिरोही। ग्राम पंचायत वेलांगरी स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर प्रभारी तहसीलदार जगदीश कुमार विश्नोई, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल, जिला परिषद सदस्य मधु मेघवाल, लाबुसिंह देवड़ा, साबुसिंह देवड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक सदस्य के सान्निध्य में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिको ने भाग लेकर लोगों के विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के लिए लोगों को अवगत कराया गया। शिविर में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान की तर्ज पर बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया। पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 बीमा सर्टिफिकेट जारी किए गए। किसानों को फव्वारा सयंत्र के लिये उद्यान विभाग के द्वारा अनुदान स्वीकृति, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गरीब टीबी मरीजों को निक्षय पोषण की किट वितरित् की गई। शिविर में जिला प्रमुख के द्वारा वेलांगरी, आमली, बालदा गांव में वाशिंदों के पीने के पानी आपूर्ति को लेकर अनियमितता की शिकायतें दर्ज कराने पर जलदाय विभाग को लताड़ लगाते हुए निराकरण करने का निर्देश दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने उपस्थित तहसीलदार को वेलांगरी में दिन प्रतिदिन हो रहे अवैध अतिक्रमण के बारे अवगत कराते हुए गोवंश के लिए चारागाह भूमि को अतिक्रमण हटाने की अपील की गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास अधिकारी श्रवणकुमार विश्नोई, गणेशराम, वनाराम देवासी ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि, भीमसिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

# शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

आबूरोड @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत तलेटी में शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। वन विभाग ने हरियालो राजस्थान अन्तर्गत पौधे रोपित किए। चिकित्सा विभाग की ओर से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। नायब तहसीलदार आसुराम सहित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

Scanned with CamS

# शिविर में समस्याओं का किया निराकरण

पोसालिया @ पत्रिका. ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को शिविर आयोजित हुआ।

ग्राम विकास अधिकारी मंगलेश कुमार मीणा ने बताया कि शिविर में तहसीलदार श्यामसिंह चारण ने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों से आवेदन लेकर संबंधित विभाग को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उधर, निकटवर्ती ग्राम पंचायत भेव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को शिविर आयोजित हुआ।

**वेलांगरी @ पत्रिका.** स्थानीय कस्बे में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी तहसीलदार जगदीश कुमार विश्नोई, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल, मधु मेघवाल जिला परिषद सदस्य, लाबुसिंह देवड़ा, साबुसिंह देवड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक सदस्य मौजूद रहे।

**रोहिड़ा @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत वालोरिया में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर आयोजित किया। शिविर प्रभारी उप तहसीलदार भावरी नेनाराम मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान किए। उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाड़ा मनसुखराम डामोर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान किया।

**जावाल @ पत्रिका.** समीपवर्ती मनोरा ग्राम पंचायत परिसर में शुक्रवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला परिषद सदस्य दिलीपसिंह मांडाणी, प्रधान हंसमुख कुमार, पंचायत समिति सदस्य राजाराम प्रजापत, विकास अधिकारी मंछाराम एवं अन्य 16 विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक पात्र से सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की बात कही।

अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन की प्रस्तुत परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करने एवं राज्य सरकार की मंशानुरूप राहत दिलवाने की बात कही।

उधर, मंडवारिया पंचायत के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में प्रशासक सविता देवी मेघवाल की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी युगल किशोर धाभाई अतिरिक्त विकास अधिकारी सिरोही, जिला प्रमुख अर्जन राम राजपुरोहित, सिरोही प्रधान हसमुख मेघवाल, उप प्रधान नारायण सिंह, जिला परिषद सदस्य दलीप सिंह मांडाणी, वार्ड प्रशासक जसवंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी भरत कुंडला, भरत गेहलोत, कनिष्ठ सहायक हेमलता बैरवा, वार्ड पंच प्रताप राम मेघवाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन



**रेवदर।** समीपवर्ती मगरीवाड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत में हुआ शिविर में उप खण्ड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी ने लोगों की सुनी समस्या, लोगों की समस्या सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश, वही एसडीएम नरेंद्र जांगिड़ व प्रशासक मुकेश राणा पंचायत समिति सदस्य प्रभावित जोशी के हाथों से बांटे प्रापर्टी पट्टे, शिविर में शिविर में पेंशन, खाद्य सुरक्षा, म्यूटेशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण, सीमाज्ञान पत्र, प्रोपर्टी पट्टा, शौचालय आवेदन, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, रास्तों का प्रकरण पेंशन वेरिफिकेशन सहित कार्य किए गए, इस दौरान शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी हरिश सोनी, विक्रम सिंह देवड़ा, अमराराम चौधरी ग्राम विकास अधिकारी नौरंग लाल समेत अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद।

# तत्काल नाम दुरूस्तीकरण करवाया अब मिल सकेगा विभिन्न योजनाओं का लाभ



**सिरोही।** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत गुरूवार को भावरी में शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नितोडा के रताराम के लिए वरदान बनकर आया। रताराम ने शिविर में आकर बताया कि उसके पिता जी का नाम कसाजी हैं और राजस्व रेकर्ड में खुशाल चल रहा है जिस कारण से उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उप तहसीलदार भावरी ने भू अभिलेख निरीक्षक और पटवारी से मौके पर ही आवेदन तैयार कर पेश किया और राजस्व अभिलेख में हाथों हाथ नाम दुरूस्त कर रताराम पुत्र कसाजी किया गया। रताराम ने बताया कि राजस्व रेकर्ड में नाम ठीक होने से उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamS

# 97 वर्ष की वृद्ध महिला की 12 माह से बंद पेंशन हुई सुचारू



**सिरोही. रणवीर राजस्थान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत काछोली में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विधवा पेंशन धारक बादली देवी के पुत्र ने आकर बताया कि उनकी माता वृद्ध है जिनकी उम्र 97 वर्ष है एवं कही आ जा नही सकती है और उनकी पेंशन करीब 12 माह से बंद है। जिस पर तहसीलदार द्वारा सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये जिस पर सहायक विकास अधिकारी द्वारा पेंशन लम्बे समय से बंद होने से पंचायत समिति में पेंशन कार्मिकों को इस वृद्धा के जनआधार पीपीओ व बैंक डायरी भेजकर सत्यापन के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर पंचायत समिति कार्मिकों द्वारा पोर्टल से हाथो हाथ ओटीपी प्राप्त कर उनकी पेंशन का सत्यापन किया गया। इस पर अब इनको प्रतिमाह पेंशन मिलती रहेगी। जिस पर वृद्धा के पुत्र रमेश कुमार द्वारा पेंशन सत्यापन के लिए राज्य सरकार व प्रशासन का आभर व्यक्त किया।

# शिविर में स्वामित्व प्रॉपटी कार्ड पाकर लाभार्थी को हुई खुशी, सरकार का किया आभार प्रकट



**सिरोही. रणवीर राजस्थान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत राहुआ में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के तहत कानाराम पुत्र भूराराम भील निवासी रोहुआ ने शिविर प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर स्वामित्व प्रॉपर्टी कार्ड योजना के अन्तर्गत आवेदन किया। शिविर प्रभारी द्वारा उनके आवेदन को पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित किया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए संबंधित प्रशासक तथा ग्राम विकास अधिकारी द्वारा उसी दिन प्रॉपर्टी कार्ड वितरित कर पिछ्ले 6 माह से अटके कार्य को पूरा किया गया। इस प्रॉपर्टी कार्ड से लाभार्थी को ऋण लेने और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने मे मदद मिलेगी। इस प्रकार इस कार्य का शिविर में पूर्ण होने पर प्रार्थी कानाराम ने प्रसन्नता जाहिर की तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamS

# शिविर में हाथो हाथ मिले जन्म प्रमाण पत्र



**सिरोही. रणवीर राजस्थान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शुक्रवार को पिण्डवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पानिया में शिविर का आयोजन हुआ। मंजू देवी को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगने की जानकारी मिलने पर शिविर प्रभारी विकास अधिकारी को उपस्थित होकर अवगत करवाया कि उन्हे वर्तमान में पुत्र एवं पुत्री के नाम राशन कार्ड में नाम जुडवाने व आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। शिविर में मंजू देवी द्वारा बताया गया कि वे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई दिनों से प्रयासरत है साथ ही पुत्र एवं पुत्री का नाम राशन कार्ड में भी जुडवाना चाहती है, जिससे खाद्य सुरक्षा एवं अन्य लाभ मिल सकें। जिस पर विकास अधिकारी के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए जन्म दस्तावेज के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र शिविर में जारी करवाये गए। मंजू देवी ने प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया।

Scanned with CamS



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बीकानेर

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ शिविरों में उमड़ रही भीड़

## तीस साल बाद मिला आवासीय पट्टा, अब मिल सकेगा ऋण





कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को खाजूवाला की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम में आयोजित शिविर ने मनीराम पुत्र गंगाराम के लिए यादगार साबित हुआ। उसे अपने आवास का पट्टा मिला, तो उसने सरकार का आभार जताया। उसने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट भर रहा है। जीवन की आवश्यकताएं बढ़ी तो बैंक से लोन लेकर कोई नया काम करने की सोची। लेकिन बैंक जाने पर पता चला कि आवासीय पट्टे बिना भूमि पर ऋण मिलना संभव नहीं है। इसने एक बार निराश कर दिया, लेकिन शुक्रवार को 7 पीएचएम में कैंप की जानकारी मिली, तो शिविर में पट्टा बनवाने का आवेदन किया और हाथोंहाथ पट्टा मिल गया। उसने बताया कि अब उसे बैंक से ऋण लेने में कोई परेशानी नही आएगी। उसने अभियान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि शिविर ने मुझ जैसे गरीब व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीने का अवसर दिया है।

## किसान को मिला खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में श्रीडूंगरगढ़ के दुलचासर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को शिविर आयोजित हुआ। उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दयाशंकर ने शिविर का अवलोकन किया और किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई पद्धति योजना के बारे को बताया गया। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत जारी प्रशासनिक स्वीकृति प्रपत्र का वितरण किया गया। शिविर के दौरान श्याम सिंह और नेमा देवी सहित बड़ी संख्या में किसानों को खेत की मिट्टी का मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्ड में दर्शाये सुझावों के अनुसार समुचित मात्रा में उपयोग कर और उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर पाएगा। शिविर के दौरान क्षेत्र के अन्य किसानों ने अपने खेत की मिट्टी के नमूने जमा करवाए। उन्हें जल्दी ही यह कार्ड मिलेंगे। शिविर में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक राजेंद्र डेलू एवं बनवारी लाल सैनी उपस्थित रहे। किसानों ने संबल के लिए मुख्यमत्री का आभार जताया।

## पुश्तैनी भूमि का हुआ बंटवारा

कोलायत के ग्राम पंचायत चाण्डासर में शुक्रवार को आयोजित शिविर के दौरान द्रोपदी, मोहनलाल, रूकमादेवी, श्यामसुन्दर की पुश्तैनी भूमि का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। शिविर प्रभारी ने बताया कि पुश्तैनी भूमि में सभी का सम्मिलित खाता दर्ज था। खातेदार, खाता विभाजन की प्रक्रिया से अनजान थे। शिविर में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुरानी भूमि विवाद संबंधी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। शिविर में तहसीलदार पूनम कंवर ने आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए खातेदारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन होने पर राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान खातेदारों ने खाता विभाजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में भू.अ. निरीक्षक अशोक कुमार मेघवंशी, पटवारी दयालसिंह शेखावत व रविन्दर बंजारा द्वारा खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर, तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर तहसीलदार ने तुरन्त खाता विभाजन का आदेश जारी किया। प्रार्थीयान का एक ही दिन में राजस्व रिकार्ड में अलग-अलग खाते दर्ज हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री भजनलाल का धन्यवाद व्यक्त किया। द्रोपदी ने कहा कि अब हम सभी को सरकारी योजनाओं सहित अन्य लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

# तीस साल बाद मिला आवासीय पट्टा, अब मिल सकेगा ऋण

ग़रज @ बीकानेर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को खाजूवाला की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम में आयोजित शिविर ने मनीराम पुत्र गंगाराम के लिए यादगार साबित हुआ। उसे अपने आवास का पट्टा मिला, तो उसने सरकार का आभार जताया। उसने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट भर रहा है। जीवन की आवश्यकताएं बढ़ी तो बैंक से लोन लेकर कोई नया काम करने की सोची। लेकिन बैंक जाने पर पता चला कि आवासीय पट्टे बिना भूमि पर ऋण मिलना संभव नहीं है। इसने एक बार निराश कर दिया, लेकिन शुक्रवार को 7 पीएचएम में कैंप की जानकारी मिली, तो शिविर में पट्टा बनवाने का आवेदन किया और हाथोंहाथ पट्टा मिल गया।उसने बताया कि अब उसे बैंक से ऋण लेने में कोई परेशानी नही आएगी। उसने अभियान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि शिविर ने मुझ जैसे गरीब व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीने का अवसर दिया है।






## पुश्तैनी भूमि का हुआ बंटवारा

कोलायत के ग्राम पंचायत चाण्डासर में शुक्रवार को आयोजित शिविर के दौरान द्रोपदी, मोहनलाल, रूकमादेवी, श्यामसुन्दर की पुश्तैनी भूमि का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। शिविर प्रभारी ने बताया कि पुश्तैनी भूमि में सभी का सम्मिलित खाता दर्ज था। खातेदार, खाता विभाजन की प्रक्रिया से अनजान थे। शिविर में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुरानी भूमि विवाद संबंधी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। शिविर में तहसीलदार पूनम कंवर ने आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए खातेदारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन होने पर राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान खातेदारों ने खाता विभाजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में भू.अ. निरीक्षक अशोक कुमार मेघवंशी, पटवारी दयालसिंह शेखावत व रविन्दर बंजारा द्वारा खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर, तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर तहसीलदार ने तुरन्त खाता विभाजन का आदेश जारी किया। प्रार्थीयान का एक ही दिन में राजस्व रिकार्ड में अलग-अलग खाते दर्ज हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल का धन्यवाद व्यक्त किया। द्रोपदी ने कहा कि अब हम सभी को सरकारी योजनाओं सहित अन्य लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

दैनिक भास्कर

बीकानेर ज़िला 05-07-2025

7 पीएचएम, कुंडल, उदासर, खारा, मौलानिया और मूंडसर में लगे शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनी, मौके पर ही निस्तारण किया

# कुंडल कैंप में दिव्यांग की रुकी पेंशन फिर हुई शुरू, वहीं 7 पीएचएम में एक व्यक्ति को 3 साल बाद अपने आवास का पट्टा मिला, चेहरे पर खुशी

भास्कर न्यूज | खाजूवाला ग्रामीण

खाजूवाला की निकटवर्ती ग्राम पंचायत 7 पीएचएम और ग्राम पंचायत कुंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।

खाजूवाला एसडीएम रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी खाजूवाला तहसीलदार कमलेश सिंह मोहेरिया ने बताया कि कुंडल व 7 पीएचएम दोनों जगह एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आमजन की समस्याओं को भी सुना। कुंडल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर दिव्यांग मदनलाल के दस्तावेजों की कमी के कारण पिछले कुछ समय से उसकी पेंशन का सत्यापन नहीं हो पाया और पेंशन रुक गई। शुक्रवार को वह शिविर में पहुंचा और तो अधिकारियों ने आवश्यक कमियां दूर करते हुए सत्यापन कर दिया, जिससे पेंशन दुबारा शुरू हो गई।

दूसरी तरफ ग्राम पंचायत 7 पीएचएम में आयोजित हुआ कैंप मनीराम के लिए यादगार साबित हुआ। मनीराम को कैंप में ही उसके आवास का 3 साल बाद पट्टा जारी कर सौंपा तो उसके चेहरे पर खुशी देखी गई। इस दौरान एडीएम प्रशासन कुमावत ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर विकास अधिकारी कृष्ण कुमार चावला से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। शिविर में नायब तहसीलदार खाजूवाला मोहनलाल खावा, ग्राम पंचायत 7 पीएचएम सरपंच किरणा ओमप्रकाश मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी मैनपाल कौर, ग्राम पंचायत कुंडल की सरपंच रितु तर्ड व ग्राम विकास अधिकारी अरविंद बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

**नापासर संवाददाता के अनुसार** बीकानेर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत उदासर, खारा, मौलानिया और मूंडसर में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत एक दिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत उदासर में उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़, बीडीओ मुकेश आहूजा, जेटीओ हवासिंह, सरपंच वीरेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी चिरंजीवी शर्मा, पंचायत सहायक ललिता सेठिया, सामाजिक कार्यकर्ता हेमसिंह उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों के कई लंबित कार्यों को तत्परता से पूर्ण किया गया। ग्राम पंचायत खारा में शिविर में तहसीलदार राज कुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, सरपंच भैरोंसिंह सिसोदिया, ग्राम विकास अधिकारी



बज्जू. फूलासर बड़ा गांव में आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र लेते ग्रामीण।

रामनिवास सिवल मौजूद रहे। पेंशन सत्यापन सहित कई योजनाओं से जुड़े काम मौके पर निपटाए गए। ग्राम पंचायत मौलानिया में तहसीलदार राज कुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, जेटीओ हवासिंह, सरपंच शेराराम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी रामरतन चौधरी व विकास चौधरी मौजूद रहे।

शिविर में भूमि विभाजन, नामांतरण, शुद्धिकरण, पेंशन सत्यापन जैसे कार्यों का ग्रामीणों ने लाभ लिया। ग्राम पंचायत मूंडसर के शिविर में मूंडसर ग्राम पंचायत में भी खाता विभाजन, भूमि हस्तांतरण, पेंशन सत्यापन जैसे कार्यों को मौके पर ही निपटाया गया। इस मौके पर एसडीएम कुणाल राहड़, सरपंच केशर मल मूंड, ग्राम विकास अधिकारी सुमन वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता चतरा राम मूंड की मौजूद रहे।

**बज्जू संवाददाता के अनुसार** ग्राम पंचायत फूलासर बड़ा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में 15 विभागों के संपादित किए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों व कार्यों के बारे में बताया। शिविर के दौरान एसडीएम संदीप चौधरी, विकास अधिकारी त्रिभुवन सिंह और सरपंच रामप्यारी देवी के प्रोत्साहन पर गांव के दो लोगों ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवाया। शिविर में दो परिवारों के कृषि भूमि का खाता विभाजन आपसी समझाइश से करवाया। शिविर में गणपत राम खीचड़, तहसीलदार बिहारी लाल, नायब तहसीलदार नितिन कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुनिल बेनीवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

**गजनेर संवाददाता के अनुसार** ग्राम पंचायत चांडासर में शुक्रवार पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजन किया गया। शिविर में कोलायत एसडीएम राजेश कुमार नायक, तहसीलदार पूनम कंवर सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। चांडासर सरपंच अरविंद मेघवाल सहित ग्रामीणों ने शिविर के दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कोलायत गिरदावर अशोक कुमार,चांडासर हलका पटवारी दयाल सिंह शेखावत अन्य विभागों के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में खाता विभाजन के 5, नाम शुद्धि के 10, जन्म प्रमाण पत्र के 20, मृत्यु प्रमाण पत्र 5 सहित अन्य कार्य हुए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः शनिवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के गीगासर, नालबड़ी, दाउदसर व कालासर, लूणकरणसर के साबनिया, अर्जुनसर स्टेशन व रामबाग, श्रीडूंगरगढ़ के सूडसर, सेरूणा, जोधासर व पूनरासर में, कोलायत के भाणेका गांव, टोकला, शिम्भू का भुर्ज व पैथडो की ढाणी, खाजूवाला के 17 केवाईडी व 22 केवाईडी, नोखा के सीलवा, किसनासर, सुरपुरा, माडिया व सलुण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे।

# तीस साल बाद मिला आवासीय पट्टा, अब मिल सकेगा ऋण



बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को खाजूवाला की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम में आयोजित शिविर ने मनीराम पुत्र गंगाराम के लिए यादगार साबित हुआ। उसे अपने आवास का पट्टा मिला, तो उसने सरकार का आभार जताया। उसने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट भर रहा है। जीवन की आवश्यकताएं बढ़ी तो बैंक से लोन लेकर कोई नया काम करने की सोची। लेकिन बैंक जाने पर पता चला कि आवासीय पट्टे बिना भूमि पर ऋण मिलना संभव नहीं है। इसने एक बार निराश कर दिया, लेकिन शुक्रवार को 7 पीएचएम में कैंप की जानकारी मिली, तो शिविर में पट्टा बनवाने का आवेदन किया और हाथोंहाथ पट्टा मिल गया। उसने बताया कि अब उसे बैंक से ऋण लेने में कोई परेशानी नही आएगी। उसने अभियान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि शिविर ने मुझ जैसे गरीब व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीने का अवसर दिया है।

# दिव्यांग मदनलाल की रुकी पेंशन फिर हुई शुरू




बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को खाजूवाला के कुंडल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर 30 वर्षीय दिव्यांग मदनलाल पुत्र मोहन राम के लिए राहत लाया। मदनलाल ने बताया कि दस्तावेजों की कमी के कारण पिछले कुछ समय से उसकी पेंशन का सत्यापन नहीं हो पाया और पेंशन रुक गई। शुक्रवार को वह शिविर में पहुंचा और तो अधिकारियों ने आवश्यक कमियां दूर करते हुए सत्यापन कर दिया, जिससे पेंशन पुनः शुरू हो गई। यह उसके लिए बड़ी सहायता थी। उसने इन शिविरों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि शिविर जरूरतमंदों के लिए बड़ा संबल बने हैं।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# किसान को मिला खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड, खिला चेहरा

## उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया शिविर का निरीक्षण

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में श्रीडूंगरगढ़ के दुलचासर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को शिविर आयोजित हुआ। उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दयाशंकर ने शिविर का अवलोकन किया और किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

सहायक निदेशक (उद्यान) मुकेश गहलोत ने बताया कि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई पद्धति योजना के बारे को बताया गया। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत जारी प्रशासनिक स्वीकृति प्रपत्र का वितरण किया गया। शिविर के दौरान श्याम सिंह और नेमा देवी सहित बड़ी संख्या में किसानों को खेत की मिट्टी का मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्ड में दर्शाये सुझावों के अनुसार समुचित मात्रा में उपयोग कर और उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर पाएगा। शिविर के दौरान क्षेत्र के अन्य किसानों ने अपने खेत की मिट्टी के नमूने जमा करवाए। उन्हें जल्दी ही यह कार्ड मिलेंगे। शिविर में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक राजेंद्र डेलू एवं बनवारी लाल सैनी उपस्थित रहे। किसानों ने संबल के लिए मुख्यमत्री का आभार जताया।

### पुश्तैनी भूमि का हुआ बंटवारा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कोलायत के ग्राम पंचायत चाण्डासर में शुक्रवार को आयोजित शिविर के दौरान द्रोपदी, मोहनलाल, रूकमादेवी, श्यामसुन्दर की पुश्तैनी भूमि का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया।

शिविर प्रभारी ने बताया कि पुश्तैनी भूमि में सभी का सम्मिलित खाता दर्ज था। खातेदार, खाता विभाजन की प्रक्रिया से अनजान थे। शिविर में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुरानी भूमि विवाद संबंधी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। कैम्प में तहसीलदार पूनम कंवर ने आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए खातेदारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन होने पर राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान खातेदारों ने खाता विभाजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में भू.अ. निरीक्षक अशोक कुमार मेघवंशी, पटवारी दयालसिंह शेखावत व रविन्दर बंजारा द्वारा खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर, तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर तहसीलदार ने तुरन्त खाता विभाजन का आदेश जारी किया। प्रार्थीयान का एक ही दिन में राजस्व रिकार्ड में अलग-अलग खाते दर्ज हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री भजनलाल का धन्यवाद व्यक्त किया। द्रोपदी ने कहा कि अब हम सभी को सरकारी योजनाओं सहित अन्य लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

# एडीएम प्रशासन ने खाजूवाला में शिविरों का किया निरीक्षण

<u>राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर</u>

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने शुक्रवार को खाजूवाला तहसील की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम और कुंडल में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुमावत ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी पट्टों का वितरण किया। ग्राम पंचायत 07 पीएचएम और कुंडल में लगे शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशनरों का मौके पर ही शत-प्रतिशत सत्यापन किया। एडीएम प्रशासन कुमावत ने संबंधित कार्मिकों को आगामी शिविरों में भी पेंशनरों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया।

एडीएम प्रशासन ने ग्राम पंचायत 7 क्वारूके चक 12 पीबी में खाला निर्माण को लेकर उत्पन्न हो रहे व्यवधान के बारे में बताया तो कुमावत ने एसडीएम को नियमानुसार कार्रवाई करवा कर खाला निर्माण जल्द जल्द से पूरा करवाने के निर्देश दिए। शिविर में शिक्षा विभाग, जल संसाधन तथा पीएचईडी के उपस्थित अधिकारियों को शिविर में किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी के साथ शिविर में आकर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। कृषि विभाग के अधिकारियों को सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत सभी स्वीकृति मौके पर ही जारी कर वितरित करने के निर्देश दिए।

कुमावत ने चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को शिविर स्थल पर निर्धारित वेशभूषा में उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किए गए। कुण्डल ग्राम पंचायत में रसद विभाग के उपस्थित अधिकारी को पात्र व्यक्तियों को जोड़ने व अपात्र व्यक्तियों को हटाने की कार्यवाही अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# किसान को मिला खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड, खिला चेहरा

## उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया शिविर का निरीक्षण

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में श्रीडूंगरगढ़ के दुलचासर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को शिविर आयोजित हुआ। उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दयाशंकर ने शिविर का अवलोकन किया और किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

सहायक निदेशक (उद्यान) मुकेश गहलोत ने बताया कि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई पद्धति योजना के बारे को बताया गया। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत जारी प्रशासनिक स्वीकृति प्रपत्र का वितरण किया गया। शिविर के दौरान श्याम सिंह और नेमा देवी सहित बड़ी संख्या में किसानों को खेत की मिट्टी का मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्ड में दर्शाये सुझावों के अनुसार समुचित मात्रा में उपयोग कर और उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर पाएगा। शिविर के दौरान क्षेत्र के अन्य किसानों ने अपने खेत की मिट्टी के नमूने जमा करवाए। उन्हें जल्दी ही यह कार्ड मिलेंगे। शिविर में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक राजेंद्र डेलू एवं बनवारी लाल सैनी उपस्थित रहे। किसानों ने संबल के लिए मुख्यमत्री का आभार जताया।

### पुश्तैनी भूमि का हुआ बंटवारा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कोलायत के ग्राम पंचायत चाण्डासर में शुक्रवार को आयोजित शिविर के दौरान द्रोपदी, मोहनलाल, रूकमादेवी, श्यामसुन्दर की पुश्तैनी भूमि का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया।

शिविर प्रभारी ने बताया कि पुश्तैनी भूमि में सभी का सम्मिलित खाता दर्ज था। खातेदार, खाता विभाजन की प्रक्रिया से अनजान थे। शिविर में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुरानी भूमि विवाद संबंधी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। कैम्प में तहसीलदार पूनम कंवर ने आपसी सहमति से खाता विभाजन करवाने के लिए खातेदारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन होने पर राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान खातेदारों ने खाता विभाजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में भू.अ. निरीक्षक अशोक कुमार मेघवंशी, पटवारी दयालसिंह शेखावत व रविन्दर बंजारा द्वारा खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर, तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर तहसीलदार ने तुरन्त खाता विभाजन का आदेश जारी किया। प्रार्थीयान का एक ही दिन में राजस्व रिकार्ड में अलग-अलग खाते दर्ज हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री भजनलाल का धन्यवाद व्यक्त किया। द्रोपदी ने कहा कि अब हम सभी को सरकारी योजनाओं सहित अन्य लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

# दिव्यांग मदनलाल की रुकी पेंशन फिर हुई शुरू

**बीकानेर,।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को खाजूवाला के कुंडल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर 30 वर्षीय दिव्यांग मदनलाल पुत्र मोहन राम के लिए राहत लाया। मदनलाल ने बताया कि दस्तावेजों की कमी के कारण पिछले कुछ समय से उसकी पेंशन का सत्यापन नहीं हो पाया और पेंशन रुक गई। शुक्रवार को वह शिविर में पहुंचा और तो अधिकारियों ने आवश्यक कमियां दूर करते हुए सत्यापन कर दिया, जिससे पेंशन पुनः शुरू हो गई। यह उसके लिए बड़ी सहायता थी। उसने इन शिविरों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि शिविर जरूरतमंदों के लिए बड़ा संबल बने हैं।

पत्रिका

# विभिन्न स्थानों पर शिविर आज

**बीकानेर @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के गीगासर, नालबड़ी, दाउदसर व कालासर, लूणकरनसर के साबनिया, अर्जुनसर स्टेशन व रामबाग, श्रीडूंगरगढ़ के सूडसर, सेरूणा, जोधासर व पूनरासर में, कोलायत के भाणेका गांव, टोकला, शिम्भू का भुर्ज व पैथडो की ढाणी, खाजूवाला के 17 केवाईडी व 22 केवाईडी, नोखा के सीलवा, किसनासर, सुरपुरा, माडिया व सलुण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

05/07/2025 | Bikaner City | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में आज विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

***बीकानेर ( नि.सं. )।*** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के गीगासर, नालबड़ी, दाउदसर व कालासर, लूणकरणसर के साबनिया, अर्जुनसर स्टेशन व रामबाग, श्रीडूंगरगढ़ के सूडसर, सेरूणा, जोधासर व पूनरासर में, कोलायत के भाणेका गांव, टोकला, शिम्भू का भुर्ज व पैथडो की ढाणी, खाजूवाला के 17 केवाईडी व 22 केवाईडी, नोखा के सीलवा, किसनासर, सुरपुरा, माडिया व सलुण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# एडीएम प्रशासन ने खाजूवाला की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम और कुंडल में लगे शिविरों का किया निरीक्षण

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने शुक्रवार को खाजूवाला तहसील की ग्राम पंचायत 7 पीएचएम और कुंडल में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुमावत ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी पट्टों का वितरण किया। ग्राम पंचायत 07 पीएचएम और कुंडल में लगे शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशनरों का मौके पर ही शत-प्रतिशत सत्यापन किया। एडीएम प्रशासन कुमावत ने संबंधित कार्मिकों को आगामी शिविरों में भी पेंशनरों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया। एडीएम प्रशासन ने ग्राम पंचायत 7 पीएचएम के चक 12 पीबी में खाला निर्माण को लेकर उत्पन्न हो रहे व्यवधान के बारे में बताया तो कुमावत ने एसडीएम को नियमानुसार कार्रवाई करवा कर खाला निर्माण जल्द जल्द से पूरा करवाने के निर्देश दिए। शिविर में शिक्षा विभाग, जल संसाधन तथा पीएचईडी के उपस्थित अधिकारियों को शिविर में किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी के साथ शिविर में आकर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। कृषि विभाग के अधिकारियों को सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत सभी स्वीकृति मौके पर ही जारी कर वितरित करने के निर्देश दिए। कुमावत ने चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को शिविर स्थल पर निर्धारित वेशभूषा में उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किए गए। कुण्डल ग्राम पंचायत में रसद विभाग के उपस्थित अधिकारी को पात्र व्यक्तियों को जोड़ने व अपात्र व्यक्तियों को हटाने की कार्यवाही अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए। शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्री-कैंप लगाकर प्रकरण चिन्हित कर अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला रमेश, तहसीलदार कमलेश महरिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शनिवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के गीगासर, नालबड़ी, दाउदसर व कालासर, लूणकरणसर के साबनिया, अर्जुनसर स्टेशन व रामबाग, श्रीडूंगरगढ़ के सूडसर, सेरूणा, जोधासर व पूनरासर में, कोलायत के भाणेका गांव, टोकला, शिम्भू का भुर्ज व पैथडो की ढाणी, खाजूवाला के 17 केवाईडी व 22 केवाइडी, नोखा के सीलवा, किसनासर, सुरपुरा, माडिया व सलुण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - अलवर

–:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

# पिता की मौत के 28 वर्ष बाद मिला खातेदारी का हक



मालाखेड़ा@ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा शिविर में 28 वर्ष बाद किसानों को जमीन का हक मिला तो परिवार का चेहरा खिल गया। ग्राम पंचायत खारेडा में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी नवज्योति कंवरिया, तहसीलदार मालाखेड़ा मेघा मीणा के समक्ष खारेडा के कैलाश चन्द, सोनीराम पुत्रान छाज्या ने बताया कि उनके पिता की मौत के बाद राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं हुए। पीड़ित परिवार की परिवेदना सुनने के साथ ही अधिकारियों ने पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक से पुराने और नई रिकॉर्ड का मिलान तथा वारिस की जांच कर नामांतरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके लिए मृतक के सभी पुत्र परिजन शिविर में रहे। विरासत के नामान्तरकरण के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान ही उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार मालाखेड़ा ने पटवारी से नामांतरण खुलवाया। खातेदार का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही परिवारजन के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब कई सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में हाथों-हाथ मिला विवाह प्रमाण पत्र

महानगर संवाददाता

अलवर। राज्य सरकार द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभांवित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे की मुहिम चलाई जा रही है। पखवाडे के तहत गांव-गांव में शिविर लगाकर 30 से अधिक विभागों के अधिकारी व कार्मिकों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर सरकार की 63 योजनाओं व सेवाओं का लाभ आमजन को मौके पर ही उपलब्ध करवाया जा रहा है।

शिविरों में वर्षों से बंद रास्तों समझाईश कर खोले जा रहे है तथा जमीनों के विवादों का भी मौके पर ही रजामंदी से निराकरण किया जा रहा है। इससे वर्षों पुराने विवादों की समाप्ति हो रही है वहीं दूसरी तरफ समाज में प्रेम व आपसी भाईचारा मजबूत हो रहा है। गोविन्दगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत ईन्दपुर में आयोजित शिविर में ईन्दपुर निवासी अजय शर्मा व मुस्कान का मौके पर ही विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र बनाकर जारी किया गया जिस पर लाभार्थियों ने कहा कि विवाह पंजीयन नहीं होने से सरकार की योजनाओं आदि का लाभ मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी। ग्राम पंचायत कैरवावाल में आयोजित शिविर में वर्षों से बंद पड़े कैरवावाल से कैरवाडी जाने वाले आम रास्ते को प्रशासन की टीम द्वारा समझाइश कर मौके पर ही पहुंचकर खुलवाया गया। रास्ता खुलने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों ने कहा कि अब आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत ऊंटवाल में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत लगाए गए शिविर में मौके पर ही जमाबंदी रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटि को दुरूस्त कर ग्राम ऊंटवाल निवासी मुबारिक, ताहिर जमशेद को राहत प्रदान की गई। इस पर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार द्वारा लगाए गए शिविरों को आमजन की परेशानियों को दूर करने वाला शिविर बताते हुए मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना की। हाथों-हाथ काम होने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।



# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

# अन्त्योदय शिविर में हाथों-हाथ मिला विवाह प्रमाण पत्र

## जमीनी विवाद विवाद सहमति से सुलझने से भाईचारा हो रहा मजबूत

## वर्षों से बंद आम रास्ता खुलने से आमजन की हुई राह आसान

अलवर न्यूज

श्रीलक्ष्मणनगर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को श्रीलक्ष्मणनगर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे। अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। शिविर प्रभारी नायाब तहसीलदार राज बहादुर सिंह ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत में विभागवार जनकल्याणकारी योजनाओं के - माध्यम से आमजन को योजनाओं लाभ दिलवाने का आह्वान करते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने किसानों के राजस्व विभाग से सम्बन्धित लंबित माम्लों का निस्तारण करवाया।शिविर में विकास अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ अभियंता रविराज सिंह राठौड़, सरपंच राजाराम सियाग ,ग्राम विकास अधिकारी शिवदान सहित जनप्रतिनिधि, 16 विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर आमजन को लाभान्वित किया।

दैनिक प्रतिनिधि

# प्रदेश सरकार 'लक्ष्य-अंत्योदय, पथ-अंत्योदय, प्रण-अंत्योदय' के लिए कटिबद्ध

जोधपुर (नसं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति मंडोर की ग्राम पंचायत नांदड़ा कला और पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत बेरू में आयोजित शिविर का अवलोकन किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'लक्ष्य-अंत्योदय, पथ-अंत्योदय, प्रण-अंत्योदय' के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

पटेल ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, मंगला पशु बीमा, स्वामित्व योजना के तहत पट्टे,पशुओं की जांच इलाज और टीकाकरण, दिव्यांगजन को सहायक अंग उपकरण वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है।संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिविरों में अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा पेंशन संबंधी सभी प्रकरणों का शिविर में ही निस्तारण करें ।



**शिविरों में आमजन की राह हो रही सुगम**–संसदीय कार्य मंत्री ने कहा राजस्व रिकार्ड में दर्ज में रास्तों को इस अभियान में अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है, जिससे आमजन की राह सुगम हो रही है। उन्होंने कहा जो रास्ते आमजन के उपयोग में आ रहे है किन्तु राजस्व रिकार्ड में अंकित नहीं उन रास्तों का राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जा रहा है। पटेल ने कहा काश्तकारों के आदान-अनुदान की राशि जल्दी ही उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा लूणी क्षेत्र के किसानों के खातों में लगभग 68 करोड़ रुपये की राशि जमा होगी।

**आरडीएसएस को तय सीमा के भीतर पूरा करना**–पटेल ने डिस्कॉम के अधिकारियों से निर्देशित करते हुए कहा आरडीएसएस योजना का कार्य तय समय अवधि में पूर्ण करें। उन्होंने फीडर का मेंटिनेंस करने और ट्रिपिंग की समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

**1 माह के भीतर काटें सभी अवैध कनेक्शन**–संसदीय कार्य मंत्री ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 माह के भीतर सभी अवैध कनेक्शन काटें और क्षेत्र में पेयजल संबंधी किसी भी शिकायत का समुचित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा फरवरी 2026 तक परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर नांदड़ा कला की पेयजल समस्या स्थाई समाधान होगा।

**ये रहे उपस्थित**–नांदड़ा शिविर में प्रधान मंडोर श्रीमती सुरता देवी सेंगवा, सरपंच श्रीमती फूली देवी, उपखंड अधिकारी पंकज कुमार जैन,तहसीलदार हरदीप सिंह, विकास अधिकारी सांवलाराम और बेरू शिविर में प्रधान केरू अनुश्री पूनिया, सरपंच बेरू श्रीमती राधादेवी, विकास अधिकारी गिरधारीलाल, गोविंद टाक सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार 'लक्ष्य-अंत्योदय, पथ-अंत्योदय, प्रण-अंत्योदय' के लिए कटिबद्धः पटेल

## संसदीय कार्य मंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत नांदड़ा कला और बेरू शिविर का किया अवलोकन

दैनिक पर्यटन बाजार

**जोधपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति मंडोर की ग्राम पंचायत नांदड़ा कला और पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत बेरू में आयोजित शिविर का अवलोकन किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'लक्ष्य-अंत्योदय, पथ-अंत्योदय, प्रण-अंत्योदय' के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

पटेल ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में



इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, मंगला पशु बीमा,स्वामित्व योजना के तहत पट्टे,पशुओं की जांच इलाज और टीकाकरण, दिव्यांगजन को सहायक अंग उपकरण वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिविरों में अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा पेंशन संबंधी सभी प्रकरणों का शिविर में ही निस्तारण करें ।

**शिविरों में आमजन की राह हो रही सुगमः** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा राजस्व रिकार्ड में दर्ज में रास्तों को इस अभियान में अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है, जिससे आमजन की राह सुगम हो रही है। उन्होंने कहा जो रास्ते आमजन के उपयोग में आ रहे है किन्तु राजस्व रिकार्ड में अंकित नहीं उन रास्तों का राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जा रहा है। पटेल ने कहा काश्तकारों के आदान-अनुदान की राशि जल्दी ही उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा लूणी क्षेत्र के किसानों के खातों में लगभग 68 करोड़ रुपये की राशि जमा होगी।

### खाद्य सुरक्षा से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहें

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 22 लाख लाभार्थियों ने एनएफएसए योजना का लाभ स्वेच्छा से छोड़ा है। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से प्रदेश में 45 लाख नए पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया गया। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता वंचित परिवारों को योजना का लाभ दिलवाना है। उन्होंने गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान में अधिकाधिक सक्षम लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि आगामी समय में अधिक पात्र लाभार्थी योजना से लाभान्वित किया जा सकें।

### आरडीएसएस का कार्य तय समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

पटेल ने डिस्कॉम के अधिकारियों से निर्देशित करते हुए कहा आरडीएसएस योजना का कार्य तय समय अवधि में पूर्ण करें। उन्होंने फीडर का मेंटिनेंस करने और ट्रिपिंग की समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

### 1 माह के भीतर काटें सभी अवैध कनेक्शन

संसदीय कार्य मंत्री ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 माह के भीतर सभी अवैध कनेक्शन काटें और क्षेत्र में पेयजल संबंधी किसी भी शिकायत का समुचित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा फरवरी 2026 तक परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर नांदड़ा कला की पेयजल समस्या स्थाई समाधान होगा।

नांदड़ा शिविर में प्रधान मंडोर सुरता देवी सेंगवा, सरपंच श्रीमती फूली देवी, उपखंड अधिकारी पंकज कुमार जैन,तहसीलदार हरदीप सिंह, विकास अधिकारी सांवलाराम और बेरू शिविर में प्रधान केरू अनुश्री पूनिया, सरपंच बेरू राधादेवी, विकास अधिकारी गिरधारीलाल, गोविंद टाक सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में ही मिल गया समाधान, नामांतरण की प्रक्रिया बनी सरल

## हाथों-हाथ नामांतरण दर्ज कर प्रशासन ने जीता दिल

दैनिक पर्यटन बाजार

**जोधपुर**। राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत चुतरपुरा में लगे शिविर में नराराम पुत्र श्री ताजाराम जाति जाट निवासी चुतरपुरा को वर्षों पुरानी समस्या का समाधान मिला।

नराराम ने बताया कि उनके पिता श्री ताजाराम का निधन 14 जून 2020 को हो गया था, जिसके बाद उनका फौतेदगी नामांतरण पहले ही राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका था। हालांकि, उनकी बहनों का हकतर्कनामा तो दिनांक 23 दिसंबर 2021 को तहसील कार्यालय में दर्ज करवा दिया गया था, लेकिन उसका नामांतरण राजस्व रिकॉर्ड में नहीं हो पाया था।

इस असंगति के कारण वर्तमान जमाबंदी में बहनों का नाम अंकित था, जबकि हकतर्क का नामांतरण लंबित था। शिविर में जब नराराम ने अपनी बात रखी, तो राजस्व विभाग के पटवारी श्री गोरधनराम द्वारा तत्परता से दस्तावेजों की जांच की गई और हकतर्कनामा का नामांतरण मौके पर ही दर्ज कर दिया गया।

प्रार्थी को शिविर में ही संशोधित जमाबंदी की प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। यह कार्यवाही इतनी सहज और त्वरित थी कि नराराम खुशी से झूम उठे। उन्होंने प्रशासनिक संवेदनशीलता के लिए अधिकारियों का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

नराराम बोले—यह सचमुच राहत देने वाला क्षण था। अब हमारी जमीन के दस्तावेज स्पष्ट हो गए हैं, बहनों के हक की स्थिति भी साफ है। इतनी जल्दी समाधान की उम्मीद नहीं थी।

इस शिविर ने न केवल एक समस्या का समाधान किया, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि शासन अब वाकई आमजन की दहलीज तक पहुंच चुका है।

विश्वास एक्सप्रेस दैनिक प्रातः कालीन

# संसदीय कार्य मंत्री ने किया शिविरों का अवलोकन

विश्वास एक्सप्रेस



जोधपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति मंडोर की ग्राम पंचायत नांदड़ा कला और पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत बेरू में आयोजित शिविर का अवलोकन किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'लक्ष्य-अंत्योदय, पथ-अंत्योदय, प्रण-अंत्योदय' के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। पटेल ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, मंगला पशु बीमा, स्वामित्व योजना के तहत पट्टे, पशुओं की जांच इलाज और टीकाकरण, दिव्यांगजन को सहायक अंग उपकरण वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिविरों में अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा पेंशन संबंधी सभी प्रकरणों का शिविर में ही निस्तारण करें। नांदड़ा शिविर में प्रधान मंडोर सुरता देवी सेंगवा, सरपंच फूली देवी, उपखंड अधिकारी पंकज कुमार जैन, तहसीलदार हरदीप सिंह, विकास अधिकारी सांवलाराम और बेरू शिविर में प्रधान केरू अनुश्री पूनिया, सरपंच बेरू राधादेवी, विकास अधिकारी गिरधारीलाल, गोविंद टाक सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पोस्ट रजि. नम्बर: जोधपुर/507/2024-26
RNI REG. NO. : RAJHIN/2022/86076
दैनिक
हमेशा सच के साथ...
सच मीडिया
दैनिक हिन्दी प्रातः कालीन
जोधपुर, शनिवार 05 जुलाई 2025

## 122 बीघा भूमि का 50 वर्षों बाद हुआ आपसी सहमति से विभाजन

# राजस्व ग्राम करण नगर में अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बना ऐतिहासिक निर्णय का गवाह

सच मीडिया

**बापिणी ब्यूरो।** उपखण्ड क्षेत्र के बेदु कलां ग्राम पंचायत में शुक्रवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में राजस्व ग्राम करण नगर संयुक्त खातेदारी की 122 बीघा भूमि का 50 वर्षों बाद आपसी सहमति से करवाया विभाजन ।



परिवादी अचलाराम, गोमदराम, चोखाराम व अन्य खातेदारों द्वारा शिविर में वर्षों से लंबित भूमि का आपसी सहमति से विभाजन करवाने का प्रस्ताव रखा। जिसे हाथों लेते हुए हल्का पटवारी निम्बों का तालाब दिलीपसिंह एवं भू-अभिलेख निरीक्षक किशन मीणा ने शिविर से पूर्व ही मुख्यालय पहुंचकर खातेदारों से संपर्क कर उन्हें विभाजन के लाभ की जानकारी देते हुए विभाजन के दस्तावेज तैयार कर हाथों-हाथ किया बंटवाड़ा । राजस्व अधिकारियों की समझाइश के बाद सभी खातेदारों ने आपसी सहमति से विभाजन के लिए सहमति दे दी। साथ ही बापिणी तहसीलदार जे.आर. कुड़ी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही विभाजन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। जिससे राजस्व रिकॉर्ड की सभी आवश्यक प्रविष्टियों भी मौके पर ही दुरुस्त कर दी गई। खातेदारों ने 50 वर्षों से लंबित बंटवाड़ा विवाद का समाधान शिविर में कुछ समय मे होने पर संतोष व्यक्त करते हुए राजस्व प्रशासन के साथ मुख्य रूप से बापिणी उपखण्ड अधिकारी गजेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों ने कहा कि लंबे समय से संयुक्त खातेदारी की उक्त भूमि का सहमति से बाँटवाड़ा कार्य केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता,तत्परता और आपसी समन्वय से ही संभव हो पाया है।

उक्त फैसले से न केवल वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा, बल्कि यह अन्य ग्रामीणों के लिए यह बाँटवाड़ा प्रेरणा का काम करेगा। शिविर में राजस्व विभाग के साथ पीएचईडी,बिजली,कृषि, सार्वजनिक निर्माण,समिति कार्मिकों के साथ ईमित्र संचालको ने भी अपनी सेवाएं दी।

दैनिक प्रातःकालीन
सच्ची रिपोर्ट
सच्ची खबरों का आईना

# शिविर में ही मिल गया समाधान, नामांतरण की प्रक्रिया बनी सरल

## नराराम बोले–अब सुकून है, बहनों का हक भी स्पष्ट हुआ

दैनिक सच्ची रिपोर्ट

**जोधपुर, जुलाई।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत चुतरपुरा में लगे शिविर में नराराम पुत्र श्री ताजाराम जाति जाट निवासी चुतरपुरा को वर्षों पुरानी समस्या का समाधान मिला।

नराराम ने बताया कि उनके पिता श्री ताजाराम का निधन 14 जून 2020 को हो गया था, जिसके बाद उनका फौतेदगी नामांतरण पहले ही राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका था। हालांकि, उनकी बहनों का हकतर्कनामा तो दिनांक 23 दिसंबर 2021 को तहसील कार्यालय में दर्ज करवा दिया गया था, लेकिन उसका नामांतरण राजस्व रिकॉर्ड में नहीं हो पाया था।

इस असंगति के कारण वर्तमान जमाबंदी में बहनों का नाम अंकित था, जबकि हकतर्क का नामांतरण लंबित था। शिविर में जब नराराम ने अपनी बात रखी, तो राजस्व विभाग के पटवारी श्री गोरधनराम द्वारा तत्परता से दस्तावेजों की जांच की गई और हकतर्कनामा का नामांतरण मौके पर ही दर्ज कर दिया गया। प्रार्थी को शिविर में ही संशोधित जमाबंदी की प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। यह कार्यवाही इतनी सहज और त्वरित थी कि नराराम खुशी से झूम उठे। उन्होंने प्रशासनिक संवेदनशीलता के लिए अधिकारियों का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। नराराम बोले–"यह सचमुच राहत देने वाला क्षण था। अब हमारी जमीन के दस्तावेज स्पष्ट हो गए हैं, बहनों के हक की स्थिति भी साफ है। इतनी जल्दी समाधान की उम्मीद नहीं थी।" इस शिविर ने न केवल एक समस्या का समाधान किया, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि शासन अब वाकई आमजन की दहलीज तक पहुंच चुका है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बांसवाडा

–:: समाचार कतरन –05 जुलाई, 2025 ::–

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

### हाथो-हाथ विवाह पंजीयन करवाया

## मनोज कुमार यादव ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का माना आभार



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत गुरूवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत भोयर में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्राम पंचायत घाटोल के निवासी मनोज कुमार यादव द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनकी शादी ग्राम भोयर की निवासी पायल कुमारी यादव से होने पर उन्हें विवाह पंजीयन की आवश्यकता है। इस पर उच्चाधिकारियों द्वारा सम्बन्धित विभाग के कार्मिकों को निर्देशित किया जाकर वर-वधु के परिवारजन के बुलाकर दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से आवेदन ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर तुरन्त हाथो हाथ विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी कराया गया।

श्री मनोज यादव एवं इनकी पत्नि पायल यादव एवं उसके परिजनों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड प्रशासन विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने आमजन की परेशानी को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े में लाभ दिलाया।

## कौशिक उर्फ केसरीमल को जारी हुए दिव्यांग संबंधी प्रमाण-पत्र



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत आज दिनांक 03.07.2025 को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत डागल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री कौशिक उर्फ केसरीमल चरपोटा के पिता द्वारा उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया कि इनका पुत्र जन्म दिनांक 02.03.2002 से शत-प्रतिशत विकलांग है लेकिन आज दिनांक तक दस्तावेज तैयार नहीं होने से राजकीय योजना का कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ। शिविर में बच्चे का नहीं ला पाने की मजबूरी के तहत उच्चाधिकारियों द्वारा बालक के घर जाकर इसकी जानकारी ली गई और बालक की बिस्तर पर दयनीय स्थिति देखकर उच्चाधिकारियों द्वारा हाथो-हाथ सम्बन्धित विभाग के कार्मिकों को निर्देशित कर जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर, आधार नामांकन करवाया गया एवं समाज कल्याण विभाग को विकलांग प्रमाण-पत्र जारी करवाने एवं पेंशन योजनान्तर्गत आवेदन ऑनलाईन कराने साथ ही व्हील चेयर दिलाने हेतु निर्देश देकर राहत प्रदान की गई।

श्री केसरीमल चरपोटा के परिवारजन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार विकास अधिकारी नायब तहसीलदार सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया कि इनकी समस्या को देखते हुये पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल शिविर में लाभ दिलाया।

## कचरूलाल को जारी हुआ उसकी मां का मृत्यु प्रमाण-पत्र

**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत गुरूवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत बांसलीखेड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बांसलीखेड़ा के ग्राम बांसलीखेड़ा निवासी श्री कचरूलाल द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनकी माँ रास्की देवी की मृत्यु हो चुकी है जिसके मृत्यु प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबंधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथों हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कराकर राहत प्रदान की गई।



श्री कचरूलाल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार विकास अधिकारी अति. प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने मेरी समस्या को देखते हुये पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल शिविर में लाभ दिलाया।

## सुश्री अंजना को जारी हुआ जन्म प्रमाण-पत्र



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत गुरूवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत डूंगर में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत डूंगर के ग्राम डूंगर की निवासी सुश्री अंजना द्वारा जो कि 15 वर्ष की होकर विद्यालय में जन्म प्रमाण की आवश्यकता होने पर शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने पर उच्चाधिकारियों द्वारा ई-मित्र से आवेदन कराकर ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर तुरन्त जन्म प्रमाण-पत्र जारी किया गया। सुश्री अंजना एवं उसके परिजनों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड प्रशासन विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने आमजन की परेशानी को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े में लाभ दिलाया।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# जिला कलक्टर ने बैठक लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर की समीक्षा की

## वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे शिविर

**बांसवाड़ा।** जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर की समीक्षा की। साथ ही, वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु तीन माह के राष्ट्रव्यापी संतृप्ति अभियान की तैयारी पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल, एसीईओ कैलाश बारोलिया, उपखंड अधिकारी पुनीत कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद थे। साथ ही, उपखंड और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि आमजन को वित्तीय समावेशन के तहत लाभान्वित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर 1 जुलाई से लेकर 30 सितम्बर 2025 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में निष्क्रिय प्रधानमंत्री जनधन खातों का पुनः केवाईसी करना, गांव के वंचित वयस्कों के नये प्रधानमंत्री जनधन खाते खोलना, ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना द्वारा लाभान्वित करना और अटल पेंशन योजना में नामांकन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इन सेवाओं से वंचित लोगों को उक्त सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीडियो को ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक बुलाने एवं हर पंचायत के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर की प्रगति की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने एवं पोर्टल पर डाटा को अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, म्यूटेशन, आपसी सहमति से विभाजन आदि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, चयनित परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन करने, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, वित्त आयोग के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने, एनएफएसए के तहत आधार सीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में केवाईसी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली के झूलते तारों, झुके हुए बिजली के खंभों को सही करवाने, नहरों के पाटों की सफाई व गाद निकालने के निर्देश दिए।







प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - सवाई माधोपुर

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

पत्रिका

### सीएम ने स्टेट हाईवे 123 को जोड़ने के लिए कुरेड़ी से करणपुर तक की 10 करोड़ की घोषणा

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: सीएम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**खण्डार.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालेर परिसर में आयोजित जनसभा में कही। कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार पानी की उपलब्धता बढाने के लिए पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ की लागत से बालेर-कुरेड़ी-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की। साथ ही अन्य विकास कार्य गिनाए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा ;एनएफ एसए, सरोज को कन्यादान योजना, सम्पत्ति देवी वृद्धावस्था पेंशन, रामवीर मीना स्वामित्व पट्टा तथा मीना देवी को पीएम आवास योजना का प्रमाण-पत्र तथा चेक वितरित किए।



खण्डार. बालेर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा को हल सौंपकर सम्मान करते कार्यकर्ता।



खण्डार. बालेर कस्बे में सीएम की सभा में मौजूद महिला पुरुष।

**करा रहे हैं विकास कार्य :** सीएम ने बताया कि खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावण्डा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, राम जल सेतु परियोजना के तहत एनिकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे।

04/07/2025 | Sawaimadhopur | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# बारिश के बीच भाषण, होर्डिंग्स से किया बचाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**खण्डार.** उपखंड के बालेर में आयोजित जनसभा में सीएम भजनलाल शर्मा के पहुंचने पर बारिश शुरू हुई और भाषण खत्म होते ही रुक गई। इस दौरान पण्डाल से बाहर खड़े लोग होर्डिंग्स से बारिश से बचाव करते दिखाई दिए। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही धूप व उमस के चलते महिला व पुरुष गर्मी से बेहाल नजर आए। इस दौरान लोग गमछों व गत्तों से हवा करते दिखे। लेकिन सीएम के आते ही तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान करीब 25 मिनट तक सीएम का भाषण चला तो बारिश का दौर भी साथ-साथ चला। लोगों में चर्चा रही कि सीएम पर बालेश्वरी माता व अष्टभुजी माता की कृपा हो गई है। मुख्यमंत्री की ओर से शिविर के निरीक्षण से पूर्व विधायक जितेन्द्र गोठवाल, भरतपुर संभागीय आयुक्त टीना सोनी, जिला कलक्टर कानाराम, एसडीएम सीमा खैतान ने अलग निरीक्षण कर सभी विभागों की व्यवस्थाओं की जांच की। इसके बाद सीएम को विधायक ने शिविर का निरीक्षण कराया।

## गोठवाल ने फिर थमाई पर्ची, सीएम ने ली चुटकी

सीएम ने विधायक जितेन्द्र गोठवाल की सराहना करते हुए कहा कि खण्डार के विधायक बड़े होशियार हैं। वह मना करने पर भी मुझसे मिलने की जिद करते हैं और कहते हैं कि सिर्फ आप से मिलने के लिए ही आना हैं।

वहां आकर वे क्षेत्र में विकास कार्य कराने की पर्ची थमा देते हैं और कहते हैं कि खण्डार की जानता आपका केवल आशीर्वाद लेना चाहती हैं। आप उनसे एक बार रूबरू हो जाओ। यहां भी आते ही मंच पर विकास कार्य कराने की घोषणा की पर्ची थमा दी।



खण्डार. होर्डिंग्स सिर पर तानकर बारिश से बचाव करते ग्रामीण।

## इन्होंने भी किया संबोधित

सीएम की सभा से पूर्व विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम प्रकाश शर्मा, प्रधान नरेन्द्र चौधरी, बामनवास पूर्व प्रधान राजेन्द्र मीणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, हरिओम गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व प्रधान गोविंद शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष महावीर गण्डासिया, बहरावण्डा खुर्द के पुष्पेन्द्र मित्तल आदि ने भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## नहीं लगे कई होर्डिंग्स

राउमावि परिसर के बाहर बालेर-कुरेड़ी मार्ग पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क के दोनों ओर सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए होर्डिंग्स लगाए थे, लेकिन कार्यकर्ताओं की अनदेखी के चलते कई होर्डिंग्स लगाने से रह गए। ऐसे में वे होर्डिंग्स सड़क पर उलटे पड़े नजर आए। लोग उन पर पैर रखकर आगे बढ़ रहे थे।

## कार-जीप की छतों पर बैठकर पहुंचे सभास्थल

पंडाल में प्रशासन की ओर से पर्याप्त कूलर व पंखे की व्यवस्था नहीं करने से लोग पसीने से तर होते रहे। ग्रामीणों के पहुंचने का सिलसिला सुबह नौ बजे से शुरू हो गया। सभा में लोग कार जीप व बसों की छतों पर बैठकर पहुंचे। करीब दस बजे पंडाल खचाखच भर गया। इससे यहां भीषण गर्मी व उमस हो गई। ऐसे में लोग योजनाओं की बांटी गई बुकलेटों से हवा करते नजर आए। हालांकि प्रशासन ने पंडाल में तीन तथा शिविर स्थल पर एक कूलर लगाया था, लेकिन करीब 7 हजार की भीड़ में यह नाकाफी दिखे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोस्त के चलते ग्रामीणों को शिविर की स्टालों तक जाने से पुलिस ने रोक दिया। ऐसे में ग्रामीणों के लिए शिविर महज खानापूर्ति साबित हुआ।

## कार्यक्रम पर एक नजर

- दोपहर 1.30 बजे सीएम भजनलाल शर्मा बालेर हेलीपेड पर पहुंचे
- दोपहर 1.50 बजे सभा स्थल पर पहुंचे।
- दोपहर 2.02 बजे शुरू हुआ भाषण एवं 2.27 पर हुआ समाप्त।
- दोपह 3 बजकर 7 मिनट पर भरी उड़ान।

## सौंपे ज्ञापन, किया अभिनंदन

कार्यक्रम के दौरान हेलीपेड पर सीएम का विधायक जितेन्द्र गोठवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, प्रधान नरेन्द्र चौधरी ने पुष्प गुच्छ भेट कर अभिनंदन किया। इसके बाद संभागीय आयुक्त टीना सोनी, आईजी राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर कानाराम, एसपी ममता गुप्ता ने भी अभिनंदन किया। क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी व विभिन्न समाज के लोगों ने सीएम को ज्ञापन सौंप समस्या निराकरण की मांग की।

04/07/2025 | Sawaimadhopur | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर जयपुर 04-07-2025

बालेर-करणपुर स्टेट हाइवे निर्माण के लिए 10 करोड़ की घोषणा

# मुख्यमंत्री बोले- गरीबी मुक्त प्रदेश की परिकल्पना को साकार करेंगे



भास्कर न्यूज़ | बालेर (सवाईमाधोपुर)

खंडार के बालेर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की गरीबों, किसानों, मजदूर वर्ग, युवा वर्ग की हितैषी सरकार है। राजस्थान सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के साथ है। सरकार का लक्ष्य गरीबी मुक्त राजस्थान की परिकल्पना को साकार करना है। राजस्थान विकास की ओर अग्रसर है। कांग्रेस के नेता आलू से सोना बनाने की बात करते हैं, लेकिन हम किसानों की खुशहाली के लिए राजस्थान में ईआरसीपी पेयजल योजना लेकर आए हैं। इसका काम शुरू हो गया है। किसानों को भरपूर पानी मिलेगा, जिससे किसानों की धरती सोना उगलेगी।

पूर्व सांसद सुखवीर सिंह जौनापुरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को दोनों हाथों से लूटा है। मोदीजी की योजनाओं से देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि खंडार विधानसभा क्षेत्र के बनास पार के क्षेत्र में 46 साल बाद बालेर की धरा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आए हैं। खंडार विधानसभा क्षेत्र में जो विकास 25 साल में कांग्रेस सरकार की ओर से करवाएं गए थे। वह कार्य भजनलाल सरकार ने 18 माह में करवाकर विधानसभा क्षेत्र खंडार को विकास की ओर अग्रसर किया है। स्टेट हाइवे-123 कुरेड़ी से करणपुर तक की सड़क नहीं होने की पीड़ा को देखते हुए 10 करोड़ रुपए की घोषणा कर क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा किया है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को खैरथल-तिजारा तथा बानसूर (कोटपुतली-बहरोड़) में पखवाड़े के शिविरों का निरीक्षण करेंगे।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 04-07-2025

**शिविर में बालेर आए सीएम** • पांडाल से बाहर तक थे लोग, बारिश आई, लेकिन छतरियां-होर्डिंग्स की छत बनाकर सीएम को सुनते रहे ग्रामीण

# बालेर-करणपुर स्टेट हाइवे-123 के लिए 10 करोड़ देंगेः सीएम



भास्कर न्यूज | बालेर

खंडार विधानसभा क्षेत्र के बालेर कस्बे में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत राउमावि बालेर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी, भाजपा नेताओं सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने हेलीपेड पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया। मंच पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने पांडाल में बैठे लोगों का अभिवादन किया।

आमजन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की गरीबों, किसानों, मजदूर वर्ग, युवा वर्ग की हितैषी सरकार है। राजस्थान सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के साथ है। सरकार का लक्ष्य गरीबी मुक्त राजस्थान की परिकल्पना को साकार करना है। राजस्थान सरकार ने 18 माह में खंडार विधानसभा क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। राजस्थान विकास की ओर अग्रसर है। कांग्रेस के नेता आलू से सोना बनाने की बात करते हैं, लेकिन हम किसानों की खुशहाली के लिए राजस्थान में ईआरसीपी पेयजल योजना लेकर आए हैं। इसका काम शुरू हो गया है। किसानों को भरपूर पानी मिलेगा, जिससे किसानों की धरती सोना उगलेगी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर, पौधरोपण किया







पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि कांग्रेस ने देश को दोनों हाथों से लूटा है। खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि खंडार विधानसभा क्षेत्र के बनास पार के क्षेत्र में 46 साल बाद बालेर की धरा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आए हैं। खंडार विधानसभा क्षेत्र में जो विकास 25 साल में कांग्रेस सरकार की ओर से करवाए गए थे। वह कार्य भजनलाल सरकार ने 18 माह में करवाकर विधानसभा क्षेत्र खंडार को विकास की ओर अग्रसर किया है। स्टेट हाइवे-123 कुरेड़ी से करणपुर तक की सड़क नहीं होने की पीड़ा को देखते हुए 10 करोड़ रुपए की घोषणा कर क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर मानवेन्द्र सिंह ने विधायक को डांग क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने, बालेर तालाब का जीर्णोद्धार करवाने, बालेर में महाविद्यालय खुलवाने की मांग का ज्ञापन सौंपा। मानसिंह गुर्जर भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व विधायक हंसराज भारद्वाज, नरेंद्र चौधरी प्रधान खंडार सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने डोम पांडाल में आमजन को संबोधित किया। इस दौरान बारिश शुरू हो गई। पांडाल के अंदर बैठे लोग तो सुरक्षित रहे, लेकिन बाहर खड़े लोग भीगते रहे। भीगने से बचने के लिए लोगों ने होर्डिंग को छत बना लिया। इस दौरान बारिश से व्यवधान उत्पन्न हुआ।

### हेलीपेड पर फंसी एम्बुलेंस, दमकल

राउमावि बालेर परिसर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम के लिए बनाए गए हेलीपेड परिसर के पास खड़ी 108 एम्बुलेंस, अग्निशमन गाड़ी कीचड़ में फंस गई, जिसे काफी मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से खींचकर बाहर निकाला गया। मुख्यमंत्री ने बालेर-करणपुर स्टेट हाइवे-123 के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। स्टेट हाइवे-123 का कुरेड़ी से करणपुर तक का कार्य पूर्ण होने पर लोगों को कैलादेवी, मदनमोहनजी करौली, घुमानी माता करणपुर, गोवर्धन सहित धार्मिक स्थलों पर जाने की राह आसान होगी। जनता की समस्याओं का शिविरों में हल हो रहा है।

## मुख्यमंत्री ने की बालेर- करणपुर सड़क निर्माण की घोषणा

# शिविरों में आमजन को मिल रहा लाभ, पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना हो रहा साकार : सीएम भजनलाल

## किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता

### शिविर प्रशासन और जनता के बीच बन रहे सेतु

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है, जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। शर्मा गुरुवार को सवाई माधोपुर में बालेर (खंडार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है।

### हर विधानसभा क्षेत्र के उन्नयन के लिए हो रहे अनेक काम

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास व उन्नयन के लिए काम कर रही है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावण्डा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण और बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, राम जल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग और आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपये की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस दौरान मुख्यंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा (एनएफएसए), सरोज (कन्यादान योजना), सम्पत्ति देवी (वृद्धावस्था पेंशन), रामवीर मीना (स्वामित्व पट्टा) मीना देवी (पीएम आवास योजना) को प्रमाणपत्र व चैक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर आमजन ने शिविर अपने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। समारोह में विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





### वंचित वर्ग विकास की मुख्य धारा से ना छूटे

शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं और एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमा ज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।

### युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, वहीं प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। हम युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं और 5 साल में 4 लाख सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं।

### *हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में जो काम हुए, वो पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे 5 साल में भी नहीं कर पाई। हमने डेढ़ वर्ष में ही खेतों में 253.3 लाख मीटर की तारबंदी की, वहीं गत सरकार के 5 वर्षों में 113 लाख मीटर की तारबंदी ही की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 29 हजार 343 हेक्टेयर की भूमि आवंटित की, जबकि गत सरकार में यह आंकड़ा 22 हजार 597 हेक्टेयर ही रहा। हमने डेढ़ साल में कुसुम-ए के तहत 646 तथा कुसुम-सी के तहत 2 हजार 91 एलओए किए, जबकि गत सरकार ने इनके तहत 489 तथा 57 एलओए ही किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में ही 32 हजार से अधिक किसानों को फार्म पौण्ड योजना के अंतर्गत अनुदान मिला, जबकि गत सरकार के समय यह आंकड़ा 29 हजार 430 ही था। उन्होंने प्रतिबद्धता जताई कि हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।*

मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री



**सवाईमाधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है, जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। शर्मा गुरूवार को सवाई माधोपुर में बालेर (खंडार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है।

**हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में जो काम हुए, वो पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे 5 साल में भी नहीं कर पाई। हमने डेढ़ वर्ष में ही खेतों में 253.3 लाख मीटर की तारबंदी की, वहीं गत सरकार के 5 वर्षों में 113 लाख मीटर की तारबंदी ही की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 29 हजार 343 हेक्टेयर की भूमि आवंटित की, जबकि गत सरकार में यह आंकड़ा 22 हजार 597 हेक्टेयर ही रहा। हमने डेढ़ साल में कुसुम-ए के तहत 646 तथा कुसुम-सी के तहत 2 हजार 91 एलओए किए, जबकि गत सरकार ने इनके तहत 489 तथा 57 एलओए ही किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में ही 32 हजार से अधिक किसानों को फार्म पौण्ड योजना के अंतर्गत अनुदान मिला, जबकि गत सरकार के समय यह आंकड़ा 29 हजार 430 ही था। उन्होंने प्रतिबद्धता जताई कि हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

## मुख्यमंत्री ने की बालेर-करणपुर सड़क निर्माण की घोषणा



### युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, वहीं प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। हम युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं तथा 5 साल में 4 लाख सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं।**

**हर विधानसभा क्षेत्र के उन्नयन के लिए हो रहे अनेक काम** शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए काम कर रही है।

खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावण्डा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, राम जल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपये की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की।

### वंचित वर्ग विकास की मुख्य धारा से ना छूटे

शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमा ज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।

मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने की बालेर-करणपुर सड़क निर्माण की घोषणा

महानगर संवाददाता

सवाई माधोपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है, जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। शर्मा गुरुवार को सवाई माधोपुर में बालेर (खंडार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है।

### 'विकास की मुख्य धारा से ना छूटे वंचित वर्ग'

सीएम शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमा ज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।



### 'हर विधानसभा क्षेत्र के उन्नयन के लिए हो रहे कार्य'

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए काम कर रही है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावंडा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, रामजल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपए की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की।

### सीएम ने योजनाओं में वितरित किए प्रमाण पत्र

इस दौरान मुख्यंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा (एनएफएसए), सरोज (कन्यादान योजना), संपति देवी (वृद्धावस्था पेंशन), रामवीर मीना (स्वामित्व पट्टा) तथा मीना देवी (पीएम आवास योजना) को प्रमाणपत्र एवं चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर आमजन ने शिविर में प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। समारोह में विधायक जितेंद्र गोठवाल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

## हमने डेढ़ साल में किए पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल से ज्यादा काम-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता

### शिविर प्रशासन और जनता के बीच बन रहे सेतु

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस**









**खण्डार।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्णप्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है,जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। मुखयमंत्री गुरुवार को सवाई माधोपुर खण्डार उपखण्ड में बालेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यानजहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए काम कर रही है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावण्डा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, राम जल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपये की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस दौरान मुख्यंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा (एनएफएसए), सरोज (कन्यादान योजना), सम्पत्ति देवी (वृद्धावस्था पेंशन), रामवीर मीना (स्वामित्व पट्टा) तथा मीना देवी (पीएम आवास योजना) को प्रमाण-पत्र एवं चैक वितरित किए।

### वंचित वर्ग विकास की मुख्य धारा से ना छूटे

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमाज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।

### युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, वहीं प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। हम युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं तथा 5 साल में 4 लाख सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं।

### हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में जो काम हुए, वो पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे 5 साल में भी नहीं कर पाई। हमने डेढ़ वर्ष में ही खेतों में 253.3 लाख मीटर की तारबंदी की, वहीं गत सरकार के 5 वर्षों में 113 लाख मीटर की तारबंदी ही की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 29 हजार 343 हेक्टेयर की भूमि आवंटित की, जबकि गत सरकार में यह आंकड़ा 22 हजार 597 हेक्टेयर ही रहा। हमने डेढ़ साल में कुसुम-ए के तहत 646 तथा कुसुम-सी के तहत 2 हजार 91 एलओए किए, जबकि गत सरकार ने इनके तहत 489 तथा 57 एलओए ही किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में ही 32 हजार से अधिक किसानों को फार्म पौण्ड योजना के अंतर्गत अनुदान मिला, जबकि गत सरकार के समय यह आंकड़ा 29 हजार 430 ही था। उन्होंने प्रतिबद्धता जताई कि हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता : भजन लाल

### शनिवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 5 जुलाई, शनिवार को जालोर उपखण्ड की आलासन, सांफाड़ा व ऐलाना, आहोर उपखण्ड की हरजी, डोडियाली व कवराड़ा, जसवंतपुरा उपखण्ड की डोरड़ा, सौकवाड़ा व खानपुर, रानीवाड़ा उपखण्ड की करड़ा व कोडका, चितलवाना उपखण्ड की काछेला, जानवी व सांगड़वा तथा सांचौर उपखण्ड की पूर, सरवाना व सुथाना ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - चितौड़गढ़

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर चित्तौड़गढ़ भास्कर 05-07-2025

भीलवाड़ा, शनिवार, 5 जुलाई, 2025 | 20

# तुंबड़िया में लगे शिविर में दी राहत, पौधरोपण किया



**चित्तौड़गढ़** | अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत तुंबड़िया पंचायत में शिविर लगा। शिविर में प्रधान देवेंद्र कंवर, तहसीलदार राहुल धाकड़, प्रशासक भेरूलाल पुरोहित, सचिव सुमन यादव, पटवारी विजयसिंह, बिजली निगम के जेईएन शक्ति सिंह, उप प्रशासक नारायण गाडरी, एएनएम कैलाश सालवी, रामप्रसाद पुरोहित आदि उपस्थित रहे। शिविर में छह माह से बीमार बाबरी पत्नी प्रभुलाल गाडरी को चिकित्सा विभाग द्वारा निकशय पोषण किट दिया। कई लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। प्रधान देवेंद्र कंवर ने पौधारोपण किया।

चित्तौड़गढ़ भास्कर 05-07-2025

पेज नंबर 20

# सीता देवी को मिला स्वामित्व कार्ड, पुश्तैनी घर पर हक

**चित्तौड़गढ़** | कपासन पंस के तुर्किया खुर्द गांव में रहने वाली सीता देवी पत्नी देवीलाल जाट की दशकों से कच्चे पुश्तैनी मकान में वह और उनका परिवार रह रहा था, उस पर अब उनका कानूनी अधिकार हो गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में सीता देवी को उनके घर का स्वामित्व कार्ड सौंपा गया। विरासत में मिला होने के बावजूद, उनके पास घर का कोई वैध दस्तावेज या मालिकाना हक नहीं था। इस कमी के कारण उन्हें न तो कभी बैंक से ऋण मिल पाता था और न ही किसी सरकारी योजना का लाभ। स्वामित्व कार्ड सौंपे जाने के इस क्षण पर नायब तहसीलदार, प्रशासक और सहायक विकास अधिकारी भी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़ भास्कर 05-07-2025
पेज नंबर 20

# बहुउद्देश्यीय शिविरों में उमड़ रहे लाभार्थी



निंबाहेड़ा | ग्राम पंचायत कारूंडा, फलवा एवं फाचर में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर के मुख्य आतिथ्य एवं उपखण्ड अधिकारी व शिविर प्रभारी विकास पंचोली की अध्यक्षता में शिविर लगाए गए। एसडीएम पंचोली ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत प्रशासक, तहसीलदार घनश्याम जरवार, दिव्येश कान्त परमार सहित जनप्रतिनिधियों, उपखण्ड कार्यालय, निंबाहेड़ा एवं 16 विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने आमजन को लाभान्वित किया। क्षय रोग से ग्रसित रोगियों को पोषण किट भी वितरित किए। एसडीएम ने राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। पौधरोपण किया।

# खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग, शिविर में 60 पेंशन सत्यापित

डूंगला | अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत मंगलवाड ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। शिविर उपखंड अधिकारी ईश्वर लाल खटीक के नेतृत्व में हुआ।

शिविर में राप्रावि आरामपुरा और गांधी बाग विद्यालय के खेल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गई। चिकित्सा विभाग के कार्मिकों ने मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरित कीं। उपचार भी किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रभारी दशरथ सिंह राठौड़ ने 60 पेंशन का भौतिक सत्यापन किया। राजस्व विभाग ने नामांतरण, दो जनों के आपसी बंटवारे, शुद्धिकरण, 6 जन्म प्रमाण पत्र और एक मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई प्रकरणों का निस्तारण किया। आंगनबाड़ी ग्राम साथिन ने बालिका काव्या का केक काटकर जन्मदिन मनाया। शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। नायब तहसीलदार भूपेंद्र वशी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल पोरवाल, प्रशासक मोहन सिंह भंडारी, बीडीओ चिराग खींची, पूर्व सरपंच भंवरलाल अहीर, पीईईओ जितेंद्र कुमार दसोरा, उप प्रधानाचार्य पारसमल लोढ़ा, डूंगला आरपी विनोद योगी, पंचायत कनिष्ठ लिपिक हीरा लाल जाट, अध्यापक प्रदीप वैष्णव, रघुनाथ सिंह, वर्दी चंद शर्मा मौजूद रहे।

# खरदेवला में लगे शिविर में मकान के पट्टे और किताबें पाकर खिले चेहरे



भास्कर न्यूज | बड़ीसादड़ी

अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत खेरमालिया और खरदेवला ग्राम पंचायतों में गुरुवार को शिविर लगा। शिविर में मकान के पट्टे मिलने पर रुक्मणी, शांतिलाल और नंदकिशोर नगारची के चेहरे खुशी से खिल उठे।

चिकित्सा विभाग की टीम ने बीपी, शुगर सहित अन्य जांचें कीं। धुमेह के रोगियों को जीवनशैली सुधारने और नियमित जांच की सलाह दी। राजस्व विभाग ने नामांतरण, बंटवारे और शुद्धिकरण के कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान किया। शिविर संयोजक भगवत सिंह शक्तात ने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। स्कूल के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी गईं। तहसीलदार पंकज कलासुआ, नायब तहसीलदार मदनलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी खेमराज मीणा और खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भावेश चंपावत, प्रधान नन्दलाल मेनारिया, खेरमालिया पीईईओ गौरव बाला कछावा, खरदेवला पीईईओ विकास मीणा, खेरमालिया प्रशासक भेरुलाल टांक और खरदेवला प्रशासक दुर्गा धाकड़ मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

05 जुलाई 2025
पेज नंबर 20

# कन्नौज व सुखवाड़ा में एक दिवसीय शिविर लगे



कन्नौज | सुखवाड़ा व कन्नौज ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अंत्योदय सम्बल पखवाडा के तहत एक दिवसीय कैम्प हुआ। तहसीलदार शिवसिंह, सहायक विकास अधिकारी अनिल टेलर के सानिध्य में लगे शिविर में कई विभागों के कार्मिक व अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम विकास अधिकारी भरत मेनारिया, प्रशासक प्रतिनिधि गिरधारीलाल जागेटिया, उप सरपंच सहित वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सुखवाड़ा में आयोजित कैंप प्रशासक शोभालाल धाकड़, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी घनश्याम रेगर, रोजगार सहायक प्रहलाद सोमानी सहित समस्त वार्ड पंच व ग्रामीण उपस्थित थे। कैंप में उच्चाधिकारियों के नहीं पहुंचने पर ग्रामीण निराश होकर लौटे।

प्रातःकाल
Udaipur Dak Edition | 2025-07-05 | Page- 8
pratahkal.epapers.in

# मंगलवाड़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन

**बड़ीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत उपखंड के मंगलवाड़ ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर जिला कलेक्टर आलोक रंजन के निर्देशन पर शुक्रवार डूंगला उपखंड अधिकारी ईश्वर लाल खटीक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य रूप से राजकीय प्राथमिक विद्यालय आरामपुरा एवं गांधी बाग विद्यालय के खेल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

चिकित्सा विभाग के कार्मिकों ने इलाज के लिए दवाई वितरण आदि जांच कर मरीजों का उपचार किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रभारी दशरथ सिंह राठौड़ ने 60 पेंशन भौतिक सत्यापन किए। राजस्व विभाग ने नामांतरण, दो जनों का आपसी बंटवारे व शुद्धिकरण किया। 6 जन्म प्रमाण पत्र एक मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया। आंगनबाड़ी ग्राम साथिन ने बालिका जन्मोत्सव बालिका काव्या का केक काट कर मनाया। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की।

# शिविर में सहमति से सुलझा वर्षों पुराना पारिवारिक विवाद

**जननायक | चित्तौड़गढ़ ।** ग्राम सेमलिया पीलाखेड़ा के दो परिवार नंदा पुत्र गांगा और लक्ष्मण पुत्र मांगीलाल आपसी रिश्ते में बंधे होने के बावजूद वर्षों से एक पारिवारिक ज़मीन के बँटवारे को लेकर विवाद में उलझे हुए थे। यह विवाद धीरे-धीरे इतना गंभीर हो गया कि पारिवारिक संबंधों में दरार, तनाव और सामाजिक दूरी उत्पन्न हो गई थी।

यह मामला एक संयुक्त पारिवारिक खेत के स्वामित्व एवं उपयोग को लेकर था, जहाँ दोनों पक्ष अपनी-अपनी हिस्सेदारी को लेकर असहमति में थे। समय के साथ यह विवाद कानूनी प्रक्रिया की ओर बढ़ने लगा था, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा था बल्कि ग्राम स्तर पर सामाजिक शांति भी बाधित हो रही थी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत ग्राम पंचायत सेमलिया पीलाखेड़ा में आयोजित शिविरों में इस मामले को प्राथमिकता से उठाया गया। राजस्व विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन तथा ग्राम स्तरीय मध्यस्थता टीमों ने मिलकर पहल की और दोनों पक्षों को एक मेज पर बैठने के लिए राजी किया। ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी और पंचायत सदस्यों की देखरेख में दोनों पक्षों की राय ली गई और परस्पर सहमति आधारित जमीन विभाजन की प्रक्रिया शुरू की गई। जमीन की नपती कर निष्पक्ष सीमांकन किया गया। दोनों पक्षों को कानूनी जानकारी एवं दस्तावेजों का अवलोकन कराया गया। दोनों परिवार सहमति से जमीन के निष्पक्ष बंटवारे के लिए तैयार होने पर बंटवारे की प्रक्रिया आपसी सुलह व पंचायत की साक्षी में पूरी की गई।

जननायक मेवाड़ हलचल 05 जुलाई 2025
पेज नंबर 06

# बहुविभागीय शिविरों में आमजन को मिल रही राहत





**जननायक|चित्तौड़गढ़।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिले में आयोजित बहुविभागीय शिविरों में ग्रामीणों को मौके पर ही राहत पहुंचाई जा रही है। जिले की कपासन पंचायत समिति की रोलिया ग्राम पंचायत में गुरुवार को आयोजित बहुविभागीय शिविर में गेहरीलाल पुत्र मांगीलाल जटिया को स्वामित्व कार्ड एवं पुश्तैनी मकान का पट्टा प्रदान कर राहत पहुंचाई गई। स्वामित्व कार्ड केवल एक कागज का टुकड़ा होकर गेहरीलाल के लिए उनके अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। अब वे इस दस्तावेज के आधार पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। गेहरीलाल ने कहा कि आज मेरे जीवन का एक बड़ा सपना पूरा हुआ है।

## अवैध अतिक्रमण से मिली राहत

ग्राम पंचायत रोलिया के निवासियों के लिए बीते कुछ वर्षों से एक सामान्य सी दिखने वाली लेकिन अत्यंत गंभीर समस्या ने उनके जीवन को प्रभावित कर रखा था। गाँव के मुख्य रास्तों में से एक सार्वजनिक मार्ग जो कि खेतों, मंदिर और अन्य घरों तक पहुँचने के लिए उपयोग में लिया जाता था, वह रास्ता कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया था। यह अतिक्रमण धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि लोगों का आवागमन बाधित हो गया और अनेक ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था।

इस समस्या से त्रस्त होकर गाँव के जागरूक नागरिकों ने आपसी सम- से एक संयुक्त आवेदन पत्र तैयार कर तहसील कार्यालय कपासन में प्रस्तुत पर तहसीलदार ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने राजस्व विभाग के गिरदावर और पटवारी अमित चौधरी से तत्काल मौके का निरीक्षण करवाया। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण मिलने से प्रशासन ने बिना किसी देरी के संबंधित लोगों को निर्देश देकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया और रास्ते को पूर्ववत जन उपयोग के लिए खुलवाया। इस कार्यवाही के दौरान ग्रामवासियों की उपस्थिति और सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा।

## आवाज उठी तो हुआ समस्या का समाधान

इसी प्रकार तुर्कियाकलां में आयोजित प्रशासनिक शिविर में ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर रास्ते को संकरा और अवरुद्ध की समस्या प्रस्तुत करने पर राजस्व विभाग ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का निरीक्षण करवाया। निरीक्षण के दौरान रास्ते के दोनों ओर विधिवत नपती कर निशानात स्थापित किए गए। इसके बाद प्रशासन की सहायता से रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाया गयाए जिससे मार्ग पूरी तरह से अति' मण मुक्त हुआ। इस कार्यवाही से ग्रामवासियों को वर्षों पुरानी परेशानी से निजात मिली।

इसी प्रकार तुर्कियाखुर्द ग्राम पंचायत शिविर में सीता देवी को उनके पुश्तैनी घर का स्वामित्व कार्ड सौंपा गया। स्वामित्व कार्ड मिलने के बाद अब सीता देवी किसी भी बैंक से ऋण प्राप्त कर सकती हैं, जिससे वह अपने घर का विस्तार, बच्चों की शिक्षा या कोई छोटा व्यवसाय शुरू करने जैसी आर्थिक योजनाएं साकार कर सकेंगी।

# 'अवैध अतिक्रमण से मिली राहत – ग्राम रोलिया का रास्ता फिर से हुआ सुगम'

**सीधा सवाल। चित्तौड़गढ।** ग्राम पंचायत रोलिया के निवासियों के लिए बीते कुछ वर्षों से एक सामान्य-सी दिखने वाली लेकिन अत्यंत गंभीर समस्या ने उनके जीवन को प्रभावित कर रखा था। गाँव के मुख्य रास्तों में से एक सार्वजनिक मार्ग, जो कि खेतों, मंदिर और अन्य घरों तक पहुँचने के लिए उपयोग में लिया जाता था, वह रास्ता कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया था। यह अतिक्रमण धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि लोगों का आवागमन बाधित हो गया और अनेक ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था।

## ग्रामवासियों की एकजुट पहल

इस समस्या से त्रस्त होकर गाँव के जागरूक नागरिकों ने आपसी समन्वय से एक संयुक्त आवेदन पत्र तैयार कर तहसील कार्यालय कपासन में प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षों से अवरुद्ध हो रहे सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की माँग की गई। इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार कपासन ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## प्रशासन ने की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई

राजस्व विभाग के अधिकारीगण, जिनमें गिरदावर और पटवारी अमित चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे, ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री, अस्थायी निर्माण और निजी उपयोग



की वस्तुएं रखी हुई थीं, जिससे गाँव की बड़ी आबादी को असुविधा हो रही थी। प्रशासन ने बिना किसी देरी के संबंधित लोगों को निर्देश देकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया और रास्ते को पूर्ववत जन उपयोग के लिए खुलवाया। इस कार्यवाही के दौरान ग्रामवासियों की उपस्थिति और सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा।.

## ग्रामीणों की प्रतिक्रिया

ग्राम रोलिया के वरिष्ठ नागरिक चम्पालाल जी ने खुशी प्रकट करते हुए कहा 'इस रास्ते का खुलना हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। अब बच्चों को स्कूल जाने, महिलाओं को मंदिर जाने और किसानों को खेत जाने में कोई बाधा नहीं आएगी। राजस्व विभाग और तहसील प्रशासन ने हमारी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर दिया।' इसी प्रकार गाँव के युवा राजू जटिया ने भी कहा 'जब प्रशासन सक्रिय हो और आम जनता एकजुट होकर मांग उठाए, तो कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती। आज हमें इसका साक्षात अनुभव हुआ।'

## प्रशासन और सरकार का आभार

ग्रामवासियों ने तहसीलदार कपासन, गिरदावर , पटवारी अमित चौधरी और पूरी प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने आमजन की परेशानी को प्राथमिकता देते हुए समस्या का स्थायी समाधान किया।

सीधा सवाल

05 जुलाई 2025
पेज नंबर 03

# 'अब खुला रास्ता - तुर्कियाकलां के ग्रामीणों को मिली राहत'



**सीधा सवाल। चित्तौड़गढ़।** ग्राम तुर्कियाकलां के निवासियों के लिए बीते कुछ वर्षों से एक आम रास्ता बड़ी समस्या बना हुआ था। यह रास्ता तुर्किया से चटावटी की ओर जाता है और गाँव के दर्जनों किसानों और ग्रामीणों के लिए यह मुख्य आवागमन मार्ग था। लेकिन धीरे-धीरे कुछ कास्तकारों द्वारा इस सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर रास्ते को संकरा और अवरुद्ध कर दिया गया। इससे न केवल आमजन को परेशानी हो रही थी, बल्कि फसल और कृषि कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी।

## समस्या का समाधान शुरू - कैम्प में उठी आवाज़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत तुर्कियाकलां में आयोजित प्रशासनिक कैम्प के दौरान ग्रामीणों ने इस समस्या को प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि आम रास्ता अतिक्रमण के कारण संकरा हो गया है और जनता के लिए असुविधा का कारण बना हुआ है।

## प्रशासन ने की त्वरित कार्यवाही

राजस्व विभाग ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का निरीक्षण करवाया। निरीक्षण के दौरान रास्ते के दोनों ओर विधिवत नपती कर निशानात (चिन्हांकन) स्थापित किए गए। इसके बाद प्रशासन की सहायता से रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे मार्ग पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त हुआ। इस कार्यवाही से ग्रामवासियों को वर्षों पुरानी परेशानी से निजात मिली। अब इस रास्ते का उपयोग सुगमता से किया जा रहा है। आवागमन सहज हुआ है और खेतों तक पहुँचने, पशुओं को ले जाने तथा दैनिक उपयोग में आने वाले संसाधनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं रही। ग्रामवासी रतनलाल जाट ने कहा 'पहले हमें अपने ही रास्ते पर चलने में दिक्कत आती थी, अब बिना रुकावट के आसानी से जा सकते हैं। यह प्रशासन का बहुत बड़ा सहयोग है। हम तहे दिल से राजस्थान सरकार और राजस्व विभाग का धन्यवाद करते हैं।'

# 'मकान का मिला हक, अब सपनों को मिलेगी उड़ान - गेहरीलाल जटिया की कहानी'




**सीधा सवाल। चित्तौड़गढ़।** ग्राम पंचायत रोलिया के निवासी गेहरीलाल पुत्र मांगीलाल जटिया एक लंबे समय से अपने पुश्तैनी मकान में निवास कर रहे थे। हालांकि वह घर वर्षों से उनका आशियाना था, लेकिन उसके नाम किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज या स्वामित्व प्रमाण उपलब्ध नहीं था। इस कारण उन्हें हमेशा यह चिंता सताती थी कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने या किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त करने में दस्तावेजों के अभाव में परेशानी हो सकती है। लेकिन अब यह चिंता पीछे छूट गई है। शुक्रवार 03 जुलाई को कपासन पंचायत समिति की रोलिया ग्राम पंचायत कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित बहुविभागीय शिविर में उन्हें 'स्वामित्व कार्ड' एवं मकान का पट्टा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी की उपस्थिति में यह दस्तावेज उन्हें सौंपा गया।

## एक दस्तावेज-असीम संभावनाओं का द्वार

स्वामित्व कार्ड केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि गेहरीलाल जी के लिए उनके अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। अब वे इस दस्तावेज के आधार पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे वे अपने घर की मरम्मत, बच्चों की शिक्षा या आजीविका संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। गेहरीलाल ने कहा कि 'आज मेरे जीवन का एक बड़ा सपना पूरा हुआ है। वर्षों से जिस घर में रह रहा था, आज उस पर मेरा वैधानिक अधिकार मिला है। अब मैं आत्मविश्वास से कह सकता हूं यह मेरा घर है। मैं इस योजना और सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने एक आम आदमी को भी सम्मान और सुरक्षा का अनुभव करवाया।'

जय कांठल

05 जुलाई 2025
पेज नंबर 08

# 'संघर्ष से सम्मान तक अब बदल रही है ज़िन्दगी'





@ सिटी रिपोर्टर

चित्तौड़गढ़ 3 जुलाई। राजस्थान सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बेगू पंचायत समिति की दौलतपुरा ग्राम पंचायत में 2 जुलाई को आयोजित बहुउद्देशीय सेवा शिविर ने न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाया, बल्कि गरीब परिवारों की उम्मीदों को नई उड़ान दी।

इस शिविर के दौरान ग्राम खरड़ी निवासी श्रीमती भंवरीबाई प॰ि गोपाललाल बारेठ तथा श्रीमती कान्ताबाई प॰ि अनिल सुथार के जीवन में एक नई रोशनी आई। दोनों परिवार वर्षों से गरीबी रेखा से नीचे (•बक 2002) जीवन यापन कर रहे थे। सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और निरंतर संघर्ष के बीच इन परिवारों ने कभी हार नहीं मानी, लेकिन सरकारी सहयोग की कमी से वे कई कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते थे।

शिविर में जब प्रशासन की टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया और पात्रता की पुष्टि की, तो यह दोनों महिलाएं पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत चयनित की गईं। योजना की विशेषता यह है कि जो लाभार्थी वर्षों से •बक सूची में शामिल रहे हैं और अब अपने प्रयासों से उस स्थिति से ऊपर उठे हैं, उन्हें सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में रू 21,000 की सहायता दी जाती है।

बैंक खाता सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच के उपरांत दोनों महिलाओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक करवाया गया। अब यह राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से उनके खातों में स्थानांतरित की जाएगी।

**भंवरीबाई की कहानी**

भंवरीबाई, जो पहले अपने परिवार के साथ दैनिक मजदूरी पर निर्भर थी, ने सिलाई कार्य सीखकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। धीरे-धीरे उन्होंने गांव की महिलाओं के लिए वस्त्र सिलने का कार्य शुरू किया और अपनी आय बढ़ाई। आज वह अपने बच्चों को शिक्षा भी दिला रही है और अपनी मेहनत से गरीबी रेखा से बाहर आई है।

**कान्ताबाई की कहानी**

कान्ताबाई ने अपने पति के साथ मिलकर एक छोटी सी वेल्डिंग की दुकान शुरू की थी। प्रारंभ में बहुत कठिनाइयाँ आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अब उनकी दुकान गांव के कई लोगों के लिए उपयोगी सेवाएं दे रही है और परिवार की आमदनी भी स्थिर हो गई है।

**भावनात्मक पल**

जब प्रशासन ने इन महिलाओं को बताया कि उन्हें रू 21,000 की सहायता राशि मिलेगी, तो उनकी आँखों में खुशी के आँसू छलक उठे। उन्होंने कहा कि यह केवल धनराशि नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और प्रयासों की स्वीकृति और सम्मान है।

**आभार और संदेश**

दोनों लाभार्थियों ने राज्य सरकार, उपखण्ड प्रशासन तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह योजना वास्तव में 'अंत्योदय' के मूल उद्देश्य को साकार कर रही है ङ्ख समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना।

# 'सहमति से सुलझा वर्षों पुराना पारिवारिक विवाद संबल पखवाड़ा ने बढ़ाया सौहार्द का संदेश'

@ सिटी रिपोर्टर

चित्तौड़गढ़, 04 जुलाई। ग्राम सेमलिया पीलाखेड़ा के दो परिवार नंदा पुत्र गांगा और लक्ष्मण पुत्र मांगीलाल आपसी रिश्ते में बंधे होने के बावजूद, वर्षों से एक पारिवारिक जमीन के बँटवारे को लेकर विवाद में उलझे हुए थे। यह विवाद धीरे-धीरे इतना गंभीर हो गया कि पारिवारिक संबंधों में दरार, तनाव और सामाजिक दूरी उत्पन्न हो गई थी।

यह मामला एक संयुक्त पारिवारिक खेत के स्वामित्व एवं उपयोग को लेकर था, जहाँ दोनों पक्ष अपनी-अपनी हिस्सेदारी को लेकर असहमति में थे।

समय के साथ यह विवाद कानूनी प्रï या की ओर बढ़ने लगा था, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा था बल्कि ग्राम स्तर पर सामाजिक शांति भी बाधित हो रही थी।

**समाधान की शुरुआत ङ्ख संबल पखवाड़ा बना उम्मीद की किरण**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत ग्राम पंचायत सेमलिया पीलाखेड़ा में आयोजित शिविरों में इस मामले को प्राथमिकता से उठाया गया। राजस्व विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन, तथा ग्राम स्तरीय मध्यस्थता टीमों ने मिलकर पहल की और दोनों पक्षों को एक मेज पर बैठने के लिए राजी किया।

**सहमति विभाजन ङ्ख संवाद और समाधान का संगम**

ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी और पंचायत सदस्यों की देखरेख में दोनों पक्षों की राय ली गई और परस्पर सहमति आधारित जमीन विभाजन की प्रï या शुरू की गई।

जमीन की नपती कर निष्पक्ष सीमांकन किया गया। दोनों पक्षों को कानूनी जानकारी एवं दस्तावेजों का अवलोकन कराया गया।

अंततः दोनों परिवार सहमति से जमीन के निष्पक्ष बंटवारे के लिए तैयार हो गए। इस बंटवारे की प्रï या आपसी सुलह व पंचायत की साक्षी में पूरी की गई।

**परिणाम ङ्ख विवाद का शांतिपूर्ण अंत, रिश्तों में नई शुरुआत**

इस निर्णय से नंदा और लक्ष्मण दोनों को अपने-अपने हिस्से की जमीन पर स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार मिला।

वर्षों से चल रहा तनाव अब समाप्त हो चुका है। दोनों परिवारों ने शांति और संतोष के साथ नए सिरे से जीवन की ओर कदम बढ़ाया है।

**स्थानीय प्रशासन की भूमिका सराहनीय**

पंचायत प्रतिनिधियों, उपखंड अधिकारी डूंगला, और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने पूरी प्रï या को संवेदनशीलता और पारदर्शिता से संचालित किया। उनकी समझदारीपूर्ण मध्यस्थता ने यह साबित किया कि विवादों को केवल कानून से नहीं, बल्कि संवाद, सहभागिता और सद्भाव से भी सुलझाया जा सकता है।

जय कांठल 05 जुलाई 2025
पेज नंबर 08

# खेरमालिया व खरदेवला शिविर में मकान के पट्टे पा कर लाभार्थियों के खिले चेहरे

@ सिटी रिर्पोटर

बड़ीसादड़ी। पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत उपखंड के खेरमालिया व खरदेवला ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर जिला कलेक्टर आलोक रंजन के निर्देशन पर गुरुवार को उपखंड अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शिविर में मकान के पट्टे मिलने पर रुक्मणी, शान्ति लाल व नंदकिशोर नगारची के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।

चिकित्सा विभाग के कार्मिकों ने बीपी शुगर आदि जांच कर मरीजों का उपचार किया गया।

चिकित्सा टीम ने मधुमेह के रोगियों को अपनी जीवन शैली में सुधार के साथ-साथ नियमित जांच करवाते रहने की सलाह दी। राजस्व विभाग ने नामांतरण, बंटवारे व शुद्धिकरण सहित कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया। शिविर में लोगों की समस्याओं को अधिकारियों ने बड़े ही इत्मीनान के साथ सुन कर तत्काल निस्तारण किया।

शिविर संयोजक भगवत सिंह शक्तात ने बताया कि शिविर में ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग व चिकित्सा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मुस्तैदी से सेवा दी। शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की। पाठ्य पुस्तकें पा कर विद्यार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठें। शिविर में तहसीलदार पंकज कलासुआ, नायब तहसीलदार मदन लाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी खेमराज मीणा व खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भावेश चंपावत सहित कई अधिकारियों ने संबल प्रदान किया। वहीं प्रधान नन्द लाल मेनारिया व खेरमालिया पीईईओ गौरव बाला कछावा, खरदेवला पीईईओ विकास मीणा खेरमालिया प्रशासक भेरुलाल टांक, खरदेवला प्रशासक दुर्गा धाकड़ भी मौजूद थे।

सांध्य दैनिक कवर स्टोरी

04 जुलाई 2025
पेज नंबर 04

**पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025**

# 9 जुलाई तक विभिन्न उपखंडो की ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे बहुउद्देशीय सेवा शिविर

**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत 24 जून से 09 जुलाई 2025 तक जिले के विभिन्न उपखण्डों में बहुउद्देशीय सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को राज्य सरकार की योजनाओं व सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समन्वित लाभ उपलब्ध कराना है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने बताया कि 05 जुलाई को रावतभाटा की बाडोलिया एवं झालरबावड़ी में, डूंगला की अरनेड़ एवं बिलोदा ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 07 जुलाई को चित्तौड़गढ़ की घोसुण्डा, सतपुड़ा एवं धनेतकलां में, गंगरार की कुंवालिया, मण्डपिया एवं गोवलिया में, कपासन की रूपाखेड़ी एवं हथियाना में, भूपालसागर कर पारी में, राशमी की सांखली एवं उपरेड़ा में, बेगूं की सामरिया, सुवाणिया एवं ठुकराई में, रावतभाटा की श्रीपुरा एवं धांगड़मऊकला में, निम्बाहेड़ा की बडोलीमाधोसिंह, बडोलीघाटा एवं उंखलिया में, भदेसर की नाहरगढ़ एवं भालुंडी में, बड़ीसादड़ी की निकुंभ एवं भाणुजा में तथा डूंगला की भाटोली गुजरान एवं नाड़ाखेड़ा ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

08 जुलाई को चित्तौड़गढ़ की सावा, सामरी एवं शंभुपुरा में, गंगरारः गंगरार (मुख्यालय) पर, निम्बाहेड़ा की बामनिया में, भूपालसागर की अनोपपुरा एवं जाशमा में, राशमी की जाड़ाना एवं मरमी में, बेगूं की मेघनिवास, रामपुरिया एवं जयनगर में, रावतभाटा की तम्बोलिया एवं बोराव में, निम्बाहेड़ा की केली एवं मरजीवी में, भदेसर की आसावरा एवं नन्नाणा में, बड़ीसादड़ी की पिण्ड एवं भाटोली में तथा डूंगला की बड़वाई एवं रावतपुरा ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार 09 जुलाई को गंगरार में फॉलोअप कैंप, कपासन पंचायत समिति मुख्यालय पर, राशमी पंचायत समिति पर, निम्बाहेड़ा पंचायत समिति में फॉलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा रावतभाटा उपखण्ड की गोपालपुरा में, भदेसर उपखण्ड की खोडीप एवं धीरजी का खेड़ा में, बड़ीसादड़ी पंचायत समिति की कचुमरा एवं पुनावली में तथा डूंगला उपखण्ड की नौगांवा एवं आलोद ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय सेवा शिविर आयोजित होंगे।

इन शिविरों में नागरिकों को राजस्व, सामाजिक न्याय, श्रम, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पेयजल, खाद्य, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों की योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है।

# अवैध अतिक्रमण से मिली राहत - ग्राम रोलिया का रास्ता फिर से हुआ सुगम

**बढ़ता राजस्थान**

चित्तौड़गढ़ (नि.स.) । ग्राम पंचायत रोलिया के निवासियों के लिए बीते कुछ वर्षों से एक सामान्य-सी दिखने वाली लेकिन अत्यंत गंभीर समस्या ने उनके जीवन को प्रभावित कर रखा था। गाँव के मुख्य रास्तों में से एक सार्वजनिक मार्ग, जो कि खेतों, मंदिर और अन्य घरों तक पहुँचने के लिए उपयोग में लिया जाता था, वह रास्ता कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया था। यह अतिक्रमण धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि लोगों का आवागमन बाधित हो गया और अनेक ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था।





ग्रामवासियों की एकजुट पहल

इस समस्या से त्रस्त होकर गाँव के जागरूक नागरिकों ने आपसी समन्वय से एक संयुक्त आवेदन पत्र तैयार कर तहसील कार्यालय कपासन में प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षों से अवरुद्ध हो रहे सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की माँग की गई। इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार कपासन ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रशासन ने की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई

राजस्व विभाग के अधिकारीगण, जिनमें गिरदावर और पटवारी अमित चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे, ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री, अस्थायी निर्माण और निजी उपयोग की वस्तुएं रखी हुई थीं, जिससे गाँव की बड़ी आबादी को असुविधा हो रही थी।

भोलेनाथ टाइम्स

05 जुलाई 2025
पेज नंबर 02

समीक्षा

**पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताएं हर नागरिक का अधिकार हैं**

# पेयजल योजनाओं की मंत्री कन्हैयालाल ने की समीक्षा

**चित्तौड़गढ़(बीएनटी संवाददाता)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू.जल मंत्री कन्हैयालाल ने शुक्रवार को जिला परिषद परिसर स्थित ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ के जन स्वास्थ्य एवं पेयजल से जुड़ी योजनाओं की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री कन्हैयालाल ने जल जीवन मिशन, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल मरम्मत, ग्रामीण एवं शहरी जलप्रदाय योजनाएं तथा बजट घोषणाओं के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को निरंतर एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। मंत्री कन्हैयालाल ने कहा कि पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताएं हर नागरिक का अधिकार हैं, और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने चित्तौड़गढ़,



निबाहेड़ा, छोटीसादड़ी सहित अन्य उपखंडों में जल जीवन मिशन और अन्य योजनाओं के भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाकारा हैंडपंपों और ट्यूबवेलों की सूची तैयार कर उन्हें शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही शहरी जलप्रदाय योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा की गई और धीमी गति से चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रतापगढ़ जिले की जाखम परियोजना तथा चंबल परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की गई। मंत्री ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या तथा जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर ने अपने.अपने क्षेत्रों से जुड़ी पेयजल संबंधी समस्याओं की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। मंत्री ने प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। मंत्री कन्हैयालाल ने अंत में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पेयजल संकट से संबंधित किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान प्राथमिकता पर किया जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में पूर्व विधायक एवं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंताए तकनीकी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमण से मिली राहत, ग्राम रोलिया का रास्ता फिर से हुआ सुगम

**चित्तौड़गढ़(बीएनटी संवाददाता)।** ग्राम पंचायत रोलिया के निवासियों के लिए बीते कुछ वर्षों से एक सामान्य.सी दिखने वाली लेकिन अत्यंत गंभीर समस्या ने उनके जीवन को प्रभावित कर रखा था। गाँव के मुख्य रास्तों में से एक सार्वजनिक मार्ग, जो कि खेतों, मंदिर और अन्य घरों तक पहुँचने के लिए उपयोग में लिया जाता था, वह रास्ता कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया था। यह अतिक्रमण धीरे.धीरे इतना बढ़ गया कि लोगों का आवागमन बाधित हो गया और अनेक ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था। इस समस्या से त्रस्त होकर गाँव के जागरूक नागरिकों ने आपसी समन्वय से एक संयुक्त आवेदन पत्र तैयार कर तहसील कार्यालय कपासन में प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षों से अवरुद्ध हो रहे सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की माँग की गई। इस आवेदन को गंभीरता से लेते





हुए तहसीलदार कपासन ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। राजस्व विभाग के अधिकारीगण, जिनमें गिरदावर और पटवारी अमित चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे, ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री, अस्थायी निर्माण और निजी उपयोग की वस्तुएं रखी हुई थीं, जिससे गाँव की बड़ी आबादी को असुविधा हो रही थी। प्रशासन ने बिना किसी देरी के संबंधित लोगों को निर्देश देकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया और रास्ते को पूर्ववत जन उपयोग के लिए खुलवाया। इस कार्यवाही के दौरान ग्रामवासियों की उपस्थिति और सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा। ग्राम रोलिया के वरिष्ठ नागरिक चम्पालाल जी ने खुशी प्रकट करते हुए कहा इस रास्ते का खुलना हमारे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। अब बच्चों को स्कूल जाने, महिलाओं को मंदिर जाने और किसानों को खेत जाने में कोई बाधा नहीं आएगी। राजस्व विभाग और तहसील प्रशासन ने हमारी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर दिया।इसी प्रकार गाँव के युवा राजू जटिया ने भी कहा जब प्रशासन सक्रिय हो और आम जनता एकजुट होकर मांग उठाए, तो कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती। आज हमें इसका साक्षात अनुभव हुआ। ग्रामवासियों ने तहसीलदार कपासन, गिरदावर, पटवारी अमित चौधरी और पूरी प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने आमजन की परेशानी को प्राथमिकता देते हुए समस्या का स्थायी समाधान किया।

भोलेनाथ टाइम्स
05 जुलाई 2025
पेज नंबर 02

# मकान का मिला हक, अब सपनों को मिलेगी उड़ान, गेहरीलाल जटिया की कहानी



**चित्तौड़गढ़, राजस्थान(बीएनटी संवाददाता)।** ग्राम पंचायत रोलिया के निवासी गेहरीलाल पुत्र मांगीलाल जटिया एक लंबे समय से अपने पुश्तैनी मकान में निवास कर रहे थे। हालांकि वह घर वर्षों से उनका आशियाना था, लेकिन उसके नाम किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज या स्वामित्व प्रमाण उपलब्ध नहीं था। इस कारण उन्हें हमेशा यह चिंता सताती थी कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने या किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त करने में दस्तावेजों के अभाव में परेशानी हो सकती है। लेकिन अब यह चिंता पीछे छूट गई है। शुक्रवार (03 जुलाई) को कपासन पंचायत समिति की रोलिया ग्राम पंचायत कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित बहुविभागीय शिविर में उन्हें स्वामित्व कार्ड एवं मकान का पट्टा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी की उपस्थिति में यह दस्तावेज उन्हें सौंपा गया। स्वामित्व कार्ड केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि गेहरीलाल के लिए उनके अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। अब वे इस दस्तावेज के आधार पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे वे अपने घर की मरम्मत, बच्चों की शिक्षा या आजीविका संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। गेहरीलाल ने कहा कि, आज मेरे जीवन का एक बड़ा सपना पूरा हुआ है। वर्षों से जिस घर में रह रहा था, आज उस पर मेरा वैधानिक अधिकार मिला है। अब मैं आत्मविश्वास से कह सकता हूं यह मेरा घर है। मैं इस योजना और सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने एक आम आदमी को भी सम्मान और सुरक्षा का अनुभव करवाया।

# मकान का मिला हक, अब सपनों को मिलेगी उड़ान गेहरीलाल जटिया की कहानी

(यूथ की आवाज़)

चित्तौड़गढ़ 4 जुलाई। ग्राम पंचायत रोलिया के निवासी गेहरीलाल पुत्र मांगीलाल जटिया एक लंबे समय से अपने पुश्तैनी मकान में निवास कर रहे थे। हालांकि वह घर वर्षों से उनका आशियाना था, लेकिन उसके नाम किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज या स्वामित्व प्रमाण उपलब्ध नहीं था। इस कारण उन्हें हमेशा यह चिंता सताती थी कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने या किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त करने में दस्तावेजों के अभाव में परेशानी हो सकती है। लेकिन अब यह चिंता पीछे छूट गई है। शुक्रवार 03 जुलाई को कपासन पंचायत समिति की रोलिया ग्राम पंचायत कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित बहुविभागीय शिविर में उन्हें ₹स्वामित्व कार्डे₹ एवं मकान का पट्टा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी की उपस्थिति में यह दस्तावेज उन्हें सौंपा गया।



एक दस्तावेजझअसीम संभावनाओं का द्वार स्वामित्व कार्ड केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि गेहरीलाल जी के लिए उनके अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। अब वे इस दस्तावेज के आधार पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे वे अपने घर की मरम्मत, बच्चों की शिक्षा या आजीविका संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। गेहरीलाल ने कहा कि ₹आज मेरे जीवन का एक बड़ा सपना पूरा हुआ है। वर्षों से जिस घर में रह रहा था, आज उस पर मेरा वैधानिक अधिकार मिला है। अब मैं आत्मविश्वास से कह सकता हूं यह मेरा घर है। मैं इस योजना और सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने एक आम आदमी को भी सम्मान और सुरक्षा का अनुभव करवाया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - करौली

—:: समाचार कतरन – 05 जुलाई, 2025 ::—

पत्रिका

20 राजस्थान पत्रिका
करौली, शनिवार, 05 जुलाई, 2025

[ कैलादेवी, गुढ़ाचंद्रजी ]

निक्षय मित्र बनकर 4 क्षय रोगियों को वितरित की पोषण किट

# संभागीय आयुक्त ने शिविर की सेवाओं का धरातल पर लिया जायजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**करौली.** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनेसरा के भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 4 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को दवाओं के साथ पोषण किट में उपलब्ध सामग्री के सेवन से राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने दो दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड और कई लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से अधिकाधिक पौधरोपण की अपील की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



करौली. गुनेसरा में शिविर का निरीक्षण करतीं संभागीय आयुक्त।

## ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, अधिकारियों ने मौके पर किया निस्तारण

**महूइब्राहिमपुर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत महू खास में शिविर लगा। इसमें सभी विभागों के अधिकारियों मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुन मौके पर निस्तारण किया। शिविर में लाभार्थियों को निक्षय किट का वितरण किया गया। साथ ही पौधे भी रोपे गए। सहायक विकास अधिकारी एवं शिविर समन्वय अधिकारी प्रमोद पाठक ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 186 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की। इस दौरान चिकित्सा विभाग की ओर टीबी मरीज को निक्षय पोषण कीट वितरित की गई। कृषि विभाग ने किसानों को मृदा कार्ड का वितरण किया गया। राजस्व विभाग ने रास्ता सीमाज्ञान के 2 एवं आपसी सहमति से बंटवारे के 2 प्रकरण निस्तारित किए। पंचायतीराज विभाग ने 2 जॉब कार्ड 1 पट्टा एवं हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 100 पौधे रोपे। डीटीओ धारा सिंह मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, ग्राम विकास अधिकारी कप्तान बेनीवाल मौजूद रहे। इसी प्रकार महूइब्राहिमपुर में लगे शिविर में तहसीलदार सीमा बघेल व विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल, गिरदावर रमाकांत शर्मा, सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं डा.नरेश कुमार राजेंद्र सिंह गुर्जर, पटवारी जितेंद्र शर्मा में 14 विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कैंप में 8 नामांतरण खोले गए। दो मृदा कार्ड व निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया।



05/07/2025 | Karoli | Page : 20
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 05 Jul 2025 - Page 12

# संभागीय आयुक्त ने गुनेसरा में शिविर का किया निरीक्षण

## टीबी मरीजों को वितरित किए निक्षय पोषण किट्स

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी शुक्रवार को करौली दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनेसरा के भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने राजस्वए शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकासए ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के



अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 4 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को दवाओं के साथ पोषण किट में उपलब्ध सामग्री के सेवन से राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने दो दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड और कई लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारीए कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड माँ के नाम वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्रिका

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# योजनाओं से ग्रामीणों को किया लाभान्वित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



पटोंदा. शिविर में प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी।



सपोटरा. नारौली डांग में शिविर में पोषण किट वितरित करते अधिकारी।

**पटोंदा.** कस्बा स्थित अटल सेवा केंद्र पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि हरि सिंह मीना की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों की समस्याओं का समाधान किया। ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया। श्रीमहावीरजी विकास अधिकारी ज्ञानसिंह चौधरी ने बताया कि सभी अधिकारियों ने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया ली। साथ ही शिविर में कार्मिकों को ग्रामीणों के आवश्यक कार्य करने के आदेश दिए। इस दौरान शिविर प्रभारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के पहुंचना हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों को कई योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीणों के आयुष्मान भारत कार्ड, पेंशन योजना, श्रमिक पंजीयन, चिकित्सा परामर्श, आधार कार्ड सीडिंग, पेंशन का भौतिक सत्यापन सहित विभिन्न कार्य किए गए। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी ज्ञान सिंह चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी अशोकसिंह चौधरी, पटवारी, बहादुर सिंह, तहसीलदार हरसहाय , नायब तहसीलदार नरेश चंद्र, समाज कल्याण विभाग से योगेश बांसरे , परशुराम नाहरवाल आदि मौजूद रहे।

## टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान की

**सपोटरा.** समीप के कस्बा नारौलीडांग में लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पंचायत समिति सहायक विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि सीमा ज्ञान, नामान्तरण, रास्तों पर अतिक्रमण, झूलते तार, पाइप लाइन लीकेज आदि से संबंधित मामलों का निस्तारण किया। इस दौरान मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया। टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई। वहीं वन विभाग की ओर से 1800 पौधों का वितरण किया। 750 पौधे लगाए गए।

05/07/2025 | Karoli | Page : 19
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# विभिन्न पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

**करौली.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। नोडल अधिकारी एवं एडीएम हेमराज परिडवाल ने बताया कि शनिवार को ब्लॉक करौली में सेंगरपुरा व तुलसीपुरा, उपखंड टोडाभीम में अजीजपुर, बालघाट, भण्डारी उपखंड हिण्डौन में चंदीला, लहचौड़ा, हुक्मीखेडा उपखंड मण्डरायल में श्यामपुर, उपखंड सपोटरा में दौलतपुरा, निभेरा, नरौली के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन होगा।

05/07/2025 | Karoli | Page : 17
Source :
https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 05 Jul 2025 - Page 12

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत वाटदा में किया निरीक्षण

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिड्वाल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत वाटदा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने 16 विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का संबंधित स्टॉल पर जा कर जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारीए कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे रा'य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड माँ के नाम महाभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**काश्तकारों को राहत प्रदान:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाटदा के भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने काश्तकारों के 16 वर्ष से चले आ रहे मामले को आपसी सहमति में सुलह करवाकर बटवारा करवाया जिससे काश्तकारों को राहत प्रदान की गई। इस शिविर के आयोजन के लिए ग्रामवासीयों ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा शिविर आयोजन करने पर धन्यवाद दिया।

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 05 Jul 2025 - Page 12

# शिविरों का लोगों को पूरा लाभ मिले और कोई पात्र व्यक्ति निराश नहीं लौटे : दर्शन सिंह गुर्जर

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** सरकार की मंशा के मुताबिक शिविरों का लोगों को पूरा लाभ मिले और कोई पात्रजन निराश न हो अधिकारी कर्मचारी असका विशेष ध्यान रखें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत श्रीमहावीरजी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत खेडा में शुक्रवार को आयोजित शिविर का औचक



निरीक्षण करने के दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री  सर्वकल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम करा रहे हें और इस अभियान की लोग सराहना कर रहें हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरीत किये और व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को सक्रिय रहकर प्रत्येक स्टॉल पर आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया।

विधायक दर्शन सिंह ने कहा कि सरकार सभी के जीवन स्तर को ऊंचा करने की मंशा से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आम ग्रामीणजन शिविरों के दौरान जागरुक होकर लाभ उठावें और जहां कहीं किसी को कोई परेशानी हो वह मेरे का वतावें किसी को भी योजना से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं करौली के विकास और लोंगों की समस्याओ के समाधान के लिए पूरा ध्यान रखे हुए हूं और विधान सभा क्षेत्र विकास में आगे रहे इसके लिए सतत प्रयास कर रहा हूं । उन्होंने कहा कि मेरे लायक कोई भी काम हो आप मेरे यहां निसंकोच चले आवें मेरे दरवाज आपके लिए हमेशा खुले हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी एक किसान हूं और ग्रामीण परिवेश मैं पला वढा हूं मुझे गांव की छोटी से छोटी समस्या का ज्ञान है वस वताना आपको है कि किसा काम को किस प्राथमिकता से करना है।